इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 44 | अंक - 204 | राजनांदगांव, गुरूवार 12 जून 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए




# सबूतों से हुआ सामना तो टूट गई सोनम! पुलिस के सामने कबूला पति की हत्या का जुर्म

नई दिल्ली। राजा रघुवंशी हत्याकांड मामले ने पूरे देश का हिलाकर रख दिया है। राजा की हत्या के मामले में गिरफ्तार हुई सोनम को मेघालय पुलिस शिलांग लेकर गई है। इसके अलावा इन मामले में शामिल अन्य चार आरोपियों को भी अपने साथ लेकर गई है। पुलिस इस मामले में लगातार आरोपियों से पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि, सोनम ने पुलिस के सामने अपराध कबूल कर लिया है।





राजा रघुवंशी हत्याकांड मामला

## सबूत देखते ही टूट गई सोनम

सूत्रों के मुताबिक, मेघालय पुलिस की एसआईटी ने ने सीसीटीवी फुटेज, खून से सनी जैकेट, सोनम का रेनकोट और तमाम तरह के सबूतों को सामने रखा। साथ ही प्रेमी राज से उसका आमना सामना करवाया तो वह टूट गई। इसके बाद उसने कबूल किया किया कि उसी ने राज कुशवाहा और तीन अन्य आरोपियों के साथ मिलकर राजा की हत्या की साजिश रची और उसे मौत के घाट उतारा।

## पुलिस बोली-जांच में खुलेंगे कई और राज

इस मामले की जानकारी देते हुए ईस्ट खासी हिल्स के एडिशनल एसपी आशीष ने बताया, आज संदिग्धों को कोर्ट में भेजने के लिए कागजी कार्रवाई की जा रही है। इसलिए हमें उनसे पूछताछ करने का समय नहीं मिला। इस बात की प्रबल संभावना है कि वह (सोनम रघुवंशी) इसमें शामिल है। लेकिन अभी इसकी पुष्टि करना मुश्किल है क्योंकि जांच लंबित है। हम शुरुआती चरण में हैं। जैसे ही हमें नई जानकारी मिलेगी, हम उसे साझा करेंगे... अभी जो भी जानकारी (सार्वजनिक डोमेन में है) वह ठोस नहीं (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## आठ दिन की पुलिस कस्टडी में भेजे गए राजा के हत्यारोपी,कोर्ट में हुई सोनम और अन्य की पेशी

मेघालय के चर्चित हनीमून हत्याकांड में मृतक कारोबारी राजा रघुवंशी की पत्नी सोनम रघुवंशी और उसके चार साथियों को बुधवार को शिलॉन्ग की एक अदालत में पेश किया गया। जहां सुनवाई के बाद कोर्ट सभी आठ दिन के पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, इन सभी पर राजा की हत्या की साजिश रचने और उसे अंजाम देने का आरोप है। मामले में पूर्वी खासी हिल्स जिले के एसपी विवेक सायम ने बताया, पुलिस ने सभी आरोपियों की 10 दिन की रिमांड मांगी थी। अदालत ने आठ दिन की पुलिस हिरासत मंजूर की। बता दें कि, 24 वर्षीय सोनम को उत्तर प्रदेश के (शेष पृष्ठ 6 पर...)



## राजा के घर पहुंचा सोनम का भाईः मां के गले लग खूब रोया, बोला- हत्यारों को मौत की सजा मिले

इंदौर के कारोबारी राजा रघुवंशी मर्डर केस में बड़ा अपडेट है। इंदौर में सोनम का भाई गोविंद अचानक राजा के परिवार से मिलने उनके घर पहुंचा। गोविंद ने राजा की मां और भाई से मुलाकात की। राजा की मां उमा के गले लगकर खूब रोया। गोविंद ने कहा - राजा के हत्यारों को सजा मिलनी चाहिए। गोविंद ने कहा-सोनम ने जो गलती की है, उसके लिए उसे सजा-ए-मौत होनी चाहिए। दूसरी तरफ हत्याकांड की आरोपी सोनम समेत 5 आरोपियों को शिलॉन्ग कोर्ट में पेश करने की तैयारी चल रही है। ईस्ट खासी हिल्स के एडिशनल एसपी आशीष ने कहा-आज संदिग्धों को कोर्ट में भेजने के लिए कागजी कार्रवाई की जा रही है।



# केंद्रीय कैबिनेट से झारखंड, कर्नाटक और आंध्र को सौगात, दो मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी

नई दिल्ली। कैबिनेट ने झारखंड, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के सात जिलों को शामिल करते हुए भारतीय रेल की दो मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी, जिससे विद्यमान नेटवर्क में करीब 318 किलोमीटर की बढ़ोतरी होगी।

सरकार के मुताबिक, इन पहलों से यात्रा सुविधा में सुधार होगा, लॉजिस्टिक लागत घटेगी, तेल आयात में कमी और कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन में गिरावट आएगी, जिससे टिकाऊ और कुशल रेल प्रचालन को बढ़ावा मिलेगा। बता दें कि, इन परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत 6,405 करोड़ रुपये है।



## क्या हैं दो मल्टीट्रैकिंग परियोजनाएं?

कोडरमा-बरकाकाना दोहरीकरण (133 किलोमीटर)- यह परियोजना खंड झारखंड के एक प्रमुख कोयला उत्पादक क्षेत्र से होकर गुजरता है। इसके अतिरिक्त, यह पटना और रांची के बीच सबसे छोटा और अधिक कुशल रेल संपर्क है। बेल्लारी-चिकजाजुर दोहरीकरण (185 किलोमीटर) - परियोजना लाइन कर्नाटक के बेल्लारी और चित्रदुर्ग जिलों और आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले से होकर गुजरती है।

## गांवों की कनेक्टिविटी होगी बेहतर

सरकार के अनुसार, इन परियोजनाओं से लगभग 1,408 गांवों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी, जिनकी कुल जनसंख्या लगभग 28.19 लाख है। ये रास्ते कोयला, लौह अयस्क, तैयार स्टील, सीमेंट, उर्वरक, कृषि उत्पाद और पेट्रोलियम उत्पाद जैसे महत्वपूर्ण सामानों की ढुलाई के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। इन परियोजनाओं से अतिरिक्त 49 मिलियन टन प्रति वर्ष माल ढुलाई (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# सेबी ने निवेशकों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए पंजीकृत बिचौलियों के लिए नई यूपीआई प्रणाली अनिवार्य की

नई दिल्ली। प्रतिभूति बाजार में वित्तीय लेनदेन की सुरक्षा और पहुंच में सुधार के लिए निवेशकों से धन एकत्र करने वाले सभी पंजीकृत बिचौलियों के लिए नई यूपीआई भुगतान प्रणाली को अनिवार्य कर दिया गया है। बाजार नियामक सेबी ने बुधवार को यह जानकारी दी। सेबी प्रमुख तुहिन कांत पांडे मुंबई में संवाददाताओं को बताया कि एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) भुगतान प्रणाली 1 अक्तूबर, 2025 से लागू हो जाएगी। हाल के वर्षों में, अपंजीकृत संस्थाओं की ओर से धोखाधड़ी के जरिए निवेशकों को गुमराह करने की घटनाएं बढ़ी हैं। फर्जी पहचान के मुद्दे को सुलझाने और निवेशकों का विश्वास बढ़ाने के लिए, नियामक ने निवेशकों से धन एकत्र करने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# दिग्विजय के भाई और पूर्व एमएलए लक्ष्मण सिंह कांग्रेस से निष्कासित, राहुल पर दिया था बयान

भोपाल। मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह के भाई लक्ष्मण सिंह पर पार्टी ने बड़ा एक्शन लिया है। पार्टी ने लक्ष्मण सिंह को 6 साल के लिए पार्टी से बाहर कर दिया है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले के बाद लक्ष्मण सिंह ने राहुल गांधी, उमर अब्दुल्ला और रॉबर्ट वाड्रा को लेकर बयान दिए थे, उनके यह ही बयान अब उन पर भारी पड़ गए हैं।



जारी पत्र में कहा गया है कि लक्ष्मण सिंह के राहुल गांधी, उमर अब्दुल्ला और रोबर्ट वाड्रा को लेकर दिए गए बयानों को पार्टी ने अनुशासनहीनता मानता है। इसी के चलते अब उन्हें पूरे 6 साल के लिए पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया गया है। दरअसल, कांग्रेस पार्टी से लक्ष्मण को 6 साल के लिए निष्कासित करने के लिए कांग्रेस की डिसिप्लिनरी कमिटी के अध्यक्ष सांसद तारिक अनवर ने आला कमान को सिफारिश भेजी थी। लगातार यह बात सामने आ रही थी कि उन्हें पार्टी से बाहर निकाला जा सकता है, हालांकि अब यह एक्शन लिया जा चुका है। पूर्व विधायक लक्ष्मण सिंह को पार्टी से निकाले जाने पर कांग्रेस नेता तारिक अनवर कहते हैं, वह लगातार पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# आतंकवाद एक दिन आपको भी नुकसान पहुंचाएगा..., पाकिस्तान को लेकर जयशंकर की पश्चिमी देशों को फिर दो टूक

ब्रसेल्स। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में जो टकराव हुआ, वह केवल दो पड़ोसी देशों के बीच संघर्ष नहीं था, बल्कि यह आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई थी और यही आतंकवाद एक दिन पश्चिमी देशों को भी नुकसान पहुंचाएगा। यह बात उन्होंने एक यूरोपीय समाचार वेबसाइट को बुधवार को दिए इंटरव्यू में कही। उन्होंने भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की भी पैरवी की और कहा कि भारत कुशल श्रमिक और चीन की तुलना में अधिक भरोसेमंद आर्थिक साझेदारी प्रदान करता है।



जयशंकर ने कहा, मैं आपको कुछ याद दिलाना चाहता हूं, एक व्यक्ति था ओसामा बिन लादेन। सोचिए, वह आखिर क्यों पाकिस्तान के एक सैन्य कस्बे में उसकी सैन्य अकादमी के ठीक बगल में वर्षों तक खुद को महसूस करता रहा? पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत की ओर से शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर के एक महीने के बाद जयशंकर यूरोप के दौरे पर हैं। उनसे भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में चार दिन तक चले संघर्ष के बारे में पूछा गया था।

## पश्चिमी मीडिया की भी आलोचना की

उन्होंने कहा, मैं चाहता हूं कि दुनिया यह समझे कि यह केवल भारत-पाकिस्तान का मुद्दा नहीं है। यह आतंकवाद से जुड़ा मुद्दा है और वहीं आतंकवाद एक दिन आप लोगों (पश्चिमी देशों) के लिए भी समस्या बन जाएगा। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मीडिया की आलोचना करते हुए कहा कि मीडिया ने ऑपरेशन सिंदूर को केवल दो परमाणु संपन्न पड़ोसियों की प्रतिक्रिया के रूप में दिखाया, जबकि यह (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# 26 करोड़ की टैक्स चोरी में लोहा व्यापारी अमन अग्रवाल गिरफ्तार

रायपुर। टैक्स चोरी के मामले में रायपुर जीएसटी की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है. टीम ने अगस्त्य एंटरप्राइजेज और अग्रवाल एंटरप्राइजेज के संचालक अमन अग्रवाल को गिरफ्तार किया है. व्यापारी ने अलग-अलग फर्म के नाम पर करीब 26 करोड़ की टैक्स चोरी की थी. लोहा कारोबारी अमन अग्रवाल ने प्रदेश के अलगक्कअलग बोगस फर्म से 2023 से 2025 तक 144 करोड़ की खरीदी की। इसका इनपुट टेक्स क्रेडिट का लाभ लेकर अन्य जिलों के व्यापारियों को पास ऑन कर के करीब 26 करोड़ का लाभ लिया। हुसैनी इंटरप्राइजेस, धन लक्ष्मी इंटरप्राइजेस, महावीर इंटरप्राइजेस, यूनिक इंटरप्राइजेस, अंसारी ट्रेडर्स, विनायक वेंचर्स, ललित ट्रेडलिंक और अगस्त्या इंटरप्राइजेस के नाम करीब 144 करोड़ की बोगस खरीदी की गई है। इससे शासन को करीब 26 करोड़ की टैक्स हानि पहुंची है। अमन अग्रवाल ने ऐसे-ऐसे व्यक्तियों के नाम से बोगस फर्म तैयार किया जिनकी मृत्यु 2010 में हो गई थी। लेकिन 2013 और 15 में उससे खरीदी दिखाई गई। फिलहाल लोहा कारोबारी अमन अग्रवाल को स्टेट जीएसटी की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है. यह स्टेट जीएसटी द्वारा की गई पहली गिरफ्तारी है. आरोपी को कल न्यायालय में पेश किया जाएगा.




स्टेट जीएसटी की पहली बड़ी कार्रवाई

## घर, ऑफिस और गाड़ियों में एसी के लिए नया नियमः

# अब 20 डिग्री से नीचे नहीं चलेगा एसी, सरकार ने तय की सीमा

नई दिल्ली। देश में एसी के अत्यधिक इस्तेमाल और तेजी से बढ़ती बिजली खपत को देखते हुए केंद्र सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है। अब घरों, दफ्तरों, दुकानों, मॉल्स, होटलों और गाड़ियों में लगे एसी को 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे और 28 डिग्री सेल्सियस से ऊपर सेट नहीं किया जा सकेगा। केंद्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने मंगलवार को इस नए नियम की घोषणा की है।



मंत्री ने बताया कि यह पहल बिजली की बचत और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए की जा रही है। उनका कहना है कि जैसे-जैसे देश में गर्मी बढ़ रही है, एसी का अत्यधिक और अनियंत्रित उपयोग बिजली के बिल में इजाफा कर रहा है और पावर सिस्टम पर दबाव डाल रहा है। अब यह नियम सभी सेक्टरों में लागू होगा और एक समान तापमान सीमा के जरिए उपभोग को नियंत्रित किया जाएगा। जैसे-जैसे देशभर में तापमान बढ़ रहा है, एयर कंडीशनर का इस्तेमाल भी तेज़ी से बढ़ता जा रहा है। इसके साथ ही बिजली की खपत में भी तेजी से बढ़ रही है। सरकार का कहना है कि कई लोग एसी को 16 डिग्री सेल्सियस तक सेट कर देते हैं, जिससे अत्यधिक ऊर्जा खर्च होती है और बिजली का बिल भी सामान्य से कहीं ज्यादा आता है। इसी स्थिति पर काबू पाने के लिए अब सरकार ने एसी के तापमान को लेकर नई सख्त सीमा तय की है। इसके तहत अब कोई भी एसी 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे या 28 डिग्री सेल्सियस से ऊपर सेट नहीं किया जा सकेगा। सरकार का मानना है कि यह कदम बिजली की बचत करने, बिलों को नियंत्रित (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# युक्तियुक्तकरण में गड़बड़ी को लेकर दायर याचिकाओं पर हाईकोर्ट में 70 मामलों में एक साथ सुनवाई

बिलासपुर। युक्तियुक्तकरण में गड़बड़ी के आरोप को लेकर दायर की याचिकाओं पर आज हाईकोर्ट में 70 मामलों में एक साथ सुनवाई हुई। कोर्ट ने कलेक्टर की अध्यक्षता में बनी जिला स्तरीय समिति के समक्ष याचिकाकर्ता शिक्षकों को अभ्यावेदन पेश करने व अभ्यावेदन का निराकरण करने का निर्देश प्रदेश भर के कलेक्टर्स को दिया है। कोर्ट ने बिलासपुर संभाग में कलेक्टर की अध्यक्षता में बनी जिला स्तरीय समिति के समक्ष 13 जून तक अभ्यावेदन देने कहा है। शिक्षकों के अभ्यावेदन के निराकरण के लिए जिला स्तरीय समिति को 16 जून तक का समय दिया है। शिक्षकों ने नियम विरुद्ध युक्तियुक्तकरण व अतिशेष सहित कई अन्य बिंदुओं पर कोर्ट में चुनौती दी है। मामले की सुनवाई जस्टिस रविंद्र अग्रवाल के सिंगल बेंच में हुई।




## 'यू एन एफ पी ए' का 2025 स्टेट आफ बर्ल्ड पापुलेशन रिपोर्ट

# भारत की जनसंख्या 1.46 अरब हुई, प्रजनन दर रिप्लेसमेन्ट रेट से नीचे

नई दिल्ली। यु एन के एक नए डेमोग्राफिक रिपोर्ट के अनुसार चालू वर्ष में भारत की जनसंख्या 1.46 अरब तक पहुंच गई है। रिपोर्ट में ऐसा भी कहा गया है कि भारत की कुल प्रजनन दर रिप्लेसमेंट रेट से नीचे आ गया है। युनाइटेड नेशन्स पापुलेशन फण्ड (यु एन एफ पी ए) का 2025 स्टेट आफ वर्ल्ड पापुलेशन (एस ओ डबलु पी) रिपोर्ट, द रियल फर्टिलिटी फाइसिस में घट रही प्रजनन दर बाबत के घबराहट से अपूर्ण प्रजनन लक्ष्यों को साघने की ओर आगे बढ़ने का कह रहे हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि लाखों लोग अपने वास्तविक प्रजनन लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं। यह वास्तविक में कम है। कम जनसंख्या अथवा अधिक जनसंख्या नहीं, किन्तु वास्तविक स्थिति है। रिपोर्ट में जनसंख्या स्पना, प्रजनन क्षमता और आयु में खास परिवर्तन का संकेत देता है। रिपोर्ट से जानकारी मिली है कि भारत की कल प्रजनन दर 1.9 बर्थ्स पर वुमन (प्रति महिला जन्म) तक घटकर 2.1 के रिप्लेसमेंट स्तर के नीचे आ गया है।

## 1960 में प्रति महिला औसतन 6 बच्चे थे

1960 में भारत की जनसंख्या लगभग 43.6 करोड़ थी। तब प्रति महिला औसतन लगभग 6 बच्चे थे। उस समय, महिलाओं का अपना शरीर और जीवन पर वर्तमान से कम नियंत्रण था। उस समय, बहुत ही कम महिलाएं गर्भ निरोधक का उपयोग करती थी। 50 प्रतिशत जितनी महिलाएं प्राइमरी स्कूल तक की ही शिक्षा रखती थी। परन्तु, उसके बाद के दशकों में महिलाओं की शिक्षा की मात्रा बढ़ने से प्रजनन-स्वास्थ्य संभालने में सुधार हुआ। अधिक महिलाएं अपने जीवन स्तर को ऊंचा बनाने मशक्कत करती हैं। वर्तमान में भारत में अब प्रति महिला दो बच्चे हैं। आज की महिलाए अपनी मां या दादी से अधिक अधिकार रखती हैं.

# सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, दो माओवादी ढेर

सुकमा। सुकमा में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो रही है। कुकानार इलाके में पुसगुन्ना के जंगलों में मुठभेड़ चल रही है। सुरक्षाबलों को नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। एसपी किरण चव्हाण ने मामले की पुष्टि करते हुए बतया कि दो नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं जिनमें एक महिला माओवादी भी शामिल है। मौके पर बड़ी संख्या में जवान मौजूद हैं और इलाके में सर्चिंग जारी है। एएसपी के बबलिदान होने के बाद इलाके में नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन तेज कर दिया है। सुकमा में बीते दिनों नक्सलियों के द्वारा आईईडी ब्लास्ट की घटना में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के बलिदान के बाद इलाके में ऑपरेशन तेज हो चुके हैं। जिले के कुकानार थाना क्षेत्र अंतर्गत पुशगाना के जंगलों में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर सुरक्षा बलों के द्वारा चलाए गए ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में दो माओवादी मारे गए हैं जवानों को मौके से हथियार भी मिले हैं इलाके में ऑपरेशन जारी है। मामले की पुष्टि करते हुए सुकमा एसपी (शेष पृष्ठ 6 पर...)



# राज्य के 447 शिक्षक विहीन स्कूलों में शिक्षकों की हुई पदस्थापना

रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर और समावेशी बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के बेहद सार्थक परिणाम सामने आए हैं। राज्य की कुल 453 शिक्षक विहीन शालाओं में से 447 स्कूलों में शिक्षकों की तैनाती कर दी गई है। राज्य में 16 जून से शुरू हो रहे नए शिक्षा सत्र से इन स्कूलों में घंटी बजेगी, क्लास लगेगी और बच्चों के पढ़ाई के स्वर गुंजेंगे। शिक्षक विहीन स्कूलों में शिक्षकों की पदस्थापना से एक नई उम्मीद जगी है। गांवों में शिक्षक के आने की खबर से पालक और बच्चे बेहद खुश हैं। शासन-प्रशासन का आभार जताने के साथ ही पालकगण बच्चों के बेहतर भविष्य की उम्मीद फिर से संजोने लगे हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि शिक्षा हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्य के कई स्कूल शिक्षक विहीन स्थिति में थे विशेष रूप से सुदूर अंचलों के। इसलिए हमनें युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता से लागू किया है और यह सुनिश्चित किया गया है कि जहां-जहां जरूरत हो वहां शिक्षकों की तैनाती हो। राज्य के शत-प्रतिशत शालाओं में शिक्षकों की पदस्थापना इस प्रक्रिया की सफलता का प्रमाण है। यह केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि हमारे बच्चों के भविष्य को संवारने की दिशा में किया गया सफल प्रयास है।

शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के तहत शिक्षक विहीन 357 प्राथमिक शालाओं, 30 माध्यमिक शालाओं में नियमित शिक्षकों की पदस्थापना कर दी गई है। राज्य के शिक्षक विहीन 66 हाई स्कूलों में से सुकमा जिले के 4 हाई स्कूल तथा नारायणपुर जिले के 2 हाईस्कूल में शिक्षकों की पदस्थापना के लिए अभी काउंसलिंग की प्रक्रिया जारी है, जबकि 60 शिक्षक विहीन हाईस्कूलों में शिक्षकों की तैनाती पूरी कर ली गई है।

जिला शिक्षा अधिकारी नारायणपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के 3 शिक्षक विहीन हाईस्कूलों में से सुलेगा धौड़ाई हाईस्कूल में 3 शिक्षकों की नियुक्ति युक्तियुक्तकरण के



○ अब शिक्षकविहीन नहीं रहा राज्य का कोई भी प्राथमिक, माध्यमिक और हायर सेकेण्डरी स्कूल
○ युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया बच्चों के भविष्य को संवारने का सफल प्रयास- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

माध्यम से पूरी कर ली गई है। हाईस्कूल कन्हारगांव एवं सोनपुर हाईस्कूल में शिक्षकों की तैनाती के लिए 12 जून को काउंसलिंग की जाएगी। इसी तरह सुकमा जिले के चिंतलनार, गुम्मा, गंजेनार एवं कांजीपानी हाई स्कूल जिला स्तर पर पूरी हो चुकी युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के बाद भी शिक्षक विहीन हैं। इन हाईस्कूलों में राज्य स्तर पर होने वाली काउंसलिंग के माध्यम से शिक्षकों की पदस्थापना की उम्मीद जिला प्रशासन को है। जिला शिक्षा अधिकारी सुकमा ने बताया कि उक्त चारों हाईस्कूलों के कैम्पस में संचालित पूर्व माध्यमिक शालाओं एवं अतिथि शिक्षकों के माध्यम से यहां अध्ययन-अध्यापन का प्रबंध पूर्व से ही होता रहा है। अब तक की स्थिति में सुकमा जिले के 4 और बीजापुर जिले के मात्र 2 हाई स्कूलों को फिलहाल छोड़ भी दें, (जबकि इन 6 हाई स्कूलों में शिक्षकों की तैनाती अभी प्रक्रियाधीन है) तो राज्य में प्राथमिक शाला से लेकर हायर सेकण्डरी स्कूल तक अब ऐसा कोई भी स्कूल है, जो शिक्षक विहीन हो।

यहां यह उल्लेखनीय है कि राज्य का कोई भी हायर सेकेण्डरी स्कूल शिक्षक विहीन नहीं था। मात्र 4 हायर सेकेण्डरी स्कूल एकल शिक्षकीय थे, जिनमें युक्तियुक्तकरण के तहत एक से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति गई है। युक्तियुक्तकरण के तहत हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में पर्याप्त संख्या में विषयवार व्याख्याताओं की नियुक्ति प्राथमिकता के आधार पर की गई है, ताकि बच्चों को नियमित रूप से अध्ययन-अध्यापन का बेहतर अवसर उपलब्ध हो सके।

राज्य में 5672 प्राथमिक स्कूल एकल शिक्षकीय थे, इनमें से युक्तियुक्तकरण के बाद 4465 स्कूलों में दो अथवा दो से अधिक शिक्षकों की तैनाती पूरी कर ली गई है। राज्य में मात्र 1207 प्राथमिक शालाएं एकल शिक्षकीय रह गई हैं। इसी तरह 211 एकल शिक्षकीय पूर्व माध्यमिक शालाओं में से 204 शालाओं दो अथवा दो अधिक शिक्षकों की तैनाती की गई है, अब मात्र 7 माध्यमिक शालाएं ही राज्य में एकल शिक्षकीय रह गई हैं। इन शालाओं में भी और अधिक शिक्षकों की तैनाती को लेकर शिक्षा विभाग व्यवस्था बनाने में जुटा है। इसी तरह राज्य के 49 एकल शिक्षकीय हाईस्कूलों में से 48 हाईस्कूलों में पर्याप्त संख्या में शिक्षकों की पदस्थापना पूरी कर ली गई है। आज की स्थिति में राज्य में मात्र एक हाईस्कूल एकल शिक्षकीय बचा है।

## मप्र व छग के विकास में शुक्ल जी का योगदान अतुलनीय : कांग्रेस



0 पं. विद्याचरण शुक्ल की पुण्यतिथि पर शहर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि
0 सुकमा में शहीद एएसपी आकाश राव गिरीपुंज को दी श्रद्धांजलि

राजनांदगांव (दावा)। अविभाजित मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व केन्द्रीय मंत्री पंडित विद्याचरण शुक्ल की पुण्यतिथि पर बुधवार 11 जून को स्थानीय कांग्रेस भवन में कांग्रेसजनों ने सभा आयोजित कर दी श्रद्धांजलि तथा विद्या भईया अमर रहे के नारे लगाए गए।

वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीकिशन खंडेलवाल ने संगोष्ठी सभा के माध्यम से पंडित विद्याचरण शुक्ला को नमन करते हुए कहा कि विद्या भईया ने देश के साथ-साथ अविभाजित मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के विकास के लिए अनेक कार्य किए है। विद्या भईया आजीवन समाजसेवा व देश सेवा में लगे रहे और उन्होंने कई बार लोकसभा में अविभाजित मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया। वे छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के लिए काफी संघर्ष किया था। सन 2013 के परिवर्तन यात्रा में झीरम घाटी में उन्हें गोली लगी थी और आज ही के दिन 11 जून 2013 में उनका निधन हुआ था।

संगोष्ठी सभा को पूर्व महापौर हेमा देशमुख, रमेश डाकलिया, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल के 12वीं पुण्यतिथि पर नमन करते हुए कहा कि स्व. विद्या भैया हमेशा कांग्रेस संगठन व कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाते रहे। छग से भाजपा की सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं द्वारा परिवर्तन यात्रा निकाली गई थी। किन्तु बस्तर में परिवर्तन यात्रा के वापसी के दौरान 25 मई 2013 को झीरम घाटी में नक्सलियों द्वारा हमले में गोली लगने से घायल होने के बाद भी कई दिनों तक अस्पताल में संघर्ष करते रहे और 11 जून 2013 को अंतिम सांस ली। इस दौरान सुकमा के कोंटा-एर्राबोर रोड में डोंड्रा के पास आईईडी विस्फोट में शहीद एडिशनल एसपी आकाशराव गिरिपुंज को दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि अर्पित की एवं नक्सलियों के कायराना हरकत की घोर निंदा की। संगोष्ठी में पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, विकास त्रिपाठी, महामंत्री झम्मन देवांगन, मामराज अग्रवाल, सुरेन्द्र देवांगन, सुरेन्द्र गजभिए, संदीप जायसवाल, सागर ताम्रकार, फरमान अली, ब्लॉक अध्यक्ष जितेन्द्र सिन्हा सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## पुलिस ने असामाजिक तत्व के खिलाफ कार्यवाही कर भेजा जेल



आदतन अपराधी के खिलाफ पूर्व में थाना लालबाग एवं कोतवाली में मामला दर्ज

राजनांदगांव (दावा)। लालबाग थाना पुलिस ने अपने क्षेत्र के असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें पकड़ कर जेल भेज दिया है। लालबाग थाना प्रभारी राजेश कुमार साहू ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक द्वारा जिले में लगातार चलाये जा रहे असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इस दौरान उनके स्वयं के नेतृत्व में आवेदक हरदयाल सिंह द्वारा जगतार सिंह पिता स्व. स्वर्ण सिंह निवासी रेवाडीह को मारपीट करने की रिपोर्ट पर अनावेदक के विरूद्ध पूर्व में थाना लालबाग में पंजीबद्ध किया गया था। जो उक्त अपराध में आरोपी को 10 जून मंगलवार को गिरफ्तार किया जाकर जमानत मुचलका पर रिहा किया गया था। जो अनावेदक शिवम श्रीवास पिता स्व. संतोष श्रीवास उम्र 23 वर्ष निवासी रेवाडीह ईस्कॉन सिटी थाना लालबाग के द्वारा बुधवार 11 जून को आहत के साथ मेरे परिवार के विरूद्ध थाना में रिपोर्ट लिखाकर मेरा क्या कर लिया पुलिस भी मेरा कुछ नही कर पाया कहकर झगड़ा विवाद करने लगा था की सूचना पर पुलिस पार्टी मौके पर पहुंचकर अनावेदक को समझाने का प्रयास किया गया जो नहीं माने और पुलिस के सामने ही वाद विवाद करने लगा एवं मारपीट करने हेतु उतावला होकर उपद्रव कर रहा था पुलिस के पास कोई विकल्प नही होने से मौके पर संज्ञेय अपराध की घटित होने की पूर्ण संभावना होने पर आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 170/126,135(3) बीएनएसएस का इश्तगाशा तैयार कर न्यायालय पेश किया गया। इस कार्यवाही में सउनि राजू मेश्राम, आर0 राकेश ठावरे, फागू साहू की सराहनीय भूमिका रही।

## प्राकृतिक प्रेमी जितेंद्र मानसिंग साहू ने जन्मदिवस पर 'पक्षी बचाओ अभियान आगाज' किया



सकोरे बांटे व पेड़ पौधा पर लगाएं

राजनांदगांव (दावा)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जन्मदिन पर सकारात्मक कार्य करते हुए पक्षियों के लिए मुहिम चलाकर लोगों को जागरूक किया। जितेंद्र मानसिंग साहू ने कहा कि जिसकी जैसी नियत है, वो वैसी कहानी रखते हैं, कोई परिंदों के लिए बंदूक तो कोई सकोरे में परिंदों के लिए पानी रखता है।आजकल पक्षी कम होने के कई कारण हैं। इनमें से मुख्य कारण हैं : मानव गतिविधियाँ, जैसे कि जंगलों की कटाई, प्रदूषण, आक्रामक प्रजातियां और जलवायु परिवर्तन। जलवायु परिवर्तन से पक्षियों के आवास और भोजन पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है और कुछ प्रजातियाँ विलुप्त होने के कगार पर हैं।

**आवास का विनाश** - जंगलों की कटाई और शहरीकरण से पक्षियों के रहने के लिए जगह कम हो रही है।

**प्रदूषण** - वायु और जल प्रदूषण से पक्षियों की संख्या में कमी आ रही है।

**आक्रामक प्रजातियां**- कुछ आक्रामक प्रजातियां पक्षियों को भोजन और आवास के लिए प्रतिस्पर्धा देती हैं, जिससे उनकी संख्या में कमी आती है।

**जलवायु परिवर्तन**- जलवायु परिवर्तन से पक्षियों के आवास और भोजन पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है और कुछ प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर हैं।


**शिकार** - कुछ पक्षियों का शिकार अवैध रूप से किया जाता है, जिससे उनकी संख्या में कमी आती है।

**कीटनाशक** - कीटनाशकों के इस्तेमाल से पक्षियों को नुकसान हो रहा है, जिससे उनकी संख्या में कमी आ रही है।

**भोजन की कमी** - कुछ पक्षियों के भोजन के स्रोत, जैसे कि कीट और मछलियां कम हो रहे हैं, जिससे उनकी संख्या में कमी आ रही है। इस बीच छात्र युवा मंच संयोजक नागेश यदु, सहसंयोजक चंद्रभान जंघेल, प्रदेश प्रमुख माधव साहू, प्रदेश अध्यक्ष लोकेश बारापात्रे, महामंत्री भागवत वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश साहू, चंदन साहू, यश शर्मा, खेम साहू, दुष्यंत सेन साहिल जंघेल आदि सम्मिलित रहे।

## संत कबीर लोक शिक्षण के महाकवि - कृष्ण कुमार द्विवेदी





राजनांदगांव (दावा)। भारतीय भक्तिकालीन संत कबीर की जयंती ज्येष्ठ पूर्णिमा अवसर परिप्रेक्ष्य में नगर के संस्कृति-साहित्य विचारप्रज्ञ डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी ने विशिष्ट विचारविमर्श में कहा कि सहज-सरल, सज्जनता और निपट बयानी की प्रतिमूर्ति संत कबीर मूलतः लोक शिक्षण के महाकवि हुए। समसामयिक रूप से संत कबीर की वाणी, उपदेश, व्यवहारिक, अत्यंत उपयोगी, प्रासंगिक और सर्व कल्याणकारी है। समग्र देश-धरती में कबीर की बेबाक, सपाट बयानी वाले दोहे, साखी एवं पदावली वर्तमान समय में और अधिक प्रासंगिक हैं तथा आम-खास सर्वजनों के लिए सत्य-सार्थक जीवन मार्ग पर चलने हेतु मन-प्राण से अभिप्रेरित भी करते हैं। तत्समय में फैले अंधविश्वासों, कुरीतियों, रूढ़ियों और पाखंडों के धुर विरोधी और उन्हें दूर करने के सहज मार्ग दिखलाने वाले कवि कबीर अपने समय के सबसे बड़े सशक्त रचनाकार हुए हैं, जो वृहद साहित्यक मर्म एवं मूल्यों की दृष्टि से ज्ञान-विज्ञान, विचार-प्रकाश में सर्वश्रेष्ठ थे। जीवन के प्रगाढ़ अनुभवों, अद्भूत अध्यात्म कल्पना शक्ति से युक्त संत कबीर ने देश-दुनियाँ में जो लोक शिक्षण एवं सत्य दर्शन की अलख जगाई। वह अपने आप में अद्वितीय एवं अनूठी है। सर्वोत्कृष्ठ होगा कि हमारी युवा-किशोर एवं प्रबुद्ध पीढ़ी संत कबीर को साहित्य का नित्य अध्ययन-परायणकर उनके विचार-संदेशों को अपनी जीवनचर्या में आत्मसात करें।




dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
शानदार तीसरा सप्ताह रोजाना 4 खेल
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
छत्तीसगढ़ी
मोर छईयां भुईयां - 3
मन कुरैशी, दीपक साहू, एल्सा घोस, दिक्षा जयसवाल




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

## संत श्री दर्शनलाल को भावभीनी श्रद्धांजलि

राजनांदगांव (दावा)। पूज्य सिंधी पंचायत हेमू कालानी नगर के अध्यक्ष श्री मन्नुमल मोटलानी की उपस्थिति मे समाज की ओर से रायपुर शदाणी दरबार नवम जोत संत युधिष्ठीरलाल जी के भ्राता साई दर्शनलाल के गोलोक गमन पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

सम्पूर्ण संत समाज एवं उनके आस्थावान स्नेही एवं अनुयायीजन अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके महानिर्वाण पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनकी आत्म शांति हेतु प्रार्थना की।

कल शाम उनकी पगड़ी रस्म का कार्यक्रम शाम 4:30 बजे रायपुर शादाणी दरबार मे ही सम्पन्न होगा। इस अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत हेमू कालाणी के अध्यक्ष मन्नूमल मोटवानी, आवतरात तेजवानी, गुरूमुख दास वाधवा, राजा माखीजा, दौलतराम चंदानी, हुंदलराम मनकानी, हरीश मोटवानी, जयपाल मंगवानी, सुनील लेखवानी, चंदन रूचंदानी, संदीप सहेबानी, मुरली पंजवानी, कमल गंगवानी, कौशल शर्मा, पवन जेठानी, भीमन धनवानी, रोहित माखीजा, गौरव आहूजा, अखिल अंदानी, कन्हैया तलरेजा, अमित गिडवानी, सूरज पंजवानी, जय पंजवानी, तरूण आहूजा, राम रूचंदानी, विनय दरयानी आदि उपस्थित रहे।

## युगांतर के टी विशाल ने म्यूजिक कंपोज करने का बनाया विश्व रिकार्ड



राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा, खेल, संस्कृति के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल के संगीत शिक्षक टी विशाल ने एक सप्ताह में 76 गाने कंपोज करने का विश्व रिकार्ड बनाया। उन्हें लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड ने सर्टिफीकेट प्रदान कर सम्मानित किया है। उन्हें विद्यालय के वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़ीया, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, नरेंद्र कोटड़िया, प्राचार्य मधुसूदन नायर, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह और शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति में सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर टी विशाल ने कहा कि यह युगांतर के सभी स्टॉफ का सम्मान है। एक सप्ताह में प्राप्त यह उपलब्धि अनायास ही आप सभी की शुभाशीष से प्राप्त हुई है। उन्होंने शुभाशीष प्रदान करने के लिए प्राचार्य, प्रबंध समिति, शिक्षक-शिक्षिकाओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## मैच फिक्सिंग राहुल उवाच, नाच न जाने आंगन टेढ़ा - राजेश गुप्ता अग्रहरि

राजनांदगांव (दावा)। जिला भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रभारी राजेश गुप्ता अग्रहरि ने कांग्रेस के चिर युवा नेता व लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के महाराष्ट्र में मैच फिक्सिंग के आरोप लगाए जाने को नाच न जाने आंगन टेढ़ा कहते हुए उक्त बयान को बचकाना सोच की परिचायक बताया हैं। श्री अग्रहरि ने कहा कि राहुल गांधी बताए कि पिछले 40-50 सालों से प्रादेशिक स्तर की सत्ता से बाहर क्यों है? सामंत वादी व अधिनायक सोच के राहुल गांधी अपने पार्टी के हर जगह हार से इतना बौखलाए हुए हैं कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने राजनीतिक विरोधी नहीं दुश्मन समझते हैं। मोदी जी के विरोध में वे इतने नीचे उतर जाते हैं कि कई बार उसकी झूठी बयानबाजी से शर्मनाक स्थिति का सामना करना पड़ जाता है। माफी तक मांगनी पड़ती है। इसके बाद में वह नहीं चेत पाया है। रही बात मैच फिक्सिंग की। फर्जी वोट डलाय जाने का यह काम उनकी दादी इंदिरा गांधी बखूबी कर चुकी है। राज नेता राजनारायण को हराने के लिए जो कारस्तानी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने की उस पर सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें सजा सुनाई थी। जिससे बचने उन्होंने देश में इमरजेंसी लगा दी थी। ऐसे अधिनायक प्रवृत्ति परिवार के राहुल गांधी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के हाथों देश की प्रगति-उन्नति व आत्म निर्भरता फूटी आंख सुहा नहीं रही है।



कांग्रेस के 70-75 सालों के किए कराए का गड्ढा पाट कर देश को उंचाई पर ले जाना, अर्थव्यवस्था को तीसरे स्थान पर पहुंचाना, देश के सैनिकों का सामर्थ्य दुनियाभर को दिखाने की बात दकियानूसी कांग्रेसी कभी सोच भी नहीं सकते। श्री अग्रहरि ने कहा कि आगामी चुनावों में हारने की डर से मैच फिक्सिंग की बयानबाजी कर राहुल गांधी अपनी बेचारगी को दर्शा रहा है। वह जानता है कि देश की जनता अब उसे सत्ता नहीं सौंपने वाली है। इसलिए इस तरह की बयानबाजी कर अपनी हद पिटवा रहा है।

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
2-6-7
356-4 578-0
राजधानी
3-4-8
560-1 259-6

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

### न्यायालय तहसीलदार लाल बहादुर नगर, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र202505094500067
ब/121 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राधेलाल मंडावी आ. समूदी मण्डावी जाति गोड़ निवासी ग्राम तेलीटोला टप्पा, तहसील-लाल बहादुर नगर, जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि, आवेदक के पुत्र शिवकुमार मंडावी का जन्म दिनांक 22.06.1990 को स्थान तेलीटोला टप्पा में हुआ है, जो कि भूलवश ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत टप्पा में संधारित जन्म पंजी/रजिस्ट्रार में दर्ज नहीं हो पाया है। आवेदक द्वारा अपने पुत्र शिव कुमार मंडावी का जन्म दिनांक 22.06.1990 को ग्राम पंचायत टप्पा में संधारित जन्म पंजी में दर्ज करवाकर जन्म प्रमाण पत्र प्रदान करना चाहता है। अतः ग्राम पंचायत टप्पा में संधारित जन्म पंजी में दर्ज करवाकर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित शपथ पत्र, जन्म/मृत्यु पंचनामा में सचिव/ सरपंच द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र कार्यकर्ता आंगनबाड़ी ग्राम टप्पा का प्रमाण पत्र, जिला रजिस्ट्रार (जन्म मृत्यु) जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय जिला राजनांदगांव का अनुपलब्धता पत्र, पेश कर निवेदन किया गया है। अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 13.06.2025 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 29.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

तहसीलदार
लाल बहादुर नगर (छ.ग.)

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं लीलेश्वरी पति मनोज कुमार जाति कंवर उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम भर्रीटोला विकासखंड/तहसील छुरिया जिला राजनांदगांव (छ.ग.) की निवासी हूं।

यह शपथ करती हूँ कि मेरा सही नाम लीलेश्वरी है, जो मेरे मार्कशीट में दर्ज है और मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम नीलेश्वरी त्रुटिवश दर्ज हो गया है।

अतः आज से मुझे मेरे सही नाम लीलेश्वरी से समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में लिखा, पढ़ा व जाना पहचाना जावे इस हेतु छत्तीसगढ़ राजपत्र (गजट) में प्रकाशन करना चाहती हूं। अतः प्रकाशन उपरांत मेरे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में लीलेश्वरी के नाम से जाना व पहचाना जाये।

लीलेश्वरी
पति- मनोज कुमार
निवासी - ग्राम भर्रीटोला
वि.ख./तह. छुरिया
जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

# सनातन एकता का प्रतीक रेलयात्रियों को नि:स्वार्थ ठंडा जल वितरण सेवा




राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी राजनांदगांव रेलवे स्टेशन में रेल यात्रियों का स्वागत नि:स्वार्थ ठंडा जल वितरण सेवा समिति के मुख्य संयोजक सौरभ खंडेलवाल एवं योगेश साहू, जल सेवा समिति के मुख्य प्रभारी महेश शर्मा ने बताया कि संस्कारधानी राजनांदगांव में सनातन एकता का प्रतीक रेल यात्रियों को नि:स्वार्थ ठंडा जल वितरण सेवा गर्मी के दिनों में प्रतिवर्ष अप्रैल, मई, जून, तीन महा निर्बाध अविरल 11 वर्षों से धारा प्रवाह जलसेवा निरंतर चार संस्थाओं की संयुक्त पहल के तत्वाधान में मुख्य संयोजक संस्था के अध्यक्ष राहुल अग्रवाल बाल रत्न मंच सेवा समिति, समन्वयक योगेश साहू मां गायत्री दिया मंडल गायत्री परिवार, व्यवस्थापक सतीश मोटलानी संत कंवर राम जल सेवा समिति, युवा अध्यक्ष प्रतीक चोपड़ा उदयाचल संस्था परिवार कि संयुक्त पहल में संस्कारधानी में प्रतिदिन जनसेवक राजनेता, सामाजिक धार्मिक, संस्था, युवा संगठन, महिला संगठन, कवि, साहित्यकार लेखक, पत्रकार बंधु सेवाभावी छोटे-छोटे नन्हे बच्चे सेवा प्रेमी स्वयंसेवक सेवा ही उद्देश्य मानव सेवा माधव सेवा के उद्देश्य को शिरोधार्य कर चरितार्थ करते हुए नि:स्वार्थ ठंडा जल वितरण सेवा में स्वयंसेवक श्रमदान सेवा करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख, पूर्व अध्यक्ष युवा आयोग जितेंद्र मुदलियार, विशेष अतिथि सचिन अग्रहरि अध्यक्ष प्रेस क्लब एवं उपाध्यक्ष अनिल जायसवाल, संगठन मंत्री राहुल जायसवाल जयसवाल समाज सहित सहयोगी अध्यक्ष मोहम्मद आसिफ अली, डीजल ऑटो संघ राजनंदगांव, महाराष्ट्रीयन तेली समाज, मुख्य अतिथि समाजसेवी श्रीमती शारदा तिवारी एवं विशेष अतिथि श्रीमती अलका जानी अध्यक्ष कस्तूरबा महिला मंडल, सहयोगी छग अध्यक्ष वंदना तिवारी सरयूपानी महिला ब्राह्मण समाज एवं संगीता मिश्रा सहित नवदुर्गा महिला समिति लेबर कॉलोनी, रेलवे आरपीएफ, जीआरपी एवं रेलवे के कुली भाईयों सहित रेलवे के वेंडर भाई भी सेवा कार्य में अपने कार्य से समय निकालकर कुछ समय नि:स्वार्थ ठंडा जल वितरण सेवा में सहभागिता निभाकर स्वयंसेवक श्रमदान में सहभागिता निभाते हैं। उक्त जानकारी मुख्य संयोजक सौरभ खंडेलवाल एवं प्रचार प्रमुख रितेश यादव ने दी।

**भीषण गर्मी में रेल यात्रियों की 3 माह प्रतिवर्ष निर्बाध अविरल 11 वर्षों से धारा प्रवाह जलसेवा**

## मुड़पार में भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई

मुड़पार (दावा)। भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें महिलाएं एवं बालिकाएं बड़ी संख्या में अपने सर पर कलश लेकर गली भ्रमण किया और सतगुरु कबीर साहेब की आरती उतारी गई। इस दौरान राजनांदगांव जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मधुबाला देशमुख ने सद्गुरु कबीर साहेब के श्री चरणों में शीश झुकाकर चरण बंदगी की और क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि की कामना की और क्षेत्रवासियों को कबीर प्राकटय दिवस की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कोमल साहेब ने कबीर वाणी सुनते हुए कहा कि समाज को सही दिशा में ले जाने वाला सच्चा हीरो है, फिल्म वाले नहीं। श्री साहेब ने सुंदर भजन गाकर लोगों को आनंदित किया और कबीर वाणी सुनाई।

# ट्रेन से गिरकर घायल हुए बालक को जीवनदान देने रेल्वे सुरक्षा बल ने की त्वरित रेस्क्यू कार्रवाई



राजनांदगांव (दावा)। रेल्वे सुरक्षा बल की सक्रियता इन दिनों देखते ही बनती है। रेल्वे सुरक्षा बल की इस जागरूकता एवं सक्रियता पूर्ण कार्य के चलते ट्रेन से गिरकर बुरी तरह घायल हुए एक 4 वर्षीय को तुरंत रेस्क्यू कर उसे जीवन दान दिया गया। बल की इस सक्रियता पर बच्चे के माता-पिता द्वारा उनका आभार व्यक्त किया गया है।

रेल्वे सुरक्षा बल निरीक्षक श्रीमती तरुणा साहू ने बताया कि मंगलवार 10 जून की शाम लगभग 6 बजे मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष नागपुर से एक सूचना मिली कि गाड़ी संख्या 18029 कुर्ला, शालीमार एक्सप्रेस से एक मासूम 4 वर्षीय बालक ट्रेन की आपातकालीन खिड़की से गिर गया है। उक्त दुर्घटना डोंगरगढ़-जटकन्हार रेलखंड के डाउन लाइन पर किमी संख्या 926/8-10 के बीच घटित हुई।

रेल्वे सुरक्षा बल ने उनके नेतृत्व में उक्त बुरी तरह घायल बालक का उपचार कराने व उसे जीवनदान देने के लिए तुरंत रेस्क्यू कर सीधे मेकाहारा हास्पीटल पहुंचाया गया। जहां डाक्टरों द्वारा त्वरित आपरेशन टेबल ले जाकर चिकित्सा करते हुए उस बालक की जान बचा ली गई। इससे रेल्वे सुरक्षा बल के लोगों व डाक्टरों सहित घायल बालक के रुआंसी हो चुकी मां के चेहरे में हर्ष देखा गया।

### तेज रफ्तार ट्रेन की खिड़की से गिरा बालक

रेल्वे सुरक्षा बल निरीक्षक श्रीमती साहू ने बताया कि जख्मी 4 वर्षीय बालक का नाम सागनिक बेरा है। उसकी माँ आनंदिता बेरा निवासी कोसापुलिया पूर्वी मिदनापुर (प. बंगाल) उसे लेकर कोच एस-3 में एलटीटी से खड़गपुर की यात्रा कर रही थी। उसकी मां जैसे ही ऊपर की सीट पर चढ़ने लगीं, बालक अचानक खिड़की से नीचे गिर गया। माँ की चीखें और तत्काल एसीपी खींचने की सूझबूझ ने बच्चे की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। घटना की जानकारी मिलते ही रेल सुरक्षा बल के सहायक उपनिरीक्षक अर्जुन सिंह मौके पर रवाना हुए। वहीं गाड़ी के अनुरक्षण दल के प्रधान आरक्षक टी.एन.एस. चौहान एवं महिला आरक्षी ज्योति वाला घायल बच्चे को मां के साथ डोंगरगढ़ की ओर ला रहे थे। घायल बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ में प्राथमिक उपचार कर उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे पेंड्री मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रेफर किया गया।

### बालक की हालत गंभीर, रायपुर रेफर

घटना जानकारी मिलते ही मंडल सुरक्षा आयुक्त दीपचंद आर्य के मार्गदर्शन में रेल सुरक्षा बल पोस्ट राजनांदगांव की प्रभारी निरीक्षक श्रीमती साहू ने तुरंत सहायक उप निरीक्षक डीबी मेश्राम एवं प्रधान आरक्षक एसके मिश्रा को पेंड्री अस्पताल भेजा और जब उन्होंने घायल बालक की गंभीर स्थिति उसकी मां की बेबसी और मासूम चेहरे की पीड़ा देखी तो बिना विलंब किए सभी संबंधित अधिकारियों, अस्पताल प्रबंधन और परिवहन विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए बच्चे को रायपुर स्थित डीकेएस अस्पताल रेफर करवाया। वहीं बच्चे का सामान जो ट्रेन में छूट गया था, उसे आरपीएफ राजनांदगांव द्वारा सुरक्षित रूप से एकत्र कर अस्पताल लाया गया और उसकी मां को आवश्यक सामग्री, दवाइयाँ, पानी, बच्चों के जरूरत का सामान आदि भी मुहैया कराया गया और इधर तत्काल एम्बुलेंस की व्यवस्था कर सहायक उप निरीक्षक अर्जुन सिंह, प्रधान आरक्षक एसके मिश्रा रेल सुरक्षा बल पोस्ट राजनांदगांव साथ में बच्चे के डीके हॉस्पिटल रायपुर भेजा गया। जहां उसका सीटी स्कैन व अन्य चिकित्सीय परीक्षण करवाए गए। डॉक्टरों के अनुसार अब बालक की स्थिति स्थिर है और उसे वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है। इस पूरे घटनाक्रम में बच्चे की जान बचाने भाग दौड़कर अपनी कर्तव्य निष्ठा व सक्रियता का परिचय देने वाली रेसुब निरीक्षक तरुणा साहू को आत्मिक शांति मिली। उनके इस कार्य में बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू व सीएमओ सहित डॉक्टरों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# प्रदेश में कई इलाकों में झमाझम बारिश से लोगों मिली गर्मी से राहत, 14 जून तक आ सकता है मानूसन

रायपुर। राजधानी समेत प्रदेश के अलग- अलग हिस्सों में मानसून 14 जून तक पहुंचने की संभावना है, लेकिन उससे पहले ही मंगलवार की शाम कई इलाकों में झमाझम बारिश हुई। इस बारिश से छत्तीसगढ़ के अधिकांश इलाकों में तापमान में गिरावट के साथ लोगों को गर्मी से राहत मिली। मौसम विज्ञानियों ने बताया कि फिलहाल प्री-मानसून की बारिश हो रही है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए 14 जून से अनुकूल परिस्थितियां बनने की संभावना है, जिससे प्रदेशवासियों को भीषण गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। वहीं, तापमान में चार डिग्री तक गिरावट होगी। वर्तमान में कई मौसमी प्रणालियां सक्रिय हैं, जो मानसून की प्रगति में सहायक होंगी।

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक आने वाले दिनों में प्रदेश के एक या दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना जताई है। साथ ही, कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने की भी आशंका व्यक्त की गई है। नागरिकों को इस दौरान सतर्कता बरतनी बेहद आवश्यक है।

मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों को ऑरेंज और येलो अलर्ट भी जारी किया है। आंचल में अभी बादलों की स्थिति बनी रहेगी जिसके कारण अधिकतम तापमान में बहुत अधिक वृद्धि की संभावना अब नहीं है। इधर मंगलवार को दिनभर मौसम शुष्क बना रहा। शाम को चली तेज हवाओं के कारण लोगों को गर्मी और उमड़ से थोड़ी राहत मिली।

# पिपरिया वार्ड को मिली नई सौगात- नवीन राशन दुकान का भव्य शुभारंभ



खैरागढ़ (दावा)। नगर के पिपरिया वार्ड में एक नवीन राशन दुकान का शुभारंभ किया गया। इस राशन दुकान का उद्घाटन केसीजी जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

उद्घाटन अवसर पर विक्रांत सिंह ने कहा कि पिपरिया वार्डवासियों को अब राशन के लिए अन्य वार्ड या दुकानों में भटकना नहीं पड़ेगा। यह दुकान लोगों की सुविधा और जरूरतों को ध्यान में रखते हुए खोली गई है, जिससे अब सुलभ और समय पर राशन वितरण सुनिश्चित हो सकेगा।

### हितग्राहियों को तीन महीने का राशन वितरण, तौलकर दी शुरुआत

इस अवसर पर राज्य सरकार की योजना के अंतर्गत तीन महीने का एकमुश्त चावल वितरण किया गया। विक्रांत सिंह ने स्वयं हितग्राहियों को चावल तौलकर वितरण कर कार्यक्रम की शुरुआत की और इस पहल के लिए राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि तीन महीने के चावल एकमुश्त मिलने से बरशात के समय हितग्राहियों को परेशानी न हो इसके लिए सरकार एकमुश्त चावल वितरण कर रही है, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए एक बड़ी राहत है।

### राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प

विक्रांत सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही हमारा संकल्प है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन और नगर पालिका के सहयोग से वार्ड की अन्य समस्याओं के समाधान के लिए भी सकारात्मक प्रयासों का आश्वासन दिया।

इस कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका की अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, विकेश गुप्ता, कृष्णा वर्मा, विनय देवांगन, कमलेश कोठले, जिला भाजयुमो अध्यक्ष आयश सिंह बोनी, रूपेंद्र रजक, मोनिका रजक, देवीन बाई कोठले, कीर्ति वर्मा, नंद चंद्राकर, चेतन निषाद, गिरवर पटेल, शैलेन्द्र वर्मा, हर्षवर्धन वर्मा, देवकरण वर्मा, राजेश देवांगन सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

# युक्तियुक्तकरण से छुरिया विकासखंड के दूरस्थ ग्रामों में पहुंचेगी शिक्षा की रोशनी




राजनांदगांव (दावा)। शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ाने की दिशा में शिक्षकों एवं शालाओं का युक्तियुक्तकरण प्रभावी साबित होगा। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में जहां शिक्षकविहिन एवं एकल शिक्षकीय स्कूल थे। वहां युक्तियुक्तकरण के तहत शिक्षकों की पदस्थापना होने से शिक्षण व्यवस्था बेहतर बनेगी। शासन द्वारा शैक्षणिक स्थिति को सुधारने के लिए युक्तियुक्तकरण का सशक्त कदम उठाया गया है।

जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों की पर्याप्त व्यवस्था होने से ग्रामवासियों में खुशी है। विद्यार्थियों की पढ़ाई अबाध गति से जारी रहेगी एवं स्कूलों के युक्तियुक्तकरण होने से शैक्षणिक सामग्री एवं सुविधाओं का लाभ मिलेगा। जिले में 6 प्राथमिक शालाएं शिक्षक विहिन थी, लेकिन अब सभी शालाओं में युक्तियुक्तकरण के तहत शिक्षकों की नियुक्ति कर दी गई है। वहीं 93 प्राथमिक शालाएं एकल शिक्षकीय शाला थी, जबकि अब 1 स्कूल एकल शिक्षकीय है।

इसी तरह पहले 9 पूर्व माध्यमिक शाला एकल शिक्षकीय थी, जबकि वर्तमान में सिर्फ 1 स्कूल एकल शिक्षकीय है। ऐसे स्कूलों के समायोजन से जिनमें छात्रों की संख्या कम है, वहां युक्तियुक्तकरण से विद्यार्थियों को फायदा होगा।

दूरस्थ अंचलों में शिक्षकों की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई में बाधा आ रही थी। युक्तियुक्तकरण से इस समस्या का समाधान हो गया है। नगरीय क्षेत्रों में अधिकांश शिक्षकों के पदस्थ होने के कारण आ रही दिक्कत को दूर करने के लिए एक मजबूत प्रयास किया गया है। जिसके दूरगामी परिणाम दिखाई देंगे। छुरिया विकासखंड के दूरस्थ ग्रामों में शिक्षा की रौशनी पहुंचेगी और बच्चों के भविष्य को एक दिशा मिलेगी। छुरिया विकासखंड के आदिवासी कन्या आश्रम कुहीकला, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पेण्ड्रीडीह, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पडरापानी, शासकीय पूर्व माध्य. शाला घोरतालाब, शा. पूर्व माध्यमिक शाला छुरिया अंग्रेजी माध्यम सहित अन्य स्कूलों में एकल शिक्षकीय व्यवस्था सुचारू शिक्षण के लिए की गई है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों की पढ़ाई अच्छी तरह होगी। ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के अभिभावकों में भी प्रसन्नता है। बच्चों की शिक्षा को गति प्रदान करने में युक्तियुक्तकरण सहायक एवं कारगर साबित होगी।

**पहले 93 प्राथमिक शालाएं एकल शिक्षकीय शाला थी, जबकि अब 1 स्कूल एकल शिक्षकीय, पहले 9 पूर्व माध्य. शाला एकल शिक्षकीय थी, जबकि वर्तमान में सिर्फ 1 स्कूल एकल शिक्षकीय**

# टीम वर्क किसी भी कार्य की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है - दिग्विजय कुमार



राजनांदगांव (दावा)। कॉलेज में 24 मई से 30 मई तक 6 दिवस की फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम हाइब्रिड मोड में आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्रतिदिन दो पाली में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिग्विजय कुमार (ऊप रजिस्टर) हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग ने अपने उद्बोधन में टीम वर्क पर जोर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन से किया गया। कार्यक्रम में वक्त के रूप में डॉ. अनीता शाह (अंग्रेजी विभाग) एवं डॉक्टर प्रवीण कुमार साहू (हिंदी विभाग) शासकीय दिग्विजय ऑटोनॉमस महाविद्यालय राजनंदगांव, डॉ. बुद्ध सिंह एसोसिएट प्रोफेसर गुरु घसीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर, प्रोफेसर समावित कुमार पड़ी गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर, डॉ. दिव्या शर्मा हेड एंड असिस्टेंट प्रोफेसर विपर्कला शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय एवं अध्यक्ष वितरक रिसर्च फाऊंडेशन रायपुर डॉ. स्वाति श्रीवास्तव प्राचार्य संदीपनी अकादमी छोटी दुर्ग, डॉ. गौरी शर्मा असिस्टेंट प्रोफेसर महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा महाराष्ट्र, डॉ. श्रद्धा वर्मा दिन फैकल्टी ऑफ एजुकेशन कलिंगा विश्वविद्यालय नया रायपुर, डॉ. संगीता श्रॉफ मैट्स विश्वविद्यालय रायपुर, रिंकी शर्मा डायरेक्टर दीवान इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट डीवीएसजीआई मीरत, अभिषेक पवार फैकेल्टी (इकोनॉमिक्स) पाणिग्रही सिविल इंजीनियरिंग फाउंडेशन इन सभी बुद्धिजीवी वक्ताओं द्वारा जिन प्रकरण पर प्रकाश डाला।

इस प्रकार फैकेल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रत्येक व्याख्यान के बाद इंटरएक्टिव सेशन भी रखा गया था। जिसमें प्रतिभागियों को विषय विशेषज्ञों के साथ संबंधित विषय पर चर्चा का अवसर प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष डॉ. सविता सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, डायरेक्टर संजय बहादुर सिंह, डायरेक्टर सावंत बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, जन्मजय बहादुर सिंह, बरसर इंद्र कुमार वैष्णव, डॉ. अनुराधा शुक्ला प्राचार्य, श्रीमती इला सिंह (एडवाइजर), डॉ. यामिनी साहू उप-प्राचार्य, डॉ. संध्या मोहबे, डॉ. रागिनी सरजारे, एम.एस. नारंग, श्रीमती घनेश्वरी साहू, डॉ. जागेश्वरी साहू, सुनील कुमार भट्टाचार्य, पी.एल. महोबे एवं श्रीमती शशिकला सिंह सभी स्टाफ ने सम्मिलित होकर कार्यक्रम की सफलता में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया।

# सदगुरु कबीर साहेब ने सबको मानवता, समानता और भाईचारे की शिक्षा दी : नीलू शर्मा



राजनांदगांव (दावा)। प्राचीन कबीर मठ धाम नादिया में सदगुरु कबीर प्राकटय उत्सव बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नांदवंशाचार्य पंत श्री हजूर मंगल साहेब के पावन सानिध्य में मनाया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए। उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए पंत श्री ने कहा कि एक सद्गुरु का अवतरण मानव पीड़ा को हरने के लिए हुआ था। मठ के धर्मा धिकारी सत्येंद्र साहब ने कहा कि सदगुरु कबीर साहेब मानव मात्र के मसीहा थे। उन्होंने एक धर्म और एक ईश्वर से को बतलाते हुए कहा कि भाई रे दुई जगदीश कहां से आया। कहूं कोने बौराया। हिंदू मुसलमान दोनों को ही चेतावनी देते हुए कबीर साहेब ने कहा कि इंसान को स्वार्थ से ऊपर उठकर सत्य की खोज करनी चाहिए। मुख्य अतिथि श्री शर्मा ने कहा कि जब भारत वर्ष में जात-पात, उच्च-नीच और पाखंड वाद की आग से जल रहा था, तब कबीर साहेब कमल के पुष्प पर बालक के रूप में प्रकट हुए और अदभुत लीला करते हुए सबको मानवता, समानता और भाईचारा की शिक्षा दी। एक यह प्रेम ही है जो परिवार से लेकर समाज और पूरी दुनिया में शांति को स्थापित कर सकता है। मुख्य अतिथि श्री शर्मा ने आगे कहा कि मठ के ऐतिहासिक व धार्मिक महत्व को समझाते हुए मठ को पर्यटन मंडल में शामिल करने के साथ मठ के विकास हेतु अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त किया।

ट्रस्ट के महामंत्री गिरवर दास ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रातः शोभायात्रा के पश्चात संत महात्माओं अतिथियों का उद्बोधन प्रवचन हुआ तत्पश्चात सात्विक ज्ञान यज्ञ संपन्न हुआ और विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। इस अवसर पर डॉ. नीरेंद्र साहू अध्यक्ष सदगुरु कबीर विचार मंच, हिरेंद्र साहू अध्यक्ष जिला भाजपा किसान मोर्चा, विभा साहू सदस्य जिला पंचायत राजनांदगांव, श्रीमती गैंदा बाई सदस्य जनपद पंचायत डोंगरगांव, श्रीमती वंदिता ठाकुर सरपंच सरपंच ग्राम पंचायत नादिया एवं समस्त पंचगण एवं अन्य क्षेत्रीय पंचायत के प्रतिनिधि मंडल सम्मिलित हुए। कबीर साहेब मठ ट्रस्ट के समस्त ग्रामवासी कबीर मठ नादिया के तत्वाधान में संपन्न हुआ।

# आयुक्त ने अपने-अपने वार्ड में अतिक्रमण व अवैध प्लाटिंग की जांच करने, निर्माण कार्य के अलावा बिजली, पानी की स्थिति देखने के दिये निर्देश



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा तकनीकि अधिकारियों की बैठक लेकर निर्माण कार्यो की समीक्षा कर प्रतिदिन कार्यो की मानिटरिंग करने के अलावा अपने अपने वार्ड में अतिक्रमण होते देख नोटिस देकर हटाने तथा अवैध प्लाटिंग की जांच करने के अलावा बिजली, पानी की भी स्थिति देख निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने वृक्षारोपण के लिए स्थल चयन सहित अन्य प्रक्रिया करने निर्देशित किए।

बैठक में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि सभी निर्माण कार्य जिनकी निविदा हो चुकी है, उसे प्रारंभ कराये तथा वार्डो में चल रहे निर्माण कार्य में तेजी लाकर समय सीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि महापौर द्वारा भी समीक्षा बैठक में सभी कार्य प्रारंभ कर चालू कार्य में प्रगति लाने कहा गया है। उन्होंने शहर में चल रहे डामरीकरण कार्य की जानकारी लेकर शेष कार्य जल्द पूर्ण कराने कहा। उन्होंने वार्डवार निर्माण कार्यों की जानकारी लेकर कहा कि जिन ठेकेदारों के द्वारा अधुरे कार्य किये गये है और जिनके द्वारा कार्यादेश उपरांत कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। उनसे बात कर काम चालू करावे नहीं करने की स्थिति में नोटिस जारी करे। गुणवत्ताहीन कार्यो के लिए ठेकेदार को नोटिस जारी कर कार्य सही करावे, सही कार्य का ही भुगतान के लिए आगे बढ़ावे। उन्होंने कहा कि प्रगतिरत कार्यो की चरणबद्ध बिलिंग करे, उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजना सुनिश्चित करे।

आयुक्त ने सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालय मरम्मत कार्य की उप अभियंताओं से प्रगति की जानकारी लेकर कहा कि शौचालय मरम्मत कार्य बारिश के पूर्व पूर्ण करे, इस संबंध मे ठेकेदारो को निर्देशित करे। उन्होंने एसएलआरएम सेंटर मरम्मत कार्य की जानकारी लेकर मरम्मत एवं पीठ निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण करने कहा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणा, विधायक निधि, सांसद निधि तथा महापौर व पार्षद निधि के अप्रारंभ कार्य तत्काल प्रारंभ करावे, चालू कार्य समय सीमा में पूर्ण करावे। ठेकेदार को कार्यादेश के साथ साथ स्टीमेंट की भी कापी देवे और निर्देशित करे कि सभी साईड में प्लान की कापी उपलब्ध रहे, जिससे कार्य का मिलान कर सके।

आयुक्त ने बैठक में कहा कि बारिश के पूर्व सभी पानी टंकियों की सफाई कर लिकेज ठीक करावे व वाल्व मरम्मत करावे तथा वाहन आदि मरम्मत कर दुरूस्त रखे एवं सभी आवश्यक समाग्री का भंडारण रखे। उन्होंने अत्यधिक बारिश पर बाढ़ की स्थिति से निपटने आवश्यक व्यवस्था कर कंट्रोल रूप स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सहायक अभियंताओं एवं कार्यपालन अभियंताओं से भी अपने अपने प्रभारित वार्ड के उप अभियंताओं से कार्यो की जानकारी लेकर मानिटरिंग करे कहा। किसी भी प्रकार की समस्या का तत्काल निराकरण करे।

नागरिकों व पार्षदों द्वारा बताये गये कार्य तथा उनकी समस्या का प्राथमिकता से निराकरण करे। इसके अलावा उन्होंने सभी उप अभियंताओं से कहा कि निर्माण कार्यो के अलावा अपने-अपने क्षेत्र में अतिक्रमण भी देखे और अतिक्रमण पर नोटिस जारी कर हटाने की कार्यवाही करे। इसी प्रकार अवैध प्लाटिंग की जॉच कर संबंधित के विरूद्ध नोटिस जारी कर प्लाट ध्वस्त करे। इसके अलावा वार्ड में बिजली, पानी व अन्य कार्य की भी मानिटरिंग कर समस्या पर उसका निराकरण करावे।

**वृक्षारोपण के लिए उचित स्थल चयन करने कहा**

आयुक्त ने वृक्षारोपण के संबंध में प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी वृक्षारोपण के लिए अपने अपने वार्ड में स्थल चयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण के लिए ऐसे स्थल का चयन करे जहां पौधे सुरक्षित रहकर पेड़ का रूप ले सके। वृक्षारोपण उपरांत उसकी उचित देखभाल करना है। इस संबंध में आसपास के लोगों एवं वार्डवासियों को वृक्षारोपण से जोड़कर पौधे की सुरक्षा करने समझाईस देवे। शासन की मंशानुरूप वोमेन फार ट्री तथा एक पेड मॉ के नाम पेड लगाने निर्देशित किया गया है।

इस संबंध में जारी दिशा निर्देश के अनुसार कार्य करना सुनिश्चित करे। बैठक में कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके व दीपक खांडे, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, प्र.सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा व वसीम खान सहित उप अभिंयतागण उपस्थित थे।

## म्यूल अकाउंट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

कबीरधाम (दावा)। साइबर ठगों को म्यूल अकाउंट उपलब्ध कराने वालों के खिलाफ कबीरधाम पुलिस की सतत कार्रवाई के चलते दो और आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। थाना भोरमदेव में पंजीबद्ध साइबर ठगी के प्रकरण (अपराध क्रमांक 28/2025) में कबीरधाम पुलिस द्वारा की गई जांच में महत्वपूर्ण मोड़ आया है। यह जिले का पहला मामला है जिसमें म्यूल अकाउंट धारकों के तीसरे स्तर तक पहुँचने की प्रक्रिया तक पुलिस तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पहुँच रही है।

## अनमोल दावा

> जब आप दूसरों के लिए अच्छा चाहते है तो वहीं अच्छी चीजें आपके जीवन में वापस आती है यही प्रकृति का नियम है।

## सम्पादकीय

# साइबर फ्राड की जवाबदारी बैंक की

टेक्नालाजी ने पूरे विश्व को एक कर दिया है। टेक्नालाजी, मोबाईल फोन और इन्टरनेट नेटवर्क के साथ-साथ आर्टिफिशियल इन्टेलिजन्स ने वैज्ञानिक उपाय से सम्पूर्ण विश्व में अपना स्थान बना लिया है। दुनिया ने आज डिजिटल फूटप्रिन्ट से फिजिकली विश्व के साथ सम्पर्क कायम कर लिया है। आज किसी की भी कोई भी प्रावेसेसी नहीं रही। आदमी कहां है, किससे बात कर रहा है, किस वाहन में है, क्या खरीद रहा है, कहां गया, कितने पैसे ट्रांसफर किए, कितना पेमेन्ट किया? ऐसे सभी प्रश्नों का समाधान डिजिटल व्यवहार के जरिए समानान्तर बसावट को हो रहा है। इसी टेक्नालाजी के आधार पर बाजार चमक रहा है। आनलाईन खरीदी-बिक्री हो रही है। डिजिटल फूट प्रिन्ट जितनी सरलता से यह विधि कर रहा है, उतनी ही यह विधि जोखिमों से भरी है। जिसे नाम दिया गया है-सायबर फ्राड। आनलाईन बैंकिंग ने उच्च स्तर पर उत्पात मचाया है। पोर्टल, कम्प्यूटर, मोबाईल हेक करके डाटाज इकट्ठा करना और आपके बैंक खाते को खाली कर देना या आपको धमकाकर, भयभीत कर या डिजिटल अरेस्ट करना, ऐसी घटनाओं ने मानव जीवन को कहीं न कहीं रोजाना भयभीत कर दिया है और यह साइबर क्राइम दिनोदिन बढ़ रहा है।

मानव जीवन का प्रत्येक अन्वेषण, शोध जितनी सुविधाएं प्रदान करता है, उतना ही जोखिमों व खतरे से भरा पड़ा है। डिजिटल फ्राड या माडेस आपरेन्डी डिजिटल होता है, जिसे करने वाला भी आदमी ही होता है। जिसे चुनौती देना सरल है। जरूरत है तो केवल नए क्राइम को रोकने की नीति घड़ने की। एक साथ जुड़े हुवे साइबर फ्राड की घटनाएं रोकने की प्राथमिक जवाबदारी बैंकों की है। रिजर्व बैंक ने स्वयं इस बात को लिखित में स्वीकार किया है। इसका यह अर्थ भी नहीं कि बैंकिंग सिस्टम में कोई कमी या बैंक कर्मचारी की मिलीभगत के बगैर साइबर फ्राड संभव ही नहीं है। डिजिटल व्यवहार को सरकार प्रोत्साहन दे रही है। ज्यादा से ज्यादा लोग नगद, चेक के बदले डिजिटल व्यवहार करें, इसके लिए सरकार प्रयत्नशील है। जितनी डिजिटल प्रक्रियाएं बढ़ रही हैं, उतनी ही तेजी से फ्राड के मामले भी बढ़ रहे हैं। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के आंकड़ों के अनुसार बैंकिंग कार्ड और इन्टरनेट के द्वारा आनलाईन फ्राड की संख्या 2004-05 में केवल 26 थी, जिसमें केवल तीन करोड़ ही ग्राहकों का नुकसान हुआ था। अब 2024-25 में सितम्बर तक ऐसे फ्राड के 3531 मामलों में ग्राहकों के 19,748 करोड़ डूब गए हैं। सर्वाधिक महत्वपूर्ण यह कि इन आंकड़ों में एक लाख से अधिक राशि का फ्राड हुआ है। छोटे-मोटे व्यवहार बाबत सरकार, रिजर्व बैंक कोई जानकारी सार्वजनिक नहीं करती। बैंकिंग व्यवहार में क्रिमीनल का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों के खातों से जमा राशि उठा लेना याने आनलाईन ट्रांसफर करा लेना। लालच देकर भलते ही खाते में म्यूल एकाउंट भी इसी का ही एक हिस्सा है। किसी अन्य के खाते में ट्रांसफर कराना भी होता है। साइबर क्रिमिनल खुद पकड़ा नहीं जाय इसलिए भलते ही फर्जी नाम से बैंक में खाता खुलवाते है। एक से अधिक खातों में राशि ट्रांसफर हो जाती है। आधार कार्ड और पेन कार्ड के बगैर बैंक में खाता खोलना ही असंभव है। प्रत्येक बैंक खातों में कालान्तर में केवायसी अपडेट करना अनिवार्य होता है। अगर वह अपडेट न हो तो बैंकिंग व्यवहार को फ्रिज कर दिया जाता है। नियो बैंकिंग याने कि सम्पूर्ण रूप से डिजिटल बैंकिंग खाता खोलना, व्यवहार करने के लिए बैंक शाखा में जाए बगैर काम हो जाता है। इसके लिए आन लाईन वेरिफिकेशन से केवायसी होती है। आधार कार्ड और पेन कार्ड के साथ मोबाईल लिंक होता है और उसके ऊपर बना टाइम पासवर्ड आए बगैर केवायसी या व्यवहार संभव नहीं है। इतनी चुस्त व्यवस्था होने के बावजुद बैंकिंग फ्राड रूक नहीं रहा है। अपराधियों का हौंसला बुलंद है। कारण सामान्यतः यह कि बैंकिंग कर्मचारी सायबर फ्राड की संभावित समस्याओं से ग्राहकों को होने वाले नुकसान बाबत संवेदनशील नहीं है। बैंक अफसरान व कर्मचारी सजग नहीं है और अपनी जवाबदारी से मुकर रहे हैं। इसी प्रकार साइबर क्रिमिनल की पकड़ने की सिस्टम अनेक घटनाओं में पुलिस स्वयं ग्राहकों की मदद करने के बदले ग्राहकों को लूटने में ही मैदान में उतर जाते हैं। अनेक गरीब-मजदूरों के नाम पर खाता खोलकर करोड़ों की हेराफेरी भी होती है। इस पर तो बैंकों की देखरेख ही नहीं है। केन्द्र सरकार, रिजर्व बैंक और टेलिकाम कम्पनियां बैंकिंग फ्राड के लिए मोबाईल नम्बर पर ध्यान केन्द्रित कर रहीं हैं।

# सोनम रघुवंशी तक कैसे पहुंची पुलिस, अभी तक नहीं मिले इन सवालों के जवाब

**विष्णुकांत तिवारी**

मेघालय का ईस्ट खासी हिल्स ज़िला उत्तर प्रदेश के ग़ाज़ीपुर ज़िले से एक हज़ार से भी ज़्यादा किलोमीटर दूर है. ईस्ट खासी हिल्स में दो जून को इंदौर के राजा रघुवंशी का शव मिला था और एक हफ़्ते बाद उनकी लापता पत्नी सोनम रघुवंशी ग़ाज़ीपुर में पाई गईं. और इस मामले में मेघालय, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश तीनों ही प्रदेशों की पुलिस के अलग-अलग दावे हैं.

इंदौर के दंपती राजा और सोनम मेघालय हनीमून मनाने गए थे और फिर दोनों के ग़ायब होने की ख़बर सामने आई थी.अब सोनम रघुवंशी यूपी पुलिस की हिरासत में हैं. मेघालय पुलिस उन पर हत्या में शामिल होने का आरोप लगा रही है लेकिन सोनम के परिजन उन्हें बेगुनाह बता रहे हैं. मसलन, सैकड़ों किलोमीटर दूर सोनम मेघालय से यूपी के ग़ाज़ीपुर कैसे पहुंची और इतने दिन से लापता सोनम तक पुलिस कैसे पहुंची? मेघालय पुलिस ने देर रात ग़ाज़ीपुर की ज़िला अदालत में सोनम को पेश करके उनकी ट्रांज़िट रिमांड ले ली. अब वो उन्हें लेकर शिलॉन्ग जा रही है. 23 मई से गुमशुदा राजा का शव 2 जून को मेघालय में ईस्ट खासी हिल्स में वेइसाडोंग फ़ॉल्स के पास 150 फीट गहरी खाई में मिला था.

इस सवाल के जवाब में एसपी विवेक स्येंम कहते हैं, हां, ऐसा लगता है. मेघालय पुलिस की दो टीमें मध्य प्रदेश में हैं और एक टीम सोनम को गिरफ़्तार करने के लिए उत्तर प्रदेश गई है. सोनम के पिता देवी सिंह ने मेघालय पुलिस पर गुमराह करने का आरोप लगाते हुए अपनी बेटी को निर्दोष बता रहे हैं. वहीं, मेघालय पुलिस का दावा है कि, जब मामले में तीन अन्य लोगों की गिरफ़्तारी हुई तब सोनम सामने आईं और यह अपने आप में सब कुछ बयां कर देता है. सोनम रघुवंशी के परिजन मामले की सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं.

### सोनम तक कैसे पहुंची पुलिस?

पिछले 17 दिनों से सोनम रघुवंशी की तलाश जारी थी. मेघालय पुलिस को राजा के शव के पास लाल और काले रंग का एक रेनकोट मिला था. इस रेनकोट और होटल के बाहर की सीसीटीवी फ़ुटेज के अलावा सोनम के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पा रही थी. सोनम के पिता देवी सिंह ने कहा कि, 8 जून की देर रात सोनम के भाई गोविंद सिंह के पास उत्तर प्रदेश से एक फ़ोन आया. सोनम ने गाजीपुर के किसी ढाबे से फ़ोन किया था. इसके बाद हमने पुलिस को यह सूचना दी. ढाबे से वहां की पुलिस लेकर आई है. दो बजे की बात है और सिर्फ़ गोविंद से मेरी बेटी की बात हुई है.

ग़ाज़ीपुर में नंदगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत नेशनल हाईवे पर काशी ढाबा मौजूद है. ग़ाज़ीपुर पुलिस के मुताबिक़, उन्होंने सोनम को हिरासत में लिया था.

ग़ाज़ीपुर के पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा ने पत्रकारों को बताया, सोनम के परिजन ने मध्य प्रदेश पुलिस को सोनम के फ़ोन के बाद जानकारी दी थी. इसके बाद एमपी पुलिस ने ग़ाज़ीपुर पुलिस से संपर्क किया और फिर सोनम को ढाबे से रिकवर करके वन स्टॉप सेंटर ले जाया गया था. काशी ढाबा के संचालक साहिल यादव का दावा है कि उन्होंने स्थानीय पुलिस को सूचना दी थी.



मीडिया से बातचीत में साहिल यादव कहते हैं, सोनम ने परिजन को कॉल करने के लिए मेरा फ़ोन मांगा था. अपने परिवार से फ़ोन पर बातचीत के दौरान वह रोने लगी थी. कुछ समय बाद, उनके भाई ने मुझे फ़ोन किया और स्थानीय पुलिस को सूचित करने के लिए कहा. पुलिस यहां पहुंची और रात करीब 2:30 बजे उन्हें ले गई थी.

साहिल का कहना है कि जब उन्होंने सोनम से पूछा कि वह यहां तक कैसे पहुंचीं तो सोनम ने कोई जवाब नहीं दिया. इंदौर के पुलिस उपायुक्त (क्राइम) राजेश दंडोतिया ने बीबीसी को बताया, शिलॉन्ग पुलिस के माध्यम से कल रात को सूचना मिली थी कि ग़ाज़ीपुर पुलिस ने सोनम रघुवंशी को रिकवर किया है. शिलॉन्ग पुलिस ने इंदौर में संपर्क किया था और तीन संदिग्ध बताए गए थे. इंदौर पुलिस और शिलॉन्ग पुलिस ने साझा अभियान चलाकर तीनों को हिरासत में लिया है. अब शिलॉन्ग पुलिस हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ कर रही है. वहीं, मेघालय के डीजीपी आई नोंगरांग ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया कि, इंदौर के व्यक्ति की हत्या के मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें उसकी पत्नी भी शामिल है. हनीमून के दौरान कथित तौर पर पत्नी ने हत्या की साजिश रची थी और इसे अंजाम देने के लिए अन्य लोगों की मदद ली थी. सोनम रघुवंशी के पिता देवी सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में कहा है कि उनकी बेटी सोनम रघुवंशी बेगुनाह है और अपनी बेटी पर पूरा भरोसा है कि वो कोई ऐसी हरकत नहीं कर सकती है.

देवी सिंह ने कहा, दोनों परिवारों और दोनों बच्चों की सहमति से शादी हुई थी. पहले दिन से वहां की (मेघालय) सरकार झूठ बोल रही है. ग़ाज़ीपुर जाकर बेटी ने ढाबे से खुद फ़ोन लगाया है. पुलिस ढाबे पर पहुंची है और वहां से लेकर आई है. मेरी सोनम से बात नहीं हुई है. देवी सिंह आगे कहते हैं, बच्ची हत्या क्यों करवाएगी. अगर ऐसा होता तो वो घूमने क्यों जाते. मेरी अमित शाह जी से अपील है कि इसकी सीबीआई जांच हो. मेघालय पुलिस ने कहानी बनाई है. राजा का शव मिलने के बाद उनके घर के बाहर परिजनों ने एक बड़े बोर्ड में सोनम रघुवंशी की यही पुकार, कब देखेंगे घर का द्वार लिखकर टांगा हुआ था. अब सोनम के सामने आने के बाद राजा के परिवार वालों के बीच साफ़ तौर पर नाराज़गी देखी जा रही है. सोनम के बारे में मेघालय पुलिस के दावे के बाद राजा के परिवार वालों ने सोनम की तस्वीरें जलाकर गुस्सा ज़ाहिर किया.

बीबीसी से बात करते हुए राजा की मां उमा रघुवंशी ने कहा, दोनों परिवारों के बीच सब कुछ रजामंदी से हुआ था. दोनों ख़ुश थे. शादी के बाद के दिनों में सोनम का हमारे साथ रहना ऐसा था, मानो कोई बहुत पुराना रिश्ता हो. हमें तो विश्वास नहीं होता कि सोनम ऐसा कर सकती है. वहीं राजा के भाई विपिन रघुवंशी ने भी रज़ामंदी से रिश्ते की बात को दोहराते हुए कहा कि, सब कुछ बढ़िया था. लेकिन हमने अपना भाई खो दिया. इसके लिए जो भी जिम्मेदार हो उसे कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए.

सोनम और राजा की तस्वीर

मेघालय पुलिस का कहना है कि अपराध के बाद सोशल मीडिया पर राज्य के खिलाफ घृणित टिप्पणियां पोस्ट की गईं जिससे प्रदेश के लोगों का अपमान हुआ है. इस मामले को लेकर सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ़्रेंस की गई जिसमे प्रदेश के गृह मंत्री प्रेस्टोन टिंसोंग के साथ मेघालय पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। एक सवाल के जवाब में पुलिस अधिकारी ने कहा, राज्य के लोगों को निशाना बनाकर नफ़रत से भरे सोशल मीडिया पोस्ट का स्वतः संज्ञान लिया गया है. ज़िम्मेदार लोगों के ख़िलाफ़ एफ़आईआर दर्ज की जा रही है. गृह मंत्री प्रेस्टोन टिंसोंग ने अपील करते हुए कहा कि मेघालय के ख़िलाफ़ नकारात्मक नैरेटिव नहीं बनाइए. उनका कहना है, मैं भारत और भारत से बाहर हर व्यक्ति से अपील करना चाहता हूं कि कृपया मेघालय की नकारात्मक छवि नहीं बनाएं. चाहे वो सोशल मीडिया पर हो या मेनस्ट्रीम मीडिया में. क्योंकि इसमें कोई तथ्य नहीं हैं. मेघालय सुरक्षित है. इस कार्रवाई को मेघालय सरकार ने सांप्रदायिक उकसावे के ख़िलाफ़ जीरो-टॉलरेंस की नीति बताया है. इंदौर के साकार नगर के रहने वाले दंपती 29 साल के राजा रघुवंशी और 27 वर्षीय सोनम हनीमून मनाने मेघालय गए थे. लेकिन वे 23 मई को लापता हो गए थे. 11 दिन के बाद 2 जून को ईस्ट खासी हिल्स में वेइसाडोंग फ़ॉल्स के पास क़रीब 150 फ़ीट गहरी खाई में राजा का शव मिला लेकिन सोनम अब तक लापता थीं. राजा रघुवंशी का शव बुधवार 4 जून की शाम मेघालय से उनके घर पहुंचा था. दंपती 23 मई को लापता होने से एक दिन पहले ही मेघालय के नोंग्रियाट पहुंचे थे और उन्हें आख़िरी बार शिपारा होमस्टे से चेकआउट करते हुए देखा गया था.

पुलिस स्थानीय लोगों और टूरिस्ट गाइडों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही थी लेकिन कोई सुराग नहीं मिल पा रहा था. उस वक्त ईस्ट खासी हिल्स ज़िले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) विवेक स्येंम ने बीबीसी हिंदी को बताया था, इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह एक हत्या थी. हमने वारदात में इस्तेमाल किया गया एक दाओ (धारदार बड़ा चाक़ू) भी बरामद किया है.

## विचार सरिता

# सवाल - जवाब : क्या जीवन में जल्दी धन प्राप्त कर सफल होने का कोई उपाय है?

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



आज के ज्ञान कक्ष में एक जिज्ञासु युवक ने शीघ्रता से प्रवेश किया। आचार्य सत्यव्रत प्रश्न और उत्तर का क्रम प्रारंभ करने ही वाले थे कि उतावलेपन से उस युवक ने कहा,

''प्रणाम आचार्य जी! पहले मेरे प्रश्न का उत्तर दीजिए, फिर किसी दूसरे के प्रश्न का।''

''ऐसी भी क्या जल्दी है आपको?'' आचार्य सत्यव्रत ने पूछा।

''मैं जल्दी में हूँ। मुझे कहीं जाना है और मेरे पास समय कम है।'' उस युवक ने कहा।

आचार्य सत्यव्रत ने हँसते हुए कहा, अगर इतनी ही जल्दी है तो अपने सवालों के जवाब जानने के लिए तब आते, जब तुम्हारे पास समय होता, फिर भी बैठो और कहो क्या जिज्ञासा है तुम्हारी?

प्रश्नकर्ता: मुझे कोई ऐसा उपाय बताइए जिससे मैं जल्दी से जल्दी धनी बन जाऊं और मेरे पास खूब पैसा, मोटर बंगला हो जाए।

आचार्य सत्यव्रत: तो इससे तुम्हें क्या हासिल हो जाएगा?

प्रश्नकर्ता: इससे मेरी जिंदगी आराम से गुजरेगी और मुझे जीवन में किसी भी चीज का अभाव नहीं होगा। आज के युग में पैसा ही सब कुछ है। अगर पैसा नहीं है तो कुछ भी करना मुश्किल है साधन जुटाना तो दूर की बात है।

आचार्य सत्यव्रत: सर्वप्रथम तो यह बात ध्यान से निकाल दीजिए कि पैसा आ जाने से जीवन में आराम ही आराम रहेगा क्योंकि जब आवश्यकता से अधिक धन का जीवन में आगमन होता है तो इसका प्रबंधन एक अतिरिक्त जिम्मेदारी लेकर आता है और धन का सही प्रबंध कर पाना कोई आसान कार्य नहीं है।

प्रश्नकर्ता: इसका अर्थ है आप धन के निषेध के लिए कह रहे हैं।

आचार्य सत्यव्रत: मैं धन के निषेध के लिए नहीं कह रहा हूं लेकिन धन के पीछे दौड़ते - भागते जब मनुष्य के जीवन का वास्तविक उद्देश्य खो जाए और उसके मन में केवल लाभ हानि का गणित हो तो इस हद तक पैसे कमाने की प्रवृत्ति का मैं निषेध करने कहता हूँ।

प्रश्नकर्ता: आचार्य जी, अगर आपकी बात सच है तब भी उस आवश्यक धनराशि को परिभाषित कैसे किया जाएगा और मैं अपनी परिभाषा के अनुसार आवश्यक धन को अगर जल्दी कमाना चाहता हूं तो इसमें गलत क्या है?

आचार्य सत्यव्रत: सर्वप्रथम तो गलती यहाँ है कि आप धन कमाने का लघुकृत मार्ग प्राप्त करना चाहते हैं, परंतु याद रखें कि जीवन में किसी भी चीज का ऐसा शॉर्टकट नहीं होता और प्रत्येक चीज को पाने के लिए परिश्रम करना होता है। दूसरा, आपने धन कमाने का उद्देश्य बंगला, मोटर आदि रखा हुआ है। इन चीजों को ही लक्ष्य बनाने से जीवन में वास्तविक संतुष्टि नहीं होती है। अगर मनुष्य शून्य से प्रारंभ करे तो उसके लिए इन चीजों को प्राप्त करने हेतु परिश्रम के साथ- साथ सही योजना, प्राप्त होने वाली धनराशि का उचित प्रबंधन, सदुपयोग और बचत भी आवश्यक है। अतः पहले आप यह तय करें कि आपके जीवन की प्राथमिकता क्या है? धन की प्राप्ति या कुछ और? फिर आप जितनी तेजी के साथ भाग रहे हैं, उस गति को नियंत्रित रखना भी आवश्यक है।

(सवाल जवाब केवल सुझावात्मक हैं। हर परिस्थिति में और हर व्यक्ति के लिए समान रूप से इनका लागू होना आवश्यक नहीं है।)

## सामयिक चर्चा

### गृहस्थ का सपना

अखबार पढ़कर, खुश होकर,
बानी बोले - ''सुनिए गजाधर! आज यह खबर -
केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री
पीयूष गोयल जी ने स्वीटजरलैण्ड में
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के
नेतृत्व वाली सरकार की, बीते।। साल की,
उपलब्धियाँ गिनाते हुए
इसे परिवर्तन कारी दौर करार दिया।
मंत्री जी ने विचार व्यक्त किया -
''मोदी सरकार के दौरान भारत
विकास की ऊँचाइयों को छू रहा है।
और सरकार की नीतियों में,
बदलावों का सकारात्मक असर,
हर वर्ग पर दिख रहा है।
ग्यारह साल पहले पिछड़ रहा भारत
आज टॉप-टेन में शामिल।''
गजाधर कुछ कहते, इसके पहले,
गृहस्थ गिरधारी बोल उठे -
''भैया बानी! पर हम गृहस्थों को महंगाई
किस कदर मारे डाल रही है
इसे मंत्री लोग क्या जाने ?
यदि नरेन्द्र मोदीजी की सरकार
महंगाई को नेस्तनाबूद कर दें,
तो फिर हमारा देश,
टॉप टेन देशों में, हो जाएगा
'टॉप टेन' के, काबिल!''
अब आई गजाधर की पारी,
वे बोले मुस्कराकर - ''ठीक
कहते हो गिरधारी!
तब भारत दुनिया में
'टॉप वन' हो जाएगा
और फिर भारतवासी
पीएम मोदीजी के गुण गाएगा।'' - गिरीश बख्शी



## पाठकों के पत्र

# प्लास्टिक प्रदूषण-खतरे में पर्यावरण

पर्यावरण अर्थात हमारे चारों ओर का क्षेत्र जिसमें सजीव निर्जीव जैविक अजैविक सभी कुछ सम्मिलित है और इस पर्यावरण का मनुष्य भी एक अभिन्न हिस्सा है किंतु आज मनुष्य जाति ही इस पर्यावरण के लिए खतरा बन चुका है। आज हम इस पर्यावरण में खुद ही प्लास्टिक नाम का जहर घोल रहे हैं। विश्व पर्यावरण दिवस 2025 का मुख्य कथन है प्लास्टिक प्रदूषण को दूर करना। प्लास्टिक प्रदूषण आज इस पर्यावरण को तीन स्तरों पर घातक प्रभावों को बढ़ा देते हैं पहला स्तर जलवायु परिवर्तन का होना, द्वितीय स्तर जैव विविधता को नुकसान पहुंचाना, तृतीय स्तर जिसमें पर्यावरण में प्रदूषण और कचरा फैला हुआ पाया जाना।

आज भी मुझे राजनांदगांव के शिवनाथ नदी में बाढ़ के बाद का दृश्य नजर आता है जिसमें नदी के चारों ओर प्लास्टिक फैला हुआ था, जैसे प्रकृति मनुष्य को तोहफे में उनका ही नदी में डाला हुआ कचरा वापस लौट रही है कहते हैं ना जो नदी मैया को देंगे हमें हमें वापस वही प्राप्त होगा ।

**0 प्लास्टिक प्रदूषण के प्रमुख कारण:-**

भारत में सिंगल यूज प्लास्टिक का बहुत अधिक प्रयोग करना। नदियों और महासागरों में प्लास्टिक कचरो का भंडार बढ़ते जाना। शहरीकरण शहरों में गांव की तुलना में प्लास्टिक का अधिक से अधिक प्रयोग होना। शादी पार्टी अन्य गतिविधियों में डिस्पोजेबल प्लास्टिक प्लेट एवं ग्लास का प्रयोग करना।

**0 प्लास्टिक से जैव विविधता को खतरा:-**

प्लास्टिक बीपीए बिसफिनाल ए जैसे विषैला रसायन उत्सर्जित करता है। प्लास्टिक को जलाने पर हेवी मेटल निकलते हैं जो कृषि भूमि को प्रदूषित करते हैं। नदियों में मौजूद माइक्रो प्लास्टिक जलीय जीवों को एवं आवारा पशु और समुद्री जीवों जब प्लास्टिक को गलती से भोजन के रूप में ग्रहण करते हैं तो उनके आंतों में रुकावट आती है जिससे बेजुबान जानवरों की मृत्यु हो सकती है।

**0 प्लास्टिक प्रदूषण रोकने के उपाय:-**

सिंगल यूज प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करें। बाजार जाते समय घर से ही कपड़े या जुट का बैग साथ लेकर जाएं की प्लास्टिक का प्रयोग न करना पड़े। प्लास्टिक प्लेट की जगह परंपरागत तरीके से बने पत्तों के प्लेट एवं मिट्टी के बर्तनों का प्रयोग करें जिससे लोकल व्यवसाय को बढ़ावा मिले और प्रकृति भी सुरक्षित रहे। हर व्यक्ति प्रयास करें कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का अभिन्न हिस्सा बने। प्रयास करना कि अधिक से अधिक प्लास्टिक का रीसायकल हो सके और पुनः चक्रीकरण योग्य प्लास्टिक को अलग से संग्रहित करना। अंत में हम सभी ये प्रण ले की कम से कम प्लास्टिक का प्रयोग करेंगे और एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाएंगे जिससे कि पर्यावरण सुरक्षित रहे क्योंकि पर्यावरण है तो हम हैं।

**थंगेश्वर कुमार साहू**
**व्याख्याता, राजनांदगांव,मो. 9098823304**

## राशिफल

**मेष**
मेष राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपको किसी कार्य के प्रति की गई मेहनत के सकारात्मक परिणाम मिलने वाले हैं इसलिए ज्यादा से ज्यादा फोकस रहे। किसी शुभचिंतक की मदद आपके लिए उम्मीद की किरण लेकर आएगी। इस राशि के छात्र अपने भविष्य को लेकर ज्यादा सक्रिय और गंभीर रहेंगे और कोई नई उपलब्धि भी हासिल करेंगे।

**वृष राशि**
आज आपका दिन उत्तम रहेगा। जो लोग मीडिया के क्षेत्र से जुड़े हुए हैं, उनके कामों की आज प्रशंसा होगी। किसी खास व्यक्ति का सहयोग आपको मिलेगा। आज किसी मित्र की मदद से आपकी कोई विशेष समस्या हल होनी वाली है। जीवन स्तर को सुधारने का प्रयास काफी हद तक सफल रहेगा। आप सकारात्मक और आशावादी महसूस करेंगे। अपने रचनात्मक और रुचि संबंधी कार्यों में भी सुखद समय बीतेगा।

**मिथुन**
आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। किसी व्यक्ति से आपको उम्मीद से अधिक फायदा होगा। आज किसी वजह से आपके स्वभाव में चिड़चिड़ापन आ सकता है। जिसका असर घर की व्यवस्था पर भी पड़ेगा। इस राशि के जो लोग नौकरी कर रहे हैं उनको आज फाइल या पेपर वर्क पूरा करने के लिए ओवरटाइम करना पड़ सकता है। आज जीवनसाथी तथा परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा।

**कर्क**
आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज दूसरों की मदद और सहयोग में आपका योगदान बना रहेगा। सामाजिक मान प्रतिष्ठा भी बढ़ेगी। किसी धार्मिक समारोह में जाने से लोगों के साथ में मुलाकात होगी और मन प्रसन्न रहेगा। इस राशि के छात्रों को अपने करियर से संबंधित कोई खुशखबरी मिलने के योग बन रहे है। आप अपने व्यवहार को निखारने की कोशिश करेंगे।

**सिंह**
आज आप लोगों को अपनी योजनाओं से सहमत कर लेंगे। आज घर के वरिष्ठ सदस्यों का मान-सम्मान बनाए रखेंगे तो सभी के चेहरे पर आपको खुशी देखने को मिलेगी। घर के रखरखाव संबंधी वस्तुओं की खरीददारी करते समय अपने बजट का भी ख्याल रखेंगे तो आपको भविष्य में कोई परेशानी नहीं होगी । आज आपको बच्चों के करियर और विवाह को लेकर चिंता रह सकती है।

**कन्या**
आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रुचि पूर्ण कार्यों में बेहतरीन समय बीतेगा। घर में उचित व्यवस्था बनाए रखने की कोशिश कामयाब होगी। आज आपका आत्मविश्वास नई उम्मीद और आशाओं को फिर से जायेगा। दूसरों के मामले में ज्यादा हस्तक्षेप करने से दूर रहे। इसकी वजह से आपको समस्या हो सकती है। आज दांपत्य जीवन सुखद और प्रेम पूर्ण रहेगा।

**तुला**
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज व्यावसायिक मामलों में कुछ बदलाव आएंगे। जल्दबाजी की बजाय सहज तरीके से समाधान निकालेंगे। आज ऑनलाइन गतिविधियों द्वारा नई-नई व्यावसायिक जानकारियां हासिल करेंगे। इस राशि के नौकरी कर रहे लोगों को खास जिम्मेदारी मिल सकती है। स्वास्थ्य संबंधी चल रही समस्या से कुछ राहत मिलेगी।

**वृश्चिक**
आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज दिन की शुरुआत किसी सुखद घटना से होगी। किसी मित्र अथवा सहयोगी द्वारा फोन के माध्यम से कोई महत्वपूर्ण सूचना मिलेगी। जिससे आप खुश और तनावमुक्त महसूस करेंगे। पारिवारिक जिम्मेदारियों को निभाने में आपका विशेष योगदान रहेगा। आज लवमेट आपसी संबंधों में उचित सामंजस्य बनाकर रखेंगे।

**धनु**
आज आप अपने खर्चे पर कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे। जल्द ही कुछ नई जिम्मेदारियां आपको मिलेगी,जिनको आप अच्छी तरह से निभाएंगे। आज आपकी कई तरह की गतिविधियों में व्यस्तता रहेगी तथा फाइनेंस संबंधित कुछ योजनाएं भी बनने के अवसर हैं । आपका कर्म प्रधान होना आपके भाग्य को और अधिक मजबूत कर रहा है।

**मकर**
आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज कुछ नई बातों की जानकारियां मिलेंगी। अच्छे लोगों से मेल मिलाप एक नई ऊर्जा प्रवाहित करेगा। आज किसी काम से घबराने की बजाय समस्या का हल ढूंढ लेंगे। इस राशि के स्पोर्ट्स से जुड़े विद्यार्थियों के लिए लाभदायक अवसर के योग बन रहे हैं। आज कार्यस्थल पर गतिविधियों को बहुत ही व्यवस्थित व सुचारु रूप से करने की जरूरत है।

**कुंभ**
आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। घर पर अचानक से कोई रिश्तेदार आ सकते हैं, जिससे घर के माहौल में कुछ अच्छे बदलाव आयेंगे। अन्य गतिविधियों में व्यस्त रहने के साथ-साथ अपने व्यक्तिगत कार्यों पर भी ध्यान दें। प्रॉपर्टी से संबंधित कुछ परेशानियां अभी बनी रहेंगी। परंतु इस समय किसी के साथ भी वाद-विवाद की स्थिति में ना पड़े। आपको अपनी वाणी पर संयम रखना चाहिए।

**मीन**
आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज कोई नकारात्मक समाचार मिलने पर तनाव में न आए और न ही जल्दबाजी और भावुकता में कोई भी निर्णय ले। धैर्य और संयम बनाकर रखेंगे तो जल्द ही सब ठीक भी होगा। इस राशि के जो लोग अविवाहित है आज उन लोगों के जीवन में खुशखबरी आने के योग बन रहे हैं । आप अच्छे से संभाल लेंगे।

## सू- दोकू क्र.067

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.066 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# रेलवे द्वारा बनाए गए ओवरब्रिज में एक माह के भीतर ही आने लगी दरार



डोंगरगढ़ (दावा)। रेल विभाग के द्वारा कोरोनाकाल के बाद से केवल नागपुर डिवीजन में ही एक दर्जन से अधिक ओवरब्रिज व अंडरब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। रेल विभाग के द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य में अवैध खनन की शिकायतें तो आए दिन देखने को मिलती थी। परंतु अब कुछ महीनों से पूर्ण हो रहे निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार की पोल भी खुलने लगी है। जिससे इन कार्यों की गुणवत्ता पर प्रश्न चिन्ह लगनें लगा है। बताया जाता है कि मुढ़ीपार स्टेशन के आगे एक महीने पहले ही तीसरी लाइन का कार्य पूर्ण होने के बाद ओवर ब्रिज का कार्य भी पूर्ण हो चुका है, लेकिन इस ओवर ब्रिज में एक महीने के भीतर ही कांक्रीट के कार्यों में दरारें देखी जा रही है। ब्रिज के पिलर धस रहे है। जो कि ठेकेदारों की मनमानी के सबूत पेश कर रहा है। जिसको देखते हुए स्थानीयों की

### विधायक श्रीमती बघेल ने निरीक्षण के दौरान कई अनियमिताओं का किया जिक्र

शिकायत के बाद डोंगरगढ़ की विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के द्वारा अपने विधानसभा के अंतिम गांव मुढ़ीपार पहुंच रेलवे द्वारा किये गए निर्माण कार्य का निरीक्षण बीते दिनों किया गया। उनकी माने तो करोड़ों की लागत से बने इस ओवर ब्रिज में एक माह के भीतर ही दरारे आश्चर्यचकित करने वाली है।

चर्चा करते हुए कहा की इस प्रमुख ओवर ब्रिज के रास्ते आसपास के पर्यटन प्रेमी मनगटा जाने के लिए प्रमुख मार्ग के रूप में इसका उपयोग करते हैं। जो की वन चेतना केंद्र के रूप में प्रसिद्ध है। 1977 के पहले इन जंगलों में कई वन्य जीव देखने को मिलते थे। आज प्रदेश में यह एक अच्छा पर्यटन केंद्र बन चुका है। वही दूसरी और दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे पूरे भारत के सभी जोनों में से सबसे अधिक रेलवे को लाभ पहुंचाने वाला जोन है। हावड़ा-मुंबई रेल रूट के इस प्रमुख मार्ग में ऐसी लापरवाही किसी बड़े हादसे को जन्म दे सकती है। जल्द ही ऐसी लापरवाही पर उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। उनकी माने तो ऐसे भ्रष्टाचार की शिकायत जल्द ही रेलवे के बड़े अधिकारियों से की जाएगी।

# जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने 7 लाख रुपए के आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण

**छुरिया (दावा)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत तुर्रेगढ में 7 लाख रुपए की लागत से निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण की। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना कर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव व कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला पंचायत सभापति गोपाल भुआर्य द्वारा फीता काटकर आंगनबाड़ी का उद्घाटन किया गया।**




जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीणों की पुरानी मांग थी। पुराना भवन जर्जर हो गया था। आज लगभग 7 लाख रुपए की लागत से आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण किया गया है। निश्चित रूप से इसका लाभ हमारे नन्हे मुन्ने बच्चों को मिलेगा। श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि कोई भी बालक या बालिका हो उसकी शिक्षा की शुरुआत व उसका पहला कदम आंगनबाड़ी से उसकी शुरुआत होती है और यहां से सीखते हुए वह स्कूल कालेज से शिक्षा अध्ययन करते हैं तथा अपना भविष्य निर्धारित करते हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दीदीयों से कहा कि बच्चों को हर प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हो, उनके पोषण आहार व अन्य सभी योजनाएं का लाभ मिले। छत्तीसगढ़ की विष्णु का सुशासन है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार हर वर्ग के लिए बेहतर कार्य कर रही है। गांवों के विकास में कोई कमी नहीं होगी। हम मिलकर आगे भी गांव के विकास के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति गोपाल भुआर्य ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर श्रीमती हरिला कौशल चंद्रवंशी जनपद सदस्य, दीपक कलामें संरपच, श्रीमती नमून बाई टेकाम, कपिल बघेल, उषा बाई मेश्राम, नवीन साहू, कुंदन दास साहू, मिथलेश कुंजाम, लोभान सिंग वट्टी, श्रीमती ईश्वर बाई भूआर्य, श्रीमती इन्द्रो बाई, श्रीमती सलेन्द्री बाई, धरमराज भुआर्य, पल्टन साहू, गोपीराम साहू, विनोद शांडिल्य व ग्रामवासी उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### अध्यक्ष पद पर अनिल कुमार जैन एवं कोषाध्यक्ष पद पर जय कुमार जैन को पुनः कार्यभार सौंपा गया





डोंगरगढ़ (दावा)। श्री दिगंबर जैन समाज डोंगरगढ़ में गत दिनों हुई सामाजिक बैठक में समिति का कार्यकाल समाप्त होने पर समिति द्वारा पिछले 3 वर्षों का आय-व्यय का ब्योरा सभी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया। समिति द्वारा अपने कार्यकाल में काफी उत्साहपूर्वक सभी कार्य को कर्मठता के साथ सकुशल संपन्न कराया। जिसकी सम्पूर्ण समाज भूरी-भूरी प्रशंसा करती है और उनके इसी उत्साह और कार्यप्रणाली को देखते हुए उपस्थित परम संरक्षक सेठ सिंघई किशोर जैन, निर्मल जैन, अनिल कुमार जैन 'भल्लू भैया' एवं संरक्षक राजेन्द्र जैन, सुभाष चन्द जैन, वीरेन्द्र जैन एवं समाज के वरिष्ट एवं युवा गणमान्य ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि इस बार भी अध्यक्ष पद पर अनिल कुमार जैन एवं कोषाध्यक्ष पद पर जय कुमार जैन को पुनः कार्यभार सौंपा गया। जिसके लिए उपस्थित सभी सामाजिक जन ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनायें दी। उक्त जानकारी निशांत जैन (निशु) द्वारा दी गई है।

### इकरा फाउंडेशन ने समाज के जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क पाठ्य सामग्री का वितरण किया



गंडई (दावा)। बीते 7 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर बेहतर कार्य कर रही संस्था इकरा फाउंडेशन ने बुधवार 11 जून की शाम को केसीजी जिले के गंडई व नर्मदा में समाज के तकरीबन 50 जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क पाठ्य सामग्री का वितरण किया। मिली जानकारी अनुसार इकरा फाउंडेशन ने बुधवार की शाम तकरीबन 6 बजे सर्वप्रथम नगर पंचायत गंडई में समाज के जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक सामग्री का वितरण किया। तत्पश्चात ग्राम नर्मदा, मानपुर एवं खैरा के बच्चों को भी निःशुल्क पाठ्य पुस्तक सामग्री का वितरण किया। इस अवसर पर इकरा फाउंडेशन के संस्थापक सदस्य अब्दुल रज्जाक खान, इकरा फाउंडेशन के अध्यक्ष खलील कुरैशी, फारुख मेमन, कोषाध्यक्ष शमशुल होदा खान, सचिव मो. याहिया नियाज़ी, गंडई मुस्लिम जमात के सदर जाबिद खान, वरिष्ठ सदस्य अय्यूब कुरैशी, शेख कलीम खान, यावर नियाज़ी, हाजी मिर्जा बेग, निसार खान, मुश्ताक खान, इकबाल खान, इमरान सोलंकी, मैनू सोलंकी, साबू सोलंकी, हैदर अली, फिरोज खान, नर्मदा से हाजी कलाम खान, मुश्ताक मिर्जा व असलम बेग मिर्जा उपस्थित थे।

**0 अभाव में जीवन यापन करके भी आप कड़ी मेहनत करते हुये बेहद कामयाब हो सकते है- खलील कुरैशी**

इस दौरान बच्चों को प्रेरित करते हुये इकरा फाउंडेशन के अध्यक्ष खलील कुरैशी ने कहा कि मेहनत करने वालों को कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि गरीबी एवं अभाव में जीवन यापन करके भी आप कड़ी मेहनत करते हुये बेहद कामयाब हो सकते है और इकरा फाउंडेशन हमेशा बेहतर शिक्षा अर्जित करने में आपके साथ है।

**0 इकरा फाउंडेशन द्वारा पिछड़े हुए और जरूरतमंद बच्चों को पढ़ाने में अमूल्य योगदान दिया जा रहा- जाबिद खान**

गंडई मुस्लिम समाज के सदर जाबिद खान ने कहा कि इकरा फाउंडेशन द्वारा पिछड़े हुए और जरूरतमंद बच्चों को पढ़ाने में अमूल्य योगदान दिया जा रहा है ताकि बच्चे बड़े होकर कुछ बेहतर कर सकें। उन्होंने कहा कि आप लोग अच्छे से पढ़ेंगे तो बड़े होकर बेहतर मुकाम हासिल कर पायेंगे और डॉक्टर इंजीनियर कलेक्टर, एसपी, प्रोफेसर, शिक्षक भी बनेंगे और परिवार ही नहीं बल्कि समाज, अपने नगर और देश एवं प्रदेश का नाम रौशन करेंगे।

**0 गरीबी कोई बदनसीबी नहीं है बल्कि ये तो मौका देती है कुछ बेहतर करने की- फारुख मेमन**

इकरा फाउंडेशन के वरिष्ठ सदस्य फारुख मेमन ने कहा कि आप बच्चों को बेहतर तालीम हासिल करनी ही है, तभी अच्छा मुकाम भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि गरीबी कोई बदनसीबी नहीं है बल्कि ये तो मौका देती है कुछ बेहतर करने की। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम का उदाहरण देकर बच्चों को प्रोत्साहित भी किया।

**0 हमारा मकसद समाज के जरूररत मंद बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने में मदद करना है- शमशुल होदा खान**

इकरा के कोषाध्यक्ष शमशुल होदा खान ने कहा कि हमारा मकसद समाज के जरूररत मंद बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने में हरसंभव मदद करना है। उन्होंने कहा कि कम शिक्षित होने की वजह से आज समाज बहुत पीछे हो रहा है इसलिए आप बच्चे लोग अच्छे से पढ़ें और कामयाब हो।

**0 ईमानदारी से कड़ी मेहनत करेंगे तो आपको सफल होने से कोई नहीं रोक सकता- याहिया नियाजी**

इकरा फाउंडेशन के सचिव मो. याहिया नियाज़ी ने कहा कि अगर आप बच्चे ईमानदारी से कड़ी मेहनत करेंगे तो आपको सफल होने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने बच्चों से कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में इकरा फाउंडेशन कभी भी जरूरत पड़ने पर हमेशा आपके साथ है। कार्यक्रम का संचालन खलील कुरैशी और समाज के होनहार शिक्षक शेख कलीम खान ने किया.

# विधायक श्रीमती बघेल की उपस्थिति में कांग्रेसजनों ने बीईओ ऑफिस का किया घेराव



डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के आह्वान में जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के निर्देश पर डोगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष नवाज खान एवं प्रभारी विपिन यादव की उपस्थिति में डोंगरगढ़ ग्रामीण /शहर लाल बहादुर नगर ब्लॉक कांग्रेस के नेतृत्व में डोंगरगढ़ पेट्रोल पंप के पास इकठ्ठा होकर सभा की। जिसमें डोगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने कहा भाजपा सरकार नई नौकरी सृजन नहीं कर पा रही है, इसलिए स्कूल बंद करने की योजना बना रहे हैं, लेकिन हम लोग ऐसा होने नहीं देंगे। पूर्व जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष नवाज खान ने कहा पूरे छत्तीसगढ़ के साथ-साथ डोंगरगढ़ के आसपास भी कानून व्यवस्था चरमरा गई है। आए दिन मर्डर, शराब की बातें सामने आ रही है। सरकार को स्कूल खोलना चाहिए। बावजूद उल्टे शराब भट्टी खोल रहे है।

प्रभारी विपिन यादव ने कहा भाजपा सरकार सभी मामले में विफल साबित हो रहा है। अगर कहीं भी स्कूल बंद होता है तो पूरे पालकों के साथ कांग्रेस विरोध करेगी। ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सिन्हा ने कहा युक्तियुक्तकरण के नाम से छत्तीसगढ़ियां लोगों के साथ धोखा करने का आरोप लगाया और अगर ऐसा होता है तो अनेकों बेरोजगार हो जाएंगे और बच्चे अशिक्षित हो जाएंगे। शहर अध्यक्ष

### युक्तियुक्तकरण को वापस लेने की मांग

विजय राज चौहान ने कहा कि टीचरों को अन्य ब्लॉक में भेजा जा रहा है। जबकि डोगरगढ़ ब्लॉक के कई स्कूल टीचरों की कमी से जूझ रहा है। शिशुपाल भारती ने कहा कि साय सरकार किसानों को खाद उपलब्ध नहीं कर पा रहा है और उल्टे गांव-गांव में शराब भट्टी एवं बीयर बार खोल रहा है। इसके बाद रैली के रूप में पेट्रोल पंप से पैदल ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के ऑफिस नारेबाजी करते हुए सभी गए और आफिस पर ताला लगा देखकर वहीं पर धरने पर बैठ गए। बाद में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन दिया गया और उन्हें कहा गया कि सरकार तक बात पहुंचाये की युक्तियुक्त करण नहीं होना चाहिए। घेराव कार्यक्रम में डोगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, जिला सहकारी पूर्व अध्यक्ष नवाज खान, प्रभारी विपिन यादव, ब्लॉक अध्यक्ष डोंगरगढ़ शहर/ग्रामीण विजय राज चौहान, सुरेश सिन्हा, लाल बहादुर नगर ब्लॉक अध्यक्ष हिरा सोनी, सुदेश मेश्राम, संध्या देशपांडे, नलनी मेश्राम, राहुल यादव, लता साहू, फिरंगी पटेल, जितेन्द्र सिंह भाटिया, प्रदीप पटेल, शिशुपाल भारती, चुम्मन साहू, नेतराम साहू, रेखा कोभरागड़े, किरण मेश्राम, महेश सेन, प्रीति वैष्णव, नरेंद्र वर्मा, गुलशन लिल्हारे, आशा मंडावी, सामसय टांडेकर, लालाराम वर्मा, योधन दास साहू, मोतीराम वर्मा, मनोज साहू, पुरुषोत्तम चेलक, तरुण फूले, टुमेश नेताम, लोकेश वर्मा, कमलेश वर्मा, द्वारिका, संजीव गुप्ता, ओमप्रकाश महानदी, राजेश मंडावी, बबलू खोब्रागड़े, कृष्ण लिल्हारे, नरेश करसे, जसमित सिंह, रिम्मी भाटिया, गजेंद्र, प्रमोद टेम्बुलकर एवं भारी संख्या में कांग्रेसजन एवं पालक उपस्थित थे।

# जमीन मुआवजे के लालच में भतीजे ने पत्नी के साथ मिलकर की चाचा की हत्या

कबीरधाम। जमीन के मुआवजे की रकम हड़पने के लालच में एक भतीजे ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर अपने चाचा की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी पति-पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला बोडला थानाक्षेत्र के ग्राम प्रभटोला का है।

मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 02.06.2025 को चौकी पोंडी में साहेबदास कुर्रे ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके चाचा अगमदास कुर्रे की संदिग्ध परिस्थिति में मृत्यु हो गई है। प्रारंभिक मर्ग जांच के पश्चात पोस्टमार्टम रिपोर्ट में होमीसाईडल डेथ की पुष्टि होने पर थाना बोडला में धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल के मार्गदर्शन में एसडीओपी बोड़ला अखिलेश कौशिक के पर्यवेक्षण में चौकी पोड़ी प्रभारी उप निरीक्षक विमल लावनिया के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।

विवेचना के दौरान परिस्थितियों को देखते हुए संदेह के आधार पर मृतक के भतीजे साहेबदास कुर्रे (उम्र 45 वर्ष) एवं उसकी पत्नी सरोज बाई कुर्रे (उम्र 42 वर्ष), निवासी प्रभाटोला को पूछताछ हेतु बुलाया गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों ने जमीन के मुआवजे की राशि प्राप्त करने के लालच में हत्या करना स्वीकार किया। पुलिस को आरोपी साहेबदास ने बताया कि उसने टंगिया से हमला कर चाचा अगमदास की हत्या की। पुलिस ने आरोपी के घर से घटना में प्रयुक्त धारदार टंगिया एवं उनकी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 09 8364 को जप्त किया गया।


# अंतरराष्ट्रीय समपार फाटक (रेलवे क्रासिंग) जागरुकता सप्ताह का समापन




राजनांदगांव (दावा)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल में अंतरराष्ट्रिय समपार (रेलवे क्रासिंग) जागरूकता सप्ताह 3 से 9 जून तक मनाया गया। मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी आर.के. देवांगन के नेतृत्व में प्रचालान, अभियांत्रिकी, सुरक्षा और संरक्षा विभागों के अधिकारी एवं निरीक्षकों तथा नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों, भारत स्काउट एवं गाइड के कैडेट और रेलवे सुरक्षा बल के जवानों द्वारा नागपुर मंडल के 120 से अधिक समपार फाटकों पर 4000 से अधिक सड़क उपयोगकर्ताओं तथा 20 रेलवे स्टेशनों पर 1000 से अधिक रेल यात्रियों को समपार फाटक रेलवे लाइनों को पार करने के नियमों का उचित पालना करते हुए सुरक्षित पार करने की सलाह दी गई। भारत स्काउट एवं गाइड के कैडेट के द्वारा समपार फाटक क्रमांक 570 और 572 पर नुक्कड़ नाटक के द्वारा सड़क उपयोगकर्ताओं को समपार पर क्षणिक लापरवाही के दुष्परिणाम का जीवंत मंचन किया गया और समपार को सुरक्षित पार करने की सलाह दी गई। नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों द्वारा रेलवे समपार फाटकों तथा ग्राम पंचायतों में जाकर ग्रामीणों को समपार फाटक को सुरक्षित पार करने की सलाह दी गई और साथ ही मंडल के सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर पब्लिक उद्घोषण प्रणाली के माध्यम से रेल उपयोगकर्ताओं के ध्यानाकर्षण के लिए निम्नलिखित उद्घोषणा की गई। रेल उपयोगकर्ताओं से अपील है कि बंद स्थिति में समपार फाटक पार न करें, समपार फाटक के खुलने का इंतजार करें, सतर्क रहें। सम्पर्क फाटक पार करते समय हेडफोन न लगाएं। रेलवे ट्रैक को समेशा समपार फाटक से ही पार करें। रेलवे अधिनियम 1989 की धारा 160 के तहत समपार फाटक को खोलना या तोडना दंडनीय अपराध हैं, जिसके लिए 5 साल तक की सजा का प्रावधान हैं।

# कबीर प्राकटय दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ जगह-जगह मनाई गई

**राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम उसरी बोड, मुड़पार, सुरगी, कोटराभाठा, सुंदरा सहित क्षेत्र के ग्रामों में सदगुरु कबीर प्राकटय महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।**



### जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख और धर्मपत्नी मधुबाला देशमुख शामिल हुईं, सुनी कबीर वाणी

ग्राम उसरीबोड़ में त्रिलोकी दास साहेब ने कहा कि सद्गुरु की ज्ञान अथाह है जैसे समुद्र में पानी वैसे ही सद्गुरु की वाणी लिखने वाला लिखते-लिखते थक गए। बोलने वाले बोलते-बोलते थक गए, लेकिन सद्गुरु की वाणी कितना है जिसने अपने-अपने वाणी विचार से बताते हैं। कबीर के नाम लेने से तीन महापुरुष का नाम आ जाता है राम, कृष्ण और विष्णु। सदगुरु कबीर साहेब चारों युगों में आए हैं। संवत 1455 में जेठ पूर्णिमा के दिन सतगुरु नीमा और नीरू के उद्धार के लिए काशी के लहर तालाब में विराजमान हुए। धनी धर्मदास पूछते हैं कि संसार में आने का कारण उन्होंने बताया कि जो अजर-अमर है। ऐसे लोग से कबीर साहब ने जेठ माह में आए जेठ मने सबसे बड़ा है और जेठ कबीर साहेब आए तो संत साहेब कहलाए, कलयुग में लोगों के उद्धार के लिए कल्याण के लिए आया हूं। इसलिए मेरा नाम कबीर साहेब है। इस शरीर रूपी कुआं में ज्ञान अग्नि होने से जैसे अग्नि से घास का ढ़ेर जल जाता है। उसी प्रकार ज्ञान होने से मनुष्य के अंदर घुसता है, तब उनका जीवन बदलता है।

त्रिलोकी साहेब ने आगे कहा कि हर आदमी अपने कर्म से महान बनता है, जो जस करही तो तस फल चाखा-कर्म प्रधान विश्व रची राखा। सत्य अहिंसा और धर्म कबीर साहब ने तीन संदेश दिए हैं। सत्य बराबर तप नहीं, झूठ बराबर नहीं पाप अपने जीवन में सत्य को धारण करें। परमात्मा के घर जाना है, यह बात याद रखे। जहां दया तहा धर्म, दूसरों को पीड़ा देना महान पाप है। श्री साहेब ने कहा कि आगे कहा कि जीव को ना मारे, अंडा, मांस-मछली का त्याग करें, संकल्प लेकर त्याग करें। त्रिलोकी साहेब ने आगे कहा कि हिंदू और मुसलमान दोनों के गुरु कबीर साहेब थे। कबीर नहीं होते तो सब मुसलमान हो जाते। क्योंकि उस समय मुसलमान लोग हिंदुओं के मंदिर को तोड़कर उन्हें जबरन मुसलमान बना रहे थे।

# दो पड़ोसी एक दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाकर थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

डोंगरगढ़ (दावा)। शहर के बुधवारी पारा निवासी दो सिख परिवारों में घर के सामने खड़े मोटर सायकल में ठोकर मारने को लेकर प्रारंभ हुआ मामूली विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों परिवारों के सदस्यों ने एक दूसरे पर जान से मारने का गंभीर आरोप लगाकर थाना डोंगरगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराया है। प्रार्थी मन्निदर सिंह बग्गा उर्फ (मन्नू बग्गा) आ. स्व. स अजीत सिंह बग्गा की शिकायत पर रंजीत सिंह भाटिया अमरदीप सिंह भाटिया, गुलचरण सिंह भाटिया अमरदीप की पत्नी गगन गुरूचरण सिंह धर्मपत्नी कुलदीप कौर सभी निवासी बुधवारीपारा डोंगरगढ़ के विरूद्व अपराध सदर धारा 296, 115(2), 351(2), 191(2) बीएनएस का अपराध घटित करना पाये जाने पर अपराध पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया। प्रार्थी मन्निदर सिंह बग्गा उर्फ (मन्नू बग्गा) ने पुलिस को बताया कि, दिनांक 9 जून को लगभग 3:45 बजे पडोस में रहने वाला रंजीत सिंह भाटिया द्वारा मेरे मोटर साईकल से टक्कर मारकर लडाई एवं मारपीट शुरू की अमरदीप सिंह भाटिया गुलचरण सिंह भाटिया एवं अमरदीप की पत्नी गगन एवं गुरूचरण सिंह धर्मपत्नी कुलदीप कौर सभी साथ में मिलकर डण्डे एवं राड, तलवार से मेरे ऊपर प्रहार कर मारपीट किये है मारपीट करने से मुझे बांये हाथ में चोट लगी, अथवा पीठ में गर्दन में शरीर में चोंट आया है।

प्रार्थी रंजीत सिंह भाटिया पिता गुरूचरण सिंह भाटिया उम्र 48 साल निवासी बुधवारीपारा वार्ड नंबर 13 ने पुलिस को बताया कि, दिनांक 09 जून को मन्निदर सिह बग्गा ने अश्लील गाली गुप्तार कर हाथ मुक्का से मारपीट किया है। मेरे घर के सामने मन्निदर सिग सामने रहता है। जो करीबन दो माह से मेरा एवं मेरे परिवार का पीछा करता है एवं मारपीट के लिए उकसाता है। कुछ दिन पहले मन्निदर सिंग ने अकारण ही गाली गलौज किया था जिसका हमने कोई जवाब नहीं दिया। 9 जून को अपनी भतीजी को टयूशन छोड़ने जाते वक्त पिताम्बरा फर्नीचर के सामने मेरे गाड़ी को टक्कर मारकर मुझे मुक्के लातों से पीटा एवं मैने अपने बचाव में किया। मेरी माता श्रीमति कुलदीप कौर बीच बचाव के लिए आयी तो उन्हें धक्का दिया जिससे वह गिर गई। माता जी को भी चोंट आई। और जब मैं थाने आ रहा था मेरे एवं मेरे परिवार को जान से मारने की धमकी देकर मां बहन की गंदी-गंदी गालियां दिया और थाने में भी मुझे मुक्कों से मारा एवं पत्थर से मारने की प्रयास किया एवं थाने में भी मारा मुझे जब मुलायजा कराने थाने पहुंचा तो मेरा बेटा जो कि चण्डीगढ में पढ़ता है उसको जान से मारने की धमकी देता है, गुरवीन बग्गा मुझसे अश्लील गाली देकर जान से मारने धमकी दिया। आप से निवेदन है कि मेरी तबियत हमेशा खराब रहती है मन्निदर सिंह बग्गा मुझे जान से मार देगा। पिछले दो महीने से गाली गलौच कर रहा है जब लडाई हुई तो बीच बचाव में आये मेरी माता जी एवं मेरी भाभी से अश्लील गाली गलौज किया मेरा परिवार दो महीने से दहशत में है। मेरे परिवार को जान से मारने की धमकी देता रहा है। मेरे परिवार और मेरा पिछले दो महीने से घर से निकलना दूभर हो गया है। मेरी भतीजी कुमारी अचिंत कौर को भी जिसकी उम्र 14 वर्ष है से भी मारपीट एवं गाली गलौच किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# कबड्डी प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि जागृति चुन्नी यदु ने खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन



डोंगरगांव (दावा)। डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अर्जुनी में युवा पलटन के युवाओं द्वारा रात्रिकालीन दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सभापति श्रीमती जागृति चुन्नी यदु सम्मिलित हुई। आयोजक समिति द्वारा अतिथियों का पुष्प माला पहनाकर एवं गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया और मुख्य अतिथि श्रीमती जागृति यदु ने संबोधित करते हुए कहा की इस तरह के आयोजन से गांव में छिपी हुई प्रतिभा को निखरने का अवसर मिलता है और खेल के माध्यम से आज शहर के साथ-साथ गांव के खिलाड़ी भी राष्ट्रीय स्तर के खेल खेल रहे हैं। उन्होंने खिलाड़ियों की हौसला बढ़ाई और सभी को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया। साथ ही जनपद पंचायत डोंगरगांव के उपाध्यक्ष मनीष साहू, मंडल भाजपा अध्यक्ष भुवन साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष टामेश साहू, दिनेश साहू महामंत्री भाजपा मंडल अर्जुनी, श्रीमती ललिता साहू सरपंच ग्राम पंचायत अर्जुनी, विजय जैन भाजपा नेता अर्जुनी सहित समस्त ग्रामवासी एवं वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

# पहला कॉलम...

## फुटबॉल विश्व कप के लिए 13 टीमों ने किया क्वालिफाई, ब्राजील और ऑस्ट्रेलिया ने भी हासिल किया टिकट

नई दिल्ली। ब्राजील, इक्वाडोर और ऑस्ट्रेलिया ने अगले साल होने वाले फीफा विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर लिया है। तीनों ही अपने-अपने मुकाबले जीतने में कामयाब रहे। वहीं, लियोनल मेसी की अर्जेंटीना को कोलंबिया से ड्रॉ खेलना पड़ा। अर्जेंटीना की टीम पहले ही विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। इसके अलावा चिली को बोलिविया ने 2-0 से हराया जिससे वह लगातार तीसरी बार विश्व कप से बाहर रहेगा।

अब तक कुल मिलाकर 13 टीमों ने क्वालिफाई किया है। 2026 में होने वाले फीफा विश्व कप में 48 टीमें खेलेंगी। 2022 फीफा विश्व कप तक मेन इवेंट में सिर्फ 32 टीमें खेलती थीं। फीफा विश्व कप 2026 अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा की मेजबानी में खेला जाना है। ये तीनों देश मेजबान होने के नाते पहले ही क्वालिफाई कर चुके हैं। यह टूर्नामेंट अगले साल जून और जुलाई में खेला जाएगा।

## बाबर आजम, रिजवान और शाहीन अफरीदी को टी20 स्क्वाड से बाहर



नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम की राष्ट्रीय चयनकर्ता समिति ने बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और शाहीन अफरीदी को टी20 स्क्वाड से बाहर रखने का कड़ा फैसला लिया है। पाकिस्तान को आगामी समय में बांग्लादेश और वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज में हिस्सा लेना है। टेलीकॉम एशिया स्पोर्ट की रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान चयनकर्ताओं ने कप्तान सलमान आगा और सफेद गेंद के हेड कोच माइक हेसन से बातचीत करने के बाद तय किया है कि सीनियर खिलाड़ियों को शामिल नहीं करना है। यह फैसला तीनों खिलाड़ियों के हाल ही में सफेद गेंद के प्रदर्शन के आधार पर लिया गया है। रिजवान के नेतृत्व वाली पाकिस्तानी टीम को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल सीरीज में 0-2 की शिकस्त झेलनी पड़ी थी, जिसका हिस्सा बाबर आजम भी थे। इसके बाद बाबर और रिजवान दोनों को न्यूजीलैंड दौरे व बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू सीरीज से बाहर किया गया।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सीनियर अधिकारी ने टेलीकॉमएशिया से बातचीत में कहा, %पाकिस्तान प्रबंधन और चयन समिति बाबर व रिजवान दोनों से ऊपर उठना चाहती है जबकि हेसन और सलमान दोनों ने कहा कि पूर्व ओपनर्स के लिए दरवाजे बंद नहीं हुए हैं। पिछले कुछ समय में बाबर और रिजवान के टी20 प्रारूप में स्ट्राइक रेट पाकिस्तान की हार की बड़ी वजह रही।

## दक्षिण कोरिया ने व्यापार वार्ता के लिए नए मुख्य वार्ताकार का किया नियुक्ति

नई दिल्ली। दक्षिण कोरिया ने मंगलवार को यो ह्यन-कू को अपना नया मुख्य व्यापार वार्ताकार नियुक्त किया, ताकि वह वाशिंगटन के साथ आयात शुल्कों को कम करने के लिए होने वाली वार्ताओं में देश का नेतृत्व कर सकें। यह कदम अमेरिका द्वारा दक्षिण कोरिया पर 25त्न शुल्क लगाए जाने के बाद उठाया गया है, हालांकि ये शुल्क जुलाई के पहले सप्ताह तक निलंबित कर दिए गए हैं।

दक्षिण कोरिया के नए राष्ट्रपति के लिए, शुल्क कम करना एक प्रमुख नीति प्राथमिकता है, खासकर पिछले कुछ महीनों में नेतृत्व में रिक्तता के कारण वार्ता में देरी हो रही थी।यह नियुक्ति दक्षिण कोरिया के प्रमुख उद्योगों, जैसे ऑटोमोबाइल, एल्युमिनियम और स्टील, पर प्रभाव डालने वाले शुल्कों से निपटने के प्रयास का हिस्सा है।

## मेक्सिको ने ब्राजील के चिकन निर्यात पर प्रतिबंध में छूट दी

नई दिल्ली। ब्राजील के कृषि मंत्रालय ने बताया कि मेक्सिको ने ब्राजील से चिकन आयात पर देशव्यापी प्रतिबंध को कम कर दिया है। अब यह प्रतिबंध केवल ब्राजील के रियो ग्रांडे दो सुल राज्य से आने वाले चिकन उत्पादों पर लागू रहेगा। इससे पहले यह प्रतिबंध पूरे ब्राजील पर था। वहीं, मंत्रालय ने बताया कि मॉरिटानिया ने ब्राजील के चिकन आयात पर पूरे देश में प्रतिबंध लगा दिया है।

ओमान ने भी रियो ग्रांडे दो सुल राज्य से आने वाले चिकन पर आयात रोक लगा दी है।यह प्रतिबंध उस समय लगे जब पिछले महीने रियो ग्रांडे दो सुल के एक वाणिज्यिक फार्म में पक्षी फ्लू का मामला सामने आया था, जिससे कई देशों ने ब्राजील से चिकन आयात पर रोक लगाई थी।

# 212 पर सिमटे कंगारू, द. अफ्रीका 169 रन पीछे; पहले दिन का खेल 43/4 पर समाप्त

नई दिल्ली। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका और गत विजेता ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला जा रहा है। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। कगिसो रबाडा की घातक गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 212 रन पर ऑलआउट कर दिया। उनके लिए ब्यू वेबस्टर ने 72 और स्टीव स्मिथ ने 66 रनों की पारियां खेलीं। वहीं, दक्षिण अफ्रीका की तरफ से रबाडा ने पांच और मार्को यानसेन ने तीन विकेट लिए जबकि केशव महाराज और एडेन मार्करम को एक-एक सफलता मिली।

दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में चार विकेट खोकर 43 रन बनाए। मिचेल स्टार्क ने दो विकेट लिए जबकि जोश हेजलवुड और पैट कमिंस ने एक-एक सफलता अपने नाम की। पहले दिन का खेल खत्म होने तक कप्तान टेम्बा बावुमा तीन और डेविड बेडिंघम आठ रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। पहली पारी में दक्षिण अफ्रीका पर ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने दबाव बनाया। उन्हें पहला झटका स्टार्क ने दिया। उन्होंने एडेन मार्करम को बोल्ड किया, वह खाता भी नहीं खोल पाए। इसके बाद स्टार्क ने रेयान रिकेल्टन को उस्मान ख्वाजा के हाथों कैच आउट कराया। वह सिर्फ 16 रन बना पाए। वियान मुल्डर और टेम्बा बावुमा



क्रीज पर डटे रहे, लेकिन रन गति धीमी रही। मुल्डर को कमिंस ने पवेलियन की राह दिखाई। वह सिर्फ छह रन बना पाए। ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत झटके के साथ हुई। उस्मान ख्वाजा खाता भी नहीं खोल पाए। उन्हें रबाडा ने पवेलियन भेजा। इसके बाद रबाडा ने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए कैमरन ग्रीन को अपना शिकार बनाया, जो सिर्फ चार रन बना पाए। सलामी बल्लेबाज लाबुशेन भी ज्यादा देर विकेट पर टिक नहीं पाए। उन्हें यानसेन ने कैच आउट कराया। वह सिर्फ 17 रन बना पाए जबकि ट्रेविस हेड 11 रन बनाकर आउट हो गए। पहले सत्र में 67 के स्कोर पर चार विकेट खो चुकी ऑस्ट्रेलिया को एक विशाल साझेदारी की दरकार थी। स्टीव स्मिथ और ब्यू वेबस्टर ने मोर्चा संभाला। दोनों के बीच पांचवें विकेट के लिए 79 रनों की साझेदारी हुई।

इस दौरान स्मिथ 112 गेंदों में 66 रनों की पारी खेलने में कामयाब हुए। उन्होंने 76 गेंदों में अपना 42वां अर्धशतक पूरा किया। मार्करम को पांचवीं सफलता मिली। इसके बाद वेबस्टर ने कुछ अच्छे शॉट खेले और अपना अर्धशतक पूरा किया। वह 92 गेंदों में 72 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया का कोई बल्लेबाज ज्यादा देर विकेट पर टिक नहीं पाया। एलेक्स कैरी ने 23, कप्तान पैट कमिंस ने एक, मिचेल स्टार्क ने एक रन बनाया। वहीं, नाथन लायन खाता भी नहीं खोल पाए जबकि हेजलवुड खाता खोले बिना क्रीज पर नाबाद रहे। पहली पारी में रबाडा ने कुल पांच विकेट हासिल किए।

# प्रियंका ने जीती 10 किमी पैदलचाल, रामबाबू को कांस्य पदक




नई दिल्ली । गोस्वामी ने 47 मिनट और 54 सेकेंड का समय निकाला। उनके नाम 20 किलोमीटर रेसवॉक में एक घंटे, 28.45 मिनट का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। भारत की पैदलचाल एथलीट प्रियंका गोस्वामी ने सत्र की पहली जीत दर्ज करते हुए इंसब्रुक में ऑस्ट्रियन रेसवॉकिंग चैंपियनशिप में महिलाओं की 10 किलोमीटर दौड़ में पहला स्थान हासिल किया। गोस्वामी ने 47 मिनट और 54 सेकेंड का समय निकाला। उनके नाम 20 किलोमीटर रेसवॉक में एक घंटे, 28.45 मिनट का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है।

10 किलोमीटर में उनका सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 45 मिनट और 47 सेकेंड का है जो उन्होंने 2022 में बनाया था। गोस्वामी ने अपने सोशल मीडिया हैंडिल पर लिखा, एक मिनट की पेनाल्टी के बावजूद मैने स्वर्ण जीता जो आसान नहीं था। बुखार और पेनाल्टी के बाद यह मुश्किल था।

वह मई में मेलबर्न में एथलेटिक्स विक्टोरिया वॉकिंग चैंपियनशिप में दूसरे स्थान पर रही थी। इंसब्रुक में पुरुषों की 35 किलोमीटर रेसवॉक में संदीप कुमार दूसरे और राम बाबू तीसरे स्थान पर रहे।

# तत्काल टिकट बुकिंग के नियमों में बड़ा बदलाव: अब आधार और ओटीपी अनिवार्य, 1 जुलाई से लागू होंगे नए नियम

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने तत्काल टिकट बुकिंग प्रक्रिया में बड़ा बदलाव करते हुए कुछ अहम नियम लागू करने का निर्णय लिया है। नए नियम 1 जुलाई 2025 से देशभर में चरणबद्ध रूप से प्रभावी होंगे। यह फैसला यात्रियों को अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और निष्पक्ष सेवा देने की मंशा से लिया गया है।

तत्काल टिकट योजना, जो यात्रा की तत्काल आवश्यकता वाले यात्रियों के लिए बनाई गई थी, समय के साथ दलालों और फर्जी बुकिंग की वजह से आलोचनाओं का शिकार होती रही है। इसे देखते हुए रेलवे ने अब आधार प्रमाणीकरण और ओटीपी सत्यापन जैसे डिजिटल उपायों को अनिवार्य कर दिया है। इसके अलावा, अधिकृत एजेंटों पर बुकिंग के शुरुआती समय में रोक लगाकर आम यात्रियों को प्राथमिकता दी जा रही है। रेलवे के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ कटारिया ने बताया कि यह बदलाव न केवल बुकिंग प्रक्रिया को अधिक सुरक्षित बनाएंगे, बल्कि वास्तविक जरूरतमंद यात्रियों को तत्काल टिकट प्राप्त करने में भी आसानी होगी। तत्काल योजना को अधिक पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए इसमें तीन बड़े बदलाव किए गए हैं, जो इस प्रकार हैं-

अब रेलवे पीआरएस काउंटर या अधिकृत टिकट एजेंट के माध्यम से तत्काल टिकट बुक करने के लिए भी OTP सत्यापन जरूरी होगा। यात्री को बुकिंग के समय अपने मोबाइल नंबर पर भेजे गए सिस्टम जनरेटेड OTP को दर्ज करना अनिवार्य होगा।

यह नियम भी 15 जुलाई 2025 से प्रभावी होगा। इन बदलावों के तहत अब ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही माध्यमों से तत्काल टिकट बुक करने के लिए यात्री का आधार नंबर और ओटीपी वेरिफिकेशन जरूरी होगा। इसके साथ ही, एजेंटों पर शुरुआती 30 मिनट तक बुकिंग पर प्रतिबंध लगाकर दलाली प्रवृत्तियों पर नियंत्रण लाने की दिशा में कदम उठाया गया है। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे 1 जुलाई 2025 से लागू होने वाले इन नए नियमों की जानकारी समय रहते ले लें और यात्रा की योजना बनाते समय इनका पालन करें।

# तीन राज्यों में रेड: ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत 2.66 करोड़ की साइबर ठगी का खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार

रायपुर। छत्तीसगढ़ के रायपुर रेंज पुलिस ने ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए शेयर ट्रेडिंग में अत्यधिक लाभ का झांसा देकर 2.66 करोड़ रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के चार मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये गिरफ्तारियां झारखंड, गुजरात और आंध्रप्रदेश में की गईं। मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थी हेमंत कुमार जैन ने गुढियारी थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनसे शेयर मार्केट में मुनाफा दिलाने के नाम पर 2.66 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की गई है। इस शिकायत पर IPC की धारा 318(4), 3(5) के तहत अपराध क्रमांक 268/25 दर्ज कर मामला रेंज साइबर थाना रायपुर को सौंपा गया। रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा के निर्देश पर साइबर थाना ने तकनीकी विश्लेषण कर आरोपियों की पहचान की। यह भी सामने आया कि ठगी को अंजाम देने के बाद आरोपी लगातार अपना ठिकाना बदलते रहे। विशेष टीमों को झारखंड, गुजरात और आंध्रप्रदेश भेजा गया। अहमदाबाद, हजारीबाग, ईस्ट गोदावरी और गांधीनगर में एक साथ छापेमारी कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से आधार कार्ड, कंप्यूटर, स्कैनर, प्रिंटर और अन्य दस्तावेज जब्त किए गए हैं।

# बस के खाई में गिरने से 5 की मौत

दोहा । केन्या में एक बस के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से कम से कम 5 भारतीय नागरिकों की मौत हो गई है। ये लोग कतर में रह रहे थे और छुट्टियां मनाने के लिए केन्या गए थे। हादसे की जानकारी दोहा स्थित भारतीय दूतावास ने दी है। दूतावास ने च्एक्सज् पर पोस्ट किया, च्कतर से 28 भारतीयों का एक समूह केन्या की यात्रा पर था, जहां बस दुर्भाग्यपूर्ण रूप दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें वो सफर कर रहे थे।ज्



नैरोबी में भारतीय उच्चायोग के अधिकारी मौके पर हैं और हरसंभव मदद मुहैया करा रहे हैं।

नैरोबी स्थित भारतीय उच्चायोग ने च्एक्सज् पर पोस्ट किया, च्हम न्यांदरुआ काउंटी में ओल जोरोरोक-नाकुरु रोड पर हुए दुखद सड़क हादसे से बहुत दुखी हैं, जिसमें 5 भारतीय नागरिकों की जान चली गई।ज् उच्चायोग ने कहा, च्शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना। हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं। उच्चायोग की काउंसलर टीम मौके पर है और सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ निकट संपर्क में है।%%

च्द गल्फ टाइम्सज् अखबार ने बताया कि जिस बस में भारतीय पर्यटक यात्रा कर रहे थे वह नियंत्रण से बाहर हो गई और उत्तरपूर्वी काउंटी न्यांदरुआ में एक खाई में गिर गई। अखबार ने सामुदायिक सूत्रों के हवाले से कहा कि दुर्घटना में दक्षिण भारत के कम से कम 5 पर्यटकों की मौत हो गई है। मृतकों की पहचान अभी तक सत्यापित नहीं हो पाई है, जबकि 27 लोग घायल हैं।

# खनिज के बदले अमेरिकी कॉलेज में एडमिशन, चीन के साथ यूएस की बड़ी डील; ट्रंप ने खुद किया ऐलान

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को ऐलान किया कि चीन के साथ एक बड़ा व्यापार समझौता पूरा हो गया है। इस समझौते के तहत चीन अमेरिका को दुर्लभ खनिज और मैग्नेट की आपूर्ति करेगा, जबकि बदले में अमेरिका चीनी छात्रों को अपनी यूनिवर्सिटी और कॉलेजों में पढ़ने की इजाजत देगा।



यह खबर दोनों देशों के बीच तनाव कम करने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है। ट्रंप ने इसे अपनी कूटनीतिक जीत बताया और कहा कि यह समझौता अभी अंतिम मंजूरी के लिए उनके और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के पास है। ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर इस समझौते की जानकारी दी। उन्होंने लिखा, चीन के साथ हमारा समझौता पूरा हो चुका है, जो मेरी और राष्ट्रपति शी की अंतिम मंजूरी के अधीन है। चीन हमें पूरी तरह से मैग्नेट और सभी जरूरी दुर्लभ खनिज पहले से देगा। इसके बदले, हमने जो वादा किया था, वह देंगे, जिसमें चीनी छात्रों को हमारे कॉलेजों और यूनिवर्सिटी में पढ़ने की इजाजत शामिल है (जो मेरे लिए हमेशा ठीक रहा है!)। हमें 55 प्रतिशत टैरिफ मिल रहा है, जबकि चीन को 10 प्रतिशत। हमारा रिश्ता बेहतरीन है! इस पर ध्यान देने के लिए शुक्रिया। इस साल मई में दुर्लभ खनिजों की वजह से दोनों देशों के बीच व्यापारिक रिश्ते में खटास आ गई थी। टैरिफ वॉर ने दोनों मुल्कों के बीच तनाव बढ़ा दिया था। लेकिन अब यह नया समझौता उस खटास को दूर करने की कोशिश है। मंगलवार को अमेरिकी और चीनी अधिकारियों ने बताया कि दोनों देशों ने एक ऐसा ढांचा तैयार किया है, जिससे व्यापार समझौता फिर से पटरी पर आएगा। इसमें चीन की ओर से दुर्लभ खनिजों पर लगी निर्यात पाबंदी हटाने की बात भी शामिल है। यह समझौता लंदन में हुई हालिया बातचीत का नतीजा है, जहां दुर्लभ खनिजों का निर्यात सबसे बड़ा मुद्दा रहा। ट्रंप ने साफ किया कि यह समझौता अभी पूरी तरह लागू नहीं हुआ है और इसके लिए उनकी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग की अंतिम मंजूरी जरूरी है। दूसरी ओर, चीन के उप-प्रधानमंत्री ने कहा कि बीजिंग वाशिंगटन के साथ मजबूत सहयोग के लिए तैयार है। यह समझौता न सिर्फ व्यापार के लिए, बल्कि दोनों देशों के रिश्तों के लिए भी अहम है।

# बेन डकेट ने आईसीसी रैंकिंग में लगाई लंबी छलांग, शे होप को भी जबरदस्त फायदा

नई दिल्ली। आईसीसी की ओर से जारी की गई ताजा रैंकिंग में इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने बहुत लंबी छलांग मारी है। वहीं दूसरी ओर वेस्टइंडीज के शे होप को भी जबरदस्त फायदा मिला है। वैसे तो अभी तक ये दोनों खिलाड़ी टॉप



10 से दूर हैं, लेकिन पिछली सीरीज में जिस तरह का प्रदर्शन इन्होंने किया है, उससे टॉप 10 के काफी करीब जरूर पहुंच गए हैं।

इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच खेली जा रही तीन मैचों की टी20 सीरीज में इंग्लैंड ने मेजबानी टीम का पूरी तरह से सफाया कर दिया है। टीम ने तीन मैचों की सीरीज पर 3-0 से कब्जा कर लिया है। इससे पहले जब इन दोनों टीमों के बीच तीन वनडे मैच हुए थे, उसमें भी ऐसा ही हाल हुआ था। यानी वेस्टइंडीज की टीम इंग्लैंड में छह मैच खेलकर भी एक भी मुकाबला जीत नहीं पाई और हार बार उसे मुंह की खानी पड़ी। इस बीच इंग्लैंड के बेन डकेट ने कमाल का खेल दिखाया था। इसी का असर है कि बेन डकेट ने आईसीसी टी20 रैंकिंग में 48 स्थानों की लंबी छलांग मारी है। वे टॉप 50 से भी बाहर थे, लेकिन अब सीधे नंबर 16 पर पहुंच गए हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज के पहले मैच में वे केवल एक ही रन बनाकर आउट हो गए थे। इसके बाद दूसरे मुकाबले में उन्होंने 30 रन बनाने में कामयाबी हासिल की। इसके बाद तीसरे मैच में तो उन्होंने विस्फोटक अंदाज में 84 रन ठोक दिए। आखिरी पारी की बदौलत ही वे आईसीसी टी20 रैंकिंग में खास उछाल पाने में सफल रहे। अब बात शे होप की करते हैं। वैसे तो उनकी टीम वेस्टइंडीज सीरीज का एक भी मैच नहीं जीत पाई, लेकिन फिर भी शे होप अच्छा प्रदर्शन करने में कामयाब रहे। शे होप टी20 सीरीज के पहले मैच में केवल तीन ही रन बनाकर आउट हो गए, लेकिन दूसरे मुकाबले में उन्होंने 49 रनों की शानदार पारी खेली। तीसरे मैच में भी उनके बल्ले से 45 रनों की पारी आई। वे दो बार अर्धशतक के करीब तक पहुंचे, लेकिन उसे पूरा नहीं कर पाए। अगर अर्धशतक पूरा हो जाता तो उन्हें और भी ज्यादा फायदा आईसीसी रैंकिंग में मिल सकता था।

**सबूतों से हुआ सामना तो....**

है। राजा रघुवंशी हत्याकांड पर पूर्वी खासी हिल्स के एसपी विवेक सायम ने कहा कि हम अभी आरोपी को यहां लेकर आए हैं। अब गहन जांच शुरू होगी। हमारे पास उसकी संलिप्तता के पर्याप्त सबूत हैं। पूरी तस्वीर के बारे में - उसकी संलिप्तता कितनी थी और उसने क्या किया - यह सब बाद में पता चलेगा। इससे पहले मेघालय पुलिस की जांच में जो सबसे हैरान करने वाली बात सामने आई थी वह यह थी कि राजा की हत्या के बाद सोनम इंदौर आई थी और अपने कथित प्रेमी राज कुशवाहा से मुलाकात की थी। फिर वह वाराणसी गई और उसके बाद गाजीपुर के नंदगंज में पकड़ी गई। इस बीच, शिलांग पुलिस इस मामले में मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी और राज कुशवाहा के साथ ही अन्य आरोपियों विशाल चौहान, आकाश राजपूत और आनंद कुर्मी को ट्रांजिट रिमांड पर शिलांग ले गई है। गाजीपुर में आत्मसमर्पण करने के बाद सोनम ने कहा था कि उसे नशीला पदार्थ खिलाकर मेघालय से यूपी लाया गया था। लेकिन मेघालय पुलिस की जांच में सामने आया है कि 23 मई को पति राजा रघुवंशी की हत्या के बाद सोनम गुवाहाटी चली गई थी। वहां से ट्रेन से वह 25 मई को इंदौर पहुंची और राज कुशवाहा से मिली। दोनों किराए के एक कमरे में एक साथ रुके। अगले दिन राज ने एक कार से सोनम को उत्तर प्रदेश भेज दिया।

**आठ दिन की पुलिस कस्टडी में....**

गाजीपुर से गिरफ्तार किया गया, जबकि उसके चार साथियों को मध्य प्रदेश के इंदौर से पकड़ा गया। सोनम को मंगलवार देर रात मेघालय लाया गया, जबकि बाकी चारों को बुधवार को ट्रांजिट रिमांड पर शिलांग लाया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि विशेष जांच दल (एसआईटी) ने अदालत से इन सभी आरोपियों की हिरासत मांगी है, ताकि मेघालय के सोहरा इलाके में हत्या की जगह का पुनर्निर्माण (क्राइम सीन रीक्रिएशन) किया जा सके। बता दें कि, इंदौर के रहने वाले व्यापारी राजा रघुवंशी अपनी पत्नी सोनम के साथ 23 मई को मेघालय के सोहरा क्षेत्र में छुट्टियां मनाने गए थे। उसी दिन दोनों लापता हो गए थे। कई दिनों की तलाश के बाद राजा का शव 2 जून को एक गहरे गड्ढे में मिला था। पुलिस इस मामले की गहराई से जांच कर रही है और इसे साजिशन हत्या का मामला मान रही है। इंदौर पुलिस सूत्रों के अनुसार, सोनम और राज कुशवाहा के बीच पांच महीने से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। राज ने कबूल किया कि सोनम से अफेयर चार से पांच माह का था।

**केंद्रीय कैबिनेट से झारखंड....**

क्षमता बढ़ेगी। इन परियोजनाओं से भारतीय रेलवे की संचालन क्षमता में भी बढ़ोतरी होगी, जिससे सेवाओं में सुधार होगा और यातायात में सुगमता आएगी। ये मल्टी-ट्रैकिंग प्रस्ताव भारतीय रेलवे के संचालन को सरल बनाएंगे और भीड़-भाड़ को कम करेंगे। रेल मंत्रालय ने बताया कि ये परियोजनाएं प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत तैयार की गई हैं, जो मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी को बढ़ावा देती हैं। इससे लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की गतिशीलता में सुधार होगा। परियोजनाओं के पर्यावरणीय लाभों की बात करें तो, रेलवे एक पर्यावरण मित्र और ऊर्जा दक्ष परिवहन तरीका है, जो देश के जलवायु लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करेगा। इसके अलावा, ये परियोजनाएं देश के लॉजिस्टिक लागत को कम करने, तेल आयात (52 करोड़ लीटर) घटाने और C O2 उत्सर्जन (264 करोड़ किलोग्राम) को घटाने में सहायक होंगी, जो 11 करोड़ पेड़ों के लगाने के बराबर होगा। इस दौरान केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, पीएम मोदी के ऐतिहासिक तीसरे कार्यकाल के दौरान, परिवहन और रसद लागत को कम करने के लिए कई परियोजनाएं शुरू की गई हैं। आईआईएम बैंगलोर और आईआईएम कलकत्ता के हालिया अध्ययन से पता चलता है कि परिवहन में निवेश से देश की रसद लागत में लगभग 4 प्रतिशत की कमी आई है। रसद लागत में हर प्रतिशत की कमी का मतलब है कि बहुत अधिक प्रतिस्पर्धी उद्योग होंगे। हम अधिक निर्यात कर सकते हैं।

**सेबी ने निवेशकों की सुरक्षा....**

वाले सभी सेबी-पंजीकृत मध्यस्थों के लिए एक नई यूपीआई संरचना को अनिवार्य कर दिया है। पांडे ने कहा, नया और आधुनिक तंत्र एक सत्यापित और सुरक्षित भुगतान चैनल प्रदान करके प्रतिभूति बाजार के भीतर वित्तीय लेनदेन की सुरक्षा और पहुंच में महत्वपूर्ण सुधार लाएगा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

निवेशकों को सशक्त बनाने के लिए बाजार नियामक सेबी चेक नामक एक नई कार्यक्षमता विकसित कर रहा है। यह आगामी टूल निवेशकों को या तो क्यूआर कोड को स्कैन करके या मैन्युअल रूप से यूपीआई आईडी दर्ज करके और पंजीकृत मध्यस्थ के खाता संख्या और भारत वित्तीय प्रणाली कोड (आईएफएससी) जैसे बैंक विवरण की पुष्टि करके यूपीआई आईडी की प्रामाणिकता को सत्यापित करने में सक्षम करेगा। जनवरी में भारतीय प्रतिभूति व विनिमय बोर्ड (सेबी) ने इस संबंध में एक परामर्श पत्र जारी किया था।

**दिग्विजय के भाई और पूर्व....**

थे और पार्टी के खिलाफ बोल रहे थे। पार्टी की प्रदेश इकाई की ओर से उन्हें कई बार चेतावनी भी दी गई थी। ऐसा लगता है कि उन्होंने भाजपा में जाने का मन बना लिया है। कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने लक्ष्मण सिंह को 6 वर्ष के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। उनकी प्राथमिक सदस्यता भी निरस्त कर दी गई है। नायक ने कहा कि यह संदेश है कि डिसिप्लिन सबके लिए है। अनेक बार लक्षण सिंह ने पार्टी को असहज कर देने वाले बयान दिए थे। पिछला बयान था कि राहुल गांधी सोनिया गांधी आतंकवादियों के साथ खड़े हैं। इस बयान को बर्दाश्त नहीं किया गया और उनको निष्कासित कर दिया गया है। नायक ने कहा कि कांग्रेस भाजपा की तरह नहीं है। जहां मंत्री विजय शाह इस तरह के बयान के बाद भी बैठे हैं। लक्ष्मण सिंह को उसी दल में भाजपा डालेगी जिसमें सुरेश पचौरी पड़े हुए हैं। कांग्रेस में अनुशासनहीनता बरदाश्त नहीं किया जाएगा। कोई भी हो, अनुशासनहीनता करने पर पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। लक्ष्मण सिंह ने 24 अप्रैल को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, रॉबर्ट वाड्रा और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के खिलाफ बयान दिया था। उन्होंने उमर अब्दुल्ला को आतंकवादियों से मिले होने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि हमारे नेताओं को सोच-समझकर बोलना चाहिए, नहीं तो चुनावों में उसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। अगर पार्टी को मुझे निकालना है तो आज ही निकाल दें। लक्ष्मणसिंह ने राहुल गांधी और रॉबर्ट वाड्रा को लेकर भी बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि रॉबर्ट वाड्रा ने कहा था कि मुसलमानों को सड़क पर नमाज नहीं पढ़ने देते, इसलिए आतंकवादियों ने हमला किया।

**आतंकवाद एक दिन आपको भी.....**

असल में आतंकवाद के खिलाफ एक कार्रवाई थी। दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी हमला हुआ था, जिसमें 26 लोगों की नृशंस तरीके से हत्या कर दी गई थी। इसके बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया। इस हमले के जवाब में भारत ने सात मई को पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतकी ठिकानों पर सटीक हमले किए थे। यह सैन्य संघर्ष चार दिन तक चला था। 10 मई को भारत और पाकिस्तान के सैन्य महानिदेशकों (डीजीएमओ) के बीच बातचीत हुई, जिसके बाद सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनी। जब जयशंकर से पूछा गया कि भारत रूस पर पश्चिमी देशों द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों में शामिल क्यों नहीं हुआ, तो उन्होंने कहा कि भारत युद्ध को किसी समस्या का हल नहीं मानता। उन्होंने कहा, हम नहीं मानते कि युद्ध के जरिए मतभेदों को सुलझाया जा सकता है। हमें नहीं लगता कि समाधान जंग के मैदान से आएगा। यह हमारा काम नहीं है कि हम किसी समाधान को थोपें। मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि हम न तो किसी पर अपनी राय थोप रहे हैं, न ही किसी की निंदा कर रहे हैं। लेकिन इसका मतलब यह भी नहीं है कि हम पूरी तरह अलग-थलग हैं। उन्होंने कहा कि भारत के यूक्रेन के साथ भी मजबूत संबंध हैं। यह सिर्फ रूस तक सीमित नहीं हैं। लेकिन हर देश अपने अनुभव, इतिहास और हितों के आधार पर निर्णय करता है। उन्होंने आगे कहा, भारत की सबसे पुरानी शिकायत यही रही है कि हमारी सीमाओं का उल्लंघन (देश की) आजादी के कुछ ही महीनों बाद हुआ, जब पाकिस्तान ने कश्मीर में घुसपैठ करवाई और उस वक्त जो देश सबसे ज्यादा पाकिस्तान के साथ थे, वे पश्चिमी देश थे।

**घर, ऑफिस और गाड़ियों....**

रखने और कार्बन उत्सर्जन को घटाने में मदद करेगा। साथ ही, देशभर में एसी उपयोग के मानक तय करने से ऊर्जा के क्षेत्र में एकरूपता आएगी, जिससे लॉन्ग टर्म में उपभोक्ताओं और पर्यावरण दोनों को लाभ होगा। सरकार के इस सख्त कदम से पहले, साल 2020 में ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी ने भी एसी के तापमान को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए थे। उस समय BEE ने स्टार रेटिंग वाले सभी एयर कंडीशनर्स के लिए 24 डिग्री सेल्सियस को डिफॉल्ट टेम्प्रेचर के रूप में तय किया था। यानी एसी ऑन करते ही तापमान स्वतः 24 डिग्री पर सेट होता था, हालांकि उपभोक्ता अपनी सुविधा अनुसार इसमें बदलाव कर सकते थे। अब सरकार ने इस दिशा में एक और कड़ा कदम उठाते हुए तापमान की सीमा 20 से 28 डिग्री सेल्सियस के बीच निर्धारित कर दी है। यह नियम शुरुआत में एक प्रयोग के तौर पर शुरू लागू किया जा रहा है, लेकिन आने वाले समय में इसे देशभर में अनिवार्य किया जा सकता है।

**सुरक्षाबलों और नक्सलियों के....**

किरण चव्हाण ने बताया कि इलाके में कटे कल्याण एरिया कमेटी के नक्सलियों के मौजूदगी की सूचना मिली थी जिसके आधार पर ऑपरेशन चलाया गया। ऑपरेशन अभी जारी है और इलाके में रुक-रुक कर मुठभेड़ हो रही है ऑपरेशन खत्म होने के बाद पूरी जानकारी विस्तार से दी जाएगी। मिली जानकारी के अनुसार मौके से एक इंसास राइफल और 12 बोर बंदूक बरामद किया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिस इलाके में सुरक्षा बलों और जवानों के बीच मुठभेड़ हुई है वह पहाड़ी वाला इलाका है और इलाके में कटे कल्याण एरिया कमेटी के नक्सलियों की मौजूदगी थी। मिली जानकारी के अनुसार इस मुठभेड़ में पैदारास एलओएस कमांडर के भी मारे जाने की संभावना है, हालांकि सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि फिलहाल दोनों ही माओवादियों की शिनाख्ती की जा रही है। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के कुकानार थाना अंतर्गत पुसगुन्ना क्षेत्र में पुलिस जवान एवं सुकमा डीआरजी की संयुक्त पुलिस टीम के जवानों को नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता मिली है। सर्चिंग के दौरान जवानों ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों को न्यूट्रलाइज किया है, जिनमें ?5 लाख का इनामी पेदारास एलओएस कमांडर बमन शामिल है। हमारे सुरक्षाबल के जवान पूरी ताकत से नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं।

# हाईकोर्ट का अहम फैसला, अविवाहित बेटी की संपत्ति पर नहीं हो सकता दत्तक पिता का अधिकार

बिलासपुर. अविवाहित पुत्री की मृत्यु होने पर उसकी संपत्ति पर अधिकार को लेकर दत्तक पिता ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया है। निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखते हुए जस्टिस एनके व्यास के सिंगल बेंच ने कहा कि दत्तक पिता को अविवाहित पुत्री की संपत्ति का उत्तराधिकारी नहीं बनाया जा सकता। कोर्ट ने कहा कि दत्तक पुत्री के दस्तावेजों के नामिनी होने के आधार पर उसे उत्तराधिकारी नहीं माना जा सकता है और ना ही यह पर्याप्त है। दत्तक पिता अविवाहित पुत्री की बैंक, बीमा या अन्य चल अचल संपत्ति का उत्तराधिकारी नहीं हो सकता।



दरअसल रायगढ़ जिला के पुसौर निवासी खितिभूषण पटेल के छोटे भाई पंचराम पटेल पुलिस विभाग में कांस्टेबल के पद में कार्यरत था। उसकी शादी 1987 को फुलकुमारी पटेल के साथ हुई थी। इससे एक पुत्री कुमारी ज्योति पटेल का जन्म हुआ। 7 मई 1993 को पत्नी फुलकुमारी ससुराल छोड़कर चली गई। पुत्री ज्योति अपने दादा कमलधर के साथ रहती थी। 26 जून 1999 को सेवाकाल के दौरान पंचराम पटेल की मृत्यु हो गई। इसके बाद दादा कमलधर पटेल का भी निधन हो गया। इसके बाद पंचराम के बड़े भाई अपीलकर्ता खितिभूषण ने ज्योति पटेल को पुत्री के रूप में विधिवत गोद लिया एवं अपने साथ रख भरण पोषण, शिक्षा व पूरा लालन पालन किया। ज्योति पटेल को पुलिस विभाग में अनुकंपा नियुक्ति मिली। दुर्भाग्यवश 17 सितंबर 2014 को अविवाहित अवस्था में ज्योति की मृत्यु हो गई। मृतक दत्तक पुत्री के सभी बैंक, बीमा पॉलिसी एवं अन्य दस्तावेज में दत्तक पिता ही नामनी है। बेटी की मौत के बाद उसके खाते में जमा राशि प्राप्त करने दत्तक पिता ने सिविल न्यायालय में आवेदन पेश किया था। आवेदन निरस्त होने के खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट में अपील पेश की थी।

मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा, नामित व्यक्ति बीमा कंपनी द्वारा जारी पॉलिसी के तहत राशि या बैंक में बचत खाते या सावधि जमा रसीद में जमा राशि प्राप्त करने का हकदार है, लेकिन उनका वितरण उनके उत्तराधिकार कानून के अनुसार होगा। चूंकि पक्षकार हिंदू है, इसलिए मृतक की संपत्ति का वितरण हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 के तहत होगा और मृतक महिला है, इसलिए उसकी संपत्ति अधिनियम 1956 की धारा 15 और 16 के अनुसार वितरित की जाएगी। अधिनियम की धारा 15 की श्रेणी सी में आने के कारण उपधारा (1) में निर्दिष्ट कानूनी उत्तराधिकारी, मां बीमा कंपनी या बैंक या नियोक्ता यानी पुलिस विभाग के पास जमा संपत्ति का उत्तराधिकार प्राप्त करने की हकदार होगी।

यहां यह उल्लेख करना उचित है कि मृतक अविवाहित महिला है और मृतक के पिता की भी मृत्यु हो गई है, इसलिए उत्तराधिकार प्रदान करने के लिए दायर आवेदनों में शामिल संपत्तियों का उत्तराधिकार पाने के लिए मां ही एकमात्र कानूनी उत्तराधिकारी है। हाईकोर्ट ने दत्तक पिता द्वारा सिविल न्यायालय से पारित आदेश के खिलाफ पेश अपील को खारिज कर दिया है।

# युक्तियुक्तकरण को लेकर कांग्रेस ने किया बीईओ कार्यालय का घेराव



**राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन**

छुरिया (दावा)। युक्तियुक्तकरण के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव किया। जहां भाजपा सरकार द्वारा शिक्षा के कानून, शिक्षा के अधिकार कानून की धज्जियां उड़ाने पर कांग्रेसियों ने खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी साहू, मदन साहू अध्यक्ष जिला किसान कांग्रेस एवं कार्यक्रम प्रभारी के नेतृत्व में जमकर हल्ला बोला और उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के शिक्षा विरोधी नीति को वापस लिया जाये। इस दौरान कांग्रेस के प्रदर्शन को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल भी तैनात थी। जहां राज्य सरकार की तानाशाही रवैये एवं शिक्षा के कानून में फेरबदल के विरोध में राज्यपाल के नाम ज्ञापन भी सौंपा गया।

विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी प्रशांत चिर्वतकर को ज्ञापन सौंपते हुए विधायक भोलाराम साहू ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार द्वारा शिक्षा विभाग में नया सेटअप के नाम पर किए जा रहे युक्तियुक्तकरण से लगभग 10463 स्कूल बंद किए जा रहे हैं जिससे छुरिया ब्लाक में लगभग 80 स्कूल बंद हो जायेंगे। वहीं इस आदेश के तहत लगभग 45 हजार शिक्षकों के पद प्रभावित हो जायेंगे। साथ ही स्कूल में कार्यरत रसोईयों, भृत्य, स्वीपर, महिला समूह सहित युवाओं के रोजगार पर प्रभाव पड़ेगा। इस युक्तियुक्तकरण में खासकर अनुसूचित क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के शैक्षिक स्तर पर प्रभाव पड़ेगा। कांग्रेस पार्टी ऐसी युक्तियुक्तकरण वाले आदेश का विरोध करती है। जिसके विरोध में राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर ऐसा आदेश को तत्काल निरस्त करने की मांग की। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रितेश जैन, कार्यकारिणी अध्यक्ष राजकुमार सिन्हा, चुम्मन साहू, अब्दुल खान, राहुल तिवारी, सतीश पटेल, कांति भण्डारी, शरद चन्द्राकर, डॉ.प्रकाश शर्मा, एकनाथ सिन्हा, नरेश शुक्ला, विनोद मंडलोई, अमित अग्रवाल, कन्हैया कोले, पार्षद सोनू खान, रोशन निर्मलकर, दीपक जगने, प्रकाश मोटघरे, राजिल कुरैशी, शकील कुरैशी, जावेद मेमन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# वरूणदेव के अवतार हैं भगवान झूलेलाल - संत लाल दास



राजनांदगांव (दावा)। पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा शहर के लालबाग स्थित सिंधु भवन में आयोजित भगवान श्री झूलेलाल कथा के दूसरे दिन संत साई लाल दास ने कथा को आगे बढ़ाते हुए बताया कि भगवान वरूणदेव ने ही झूलेलाल के रूप में अवतार लिया है।

पूज्य सिंधी पंचायत के मीडिया प्रभारी एवं प्रवक्ता अशोक पंजवानी ने बताया कि चकरभाठा वाले संत श्री लाल दास ने भगवान श्री झूलेलाल के अवतरण के बारे में बताया कि कैसे हिन्दुओं एवं सिंधियों के घोर संकट के समय चंद्र दिवस शुक्रवार को सिंध प्रदेश नखतपुर में रतन राय के घर माता देवकी के गर्भ से जन्म लिया। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण एवं श्री झूलेलाल की समानता के बारे में भी बताया। जैसे श्रीकृष्ण जी ने बाल लीला की, वैसे ही झूलेलाल भगवान ने बाल लीला की। संत लालदास ने विस्तार से बताया कि सिंध प्रदेश के ठढे नगर में एक मुस्लिम बादशाह का राज था, जो चाहता था कि सभी हिन्दू सिंधी या तो मुसलमान बन अथवा हमारा सिंध प्रदेश छोड़ दे अन्यथा उनका मृत्यु दण्ड किया जाएगा। अंत में हिन्दुओं के मुखिया ने गांव वालों के साथ जाकर तीन दिन का समय मांगा और सभी सिंधी एवं हिन्दू सिंधु नदी किनारे वरूणदेव को पुकारने लगे। उन्होंने दीया जलाकर जल देवता से हाथ जोड़कर प्रार्थना की किया तो आप आकर हमें बचा लो अन्यथा हम सभी जल समाधि लेकर अपनी जान देंगे। फिर तीसरे दिन आकाशवाणी हुई कि आपकी एवं सनातन हिन्दू धर्म की रक्षा करने के लिए अवतार लूंगा। इस तरह भगवान वरूणदेव ने झूलेलाल के रूप में अवतार लिया।

# वन कार्य योजना पत्रक का विमोचन किया गया

बांधाबाजार (दावा)। वीर शहीद महापुरुष बिरसा मुंडा के शहादत दिवस के अवसर पर वनांचल सुदूर आदिवासी बाहुल्य ग्राम पड़की ग्राम पंचायत कुदुरघोड़ा तहसील अंबागढ़ चौकी जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी छत्तीसगढ़ राज्य में वन अधिकार अधिनियम 2006 नियम 2008 संशोधित अधिनियम 2012 के संवैधानिक प्रावधान के अनुसार ग्राम सभा पड़की ने सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन अधिकार के वन क्षेत्र का दस वर्षीय वन कार्य योजना का विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

उक्त आयोजन को सृष्टि संस्था परियोजना कार्यालय ग्राम दक्कोटोला तहसील अंबागढ़ चौकी के मार्गदर्शन पर ग्राम सभा द्वारा अपने विवेक से तथा संस्था द्वारा महाराष्ट्र राज्य में करवाया गया एक्सपोजर विजिट से प्रेरणा लेकर यह योजना बनाने में सफल हुए है। जिसका विमोचन कार्यक्रम 9 जून को ग्राम पड़की में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत की वन सभापति श्रीमती शेषवरी धुर्वे के मुख्य आथित्य एवं जिला पंचायत की स्थानीय जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सविता तिलक सोरी के अध्यक्षता में संपन्न हुआ है। विशेष अतिथि बतौर अध्यक्ष जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी के पुनऊ राम फुलकौरे, श्याम लाल चंद्रवशी वन सभापति, शत्रुघ्न सिंह चुरेंद्र, पवन तुलावी और प्रमेंद्र यादव जनपद सदस्य और सरपंच श्रीमती कंचन बाई कुमेटी, सचिव बिदेसिंह कुंजाम के उपस्थिति में विमोचन कार्यक्रम संपन्न हुआ है।

आयोजक ग्राम सभा की सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति द्वारा देसी बीज फल फूल आदि की प्रदर्शनी लगाया गया था जो मनभावक थी। ग्राम सभा की महिलाओं द्वारा अतिथियों को आदिवासी लोक परंपरा का प्रचलित रेला गीत से गाते हुए मंच तक सम्मान के साथ लाया स्वागत करते हुए लाया गया। मंच पर परिलक्षित तेल चित्र शहीद वीर बिरसा मुंडा एवं छत्तीसगढ़ महतारी फोटो को



माल्यार्पण कर विधिवत पूजा अर्चना किया गया है। स्वागत समारोह के पश्चात कार्यक्रम का प्रस्ताविक उदबोधन सृष्टि संस्था के कलस्टर समन्वयक जयदेव मोहुर्ले ने किया। पश्चात वन दस वर्षीय कार्य योजना पत्रक का विमोचन मंच पर उपस्थित सभी मान्यवर के करकमलों द्वारा किया गया है। ग्राम पड़की के महिलाओं ने गांव की प्रमुख मांग रोड निर्माण कुदूरघोड़ा एवं सामुदायिक भवन निर्माण की मांग किया गया है। ग्राम सभा की ओर से श्रीराम कोमरे ने बताया गांव में बैठने एक भी शासकीय भवन नहीं है। बरसात के दिनों मे मुख्य आवाजाही के लिए पक्की सड़क नहीं है। गांव में प्राथमिक स्कूल नहीं हैं। अनेक समस्याओं से ग्रसित आदिवासी बाहुल्य गांव है जो कि 30 परिवार निवासरत है जो राजस्व ग्राम है। इन मुद्दों को हल करवाने हेतु ग्रामीणों ने जन प्रतिनिधियों को ज्ञापन दिया गया है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला वन सभापति श्रीमती शेषवरी धुर्वे ने बताया कि हम जल्दी ही उपखंड स्तरीय समिति जिला स्तरीय वन समिति का गठन कर विगत दो साल से पेंडिंग दावा पत्र का निराकरण कर दावेदार को उनका हक अधिकार दिया जाएगा उन्होंने यह भी बताया कि जिन ग्राम सभाओं ने संवैधानिक प्रावधान के अनुकूल कार्य कर रहे है उनको शासन की ओर से सहयोग राशि दिया जाएगा।

वन वर्किंग प्लान को ग्राम सभा पड़की ने बनाया है। इस ग्राम सभा को धन्यवाद देते हुए मार्गदर्शक संस्था सृष्टि संस्था को धन्यवाद ज्ञापित किया है। जिला वन सभापति श्रीमती सविता तिलक सोरी ने इस गांव के समस्त समस्याओं को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया है। अध्यक्ष जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी ने सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन अधिकार का कार्य योजना को प्राथमिकता देते हुए बताया कि शासन की मंशानुरूप इसमें रोजगार सृजन होगा और वन का उचित प्रबंधन होगा। पलायन को रोक लगेगा। सृष्टि संस्था का मार्गदर्शन इस गांव के लिए वरदान साबित होगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पवन तुलावी ने पेसा कानून को जोर देते हुए जल जंगल जमीन की लड़ाई में जीवन समर्पित करने वाले वीर शहीद महापुरुष बिरसा मुंडा के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कृष्ण कुमार सिन्हा रायपुर, राजेंद्र कुमार नेताम ने जन सभा को संबोधित किया गया है। इस अवसर पर वनांचल के ग्राम भूरभूसी, संसारगढ़ पड़की चिरचारी ग्राम बमनी ग्राम कोड़ेवाड़ा ग्राम मर्देल ग्राम मुद्याल सुवरबोड और ग्राम गल्लेटोला के ग्राम सभा सदस्य उपस्थित थे।

सृष्टि संस्था के कार्यकर्ता कुणाल गुरनूले धनंजय ठाकरे प्रियंका मोहुर्ले एवं परियोजना समन्वयक गायत्री मैडम (महाराष्ट्र राज्य) और समग्र सृष्टि संस्था ग्राम दक्कोटोला तहसील अंबागढ़ चौकी की अध्यक्ष श्रीमती सुनंदा मोहुर्लेए जयदेव मोहुर्ले कार्यकर्ता अर्जुन कुमेटी गजाराम धुर्वे श्रीमति सरिता कोरेटी के अलावा ग्राम की सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन अधिकार समिति के पदाधिकारी गंगादास सलामें योगेश मंडावी और श्रीमती लता कोवाचीए जयवंतीन बाई कवड़ों रूपा बाई कौडो शामिल थे। कार्यक्रम में उपस्थित मान्यवर और जनसमुदाय का आभार प्रदर्शन कर कार्यक्रम समापन की घोषणा वीरेंद्र कुमार कोवाची ने किया।

# प्राकृतिक प्रेमी जितेंद्र मानसिंग साहू ने जन्मदिवस पर किया पक्षी बचाओ अभियान आगाज



राजनांदगांव (दावा)। सकोरे बाटे व पेड़ पौधा पर लगाएं प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी जन्म दिवस पर सकारात्मक कार्य करते हुए पक्षियों के लिए मुहिम चलाकर लोगों को जागरूक किया जितेंद्र मानसिंग साहू ने कहां - जिसकी जैसी नियत है, वो वैसी कहानी रखते हैं कोई परिंदों के लिए बंदूक तो कोई सकोरे में परिंदों के लिए पानी रखता है।

आजकल पक्षी कम होने के कई कारण हैं। इनमें से मुख्य कारण हैं मानव गतिविधियाँ, जैसे कि जंगलों की कटाई, प्रदूषण, आक्रामक प्रजातियाँ और जलवायु परिवर्तन। जलवायु परिवर्तन से पक्षियों के आवास और भोजन पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है, और कुछ प्रजातियाँ विलुप्त होने के कगार पर हैं. आवास का विनाशः- जंगलों की कटाई और शहरीकरण से पक्षियों के रहने के लिए जगह कम हो रही है.

प्रदूषणः- वायु और जल प्रदूषण से पक्षियों की संख्या में कमी आ रही है.

आक्रामक प्रजातियाँः- कुछ आक्रामक प्रजातियाँ पक्षियों को भोजन और आवास के लिए प्रतिस्पर्धा देती हैं, जिससे उनकी संख्या में कमी आती है.

जलवायु परिवर्तनः- जलवायु परिवर्तन से पक्षियों के आवास और भोजन पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है, और कुछ प्रजातियाँ विलुप्त होने के कगार पर हैं.

शिकारः- कुछ पक्षियों का शिकार अवैध रूप से किया जाता है, जिससे उनकी संख्या में कमी आती है.

कीटनाशकः- कीटनाशकों के इस्तेमाल से पक्षियों को नुकसान हो रहा है, जिससे उनकी संख्या में कमी आ रही है.

भोजन की कमीः- कुछ पक्षियों के भोजन के स्रोत, जैसे कि कीट और मछलियाँ, कम हो रहे हैं, जिससे उनकी संख्या में कमी आ रही है.

इस बीच छात्र युवा मंच संयोजक नागेश यदु, सहसंयोजक चंद्रभान जंघेल, प्रदेश प्रमुख माधव साहू, प्रदेश अध्यक्ष लोकेश बारापात्रे, महामंत्री भागवत वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश साहू, चंदन साहू,यश शर्मा, खेम साहू, दुष्यंत सेन, साहिल जंघेल आदि सम्मिलित रहे।

# लोक संगीतकार स्व.खुमान साव की पुण्यतिथि उनके जन्मभूमि खुर्सीटिकुल में मनाई गई

डोंगरगांव (दावा)। ब्लॉक के खुर्सीटिकुल में स्व.खुमान साव संगीत अकादमी और शिवनाथ साहित्य धारा डोंगरगांव के संयुक्त तत्वावधान में लोक संगीतकार खुमान साव की 6वीं पुण्यतिथि मनाई गई। लोक संगीतकार और खुमान साव संगीत अकादमी के संस्थापक गोविंद साव के संयोजन में आयोजित खुमान साव व्याख्यानमाला के मुख्य अतिथि प्रभात तिवारी अध्यक्ष, प्रगतिशील लेखक संघ राजनांदगांव एवं अध्यक्षता कुबेर सिंह साहू वरिष्ठ साहित्यकार, संरक्षक साकेत साहित्य परिषद सुरगी ने की।

प्रभात तिवारी ने कहा कि खुमान साव ने छत्तीसगढ़ी लोक संगीत को एक नई दिशा दी। उन्होंने छत्तीसगढ़ की माटी का मान पूरे भारतवर्ष में बढ़ाया। कुबेर सिंह साहू ने कहा कि श्री साव बहुत ही अनुशासनप्रिय शख्स थे। कलाकारों की भुल को भी वे इस तरह से बताते थे कि उनको गलती का अहसास हो जाये और बुरा भी न लगे। उन्होंने संगीत साधना से छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति की खुशबू को बिखेरने में महती योगदान दिया। वरिष्ठ कवि वीरेन्द्र कुमार तिवारी वीरू ने कहा कि खुमान साव कला के पारखी थे। उन्होंने छत्तीसगढ़ी लोक संगीत में अपनी मौलिकता से परचम लहराया।

शिवनाथ साहित्य धारा डोंगरगांव के अध्यक्ष महेंद्र कुमार बघेल मधु ने कहा कि खुमान साव जैसी शख्सियत के साथ वर्ष 2015 में साकेत साहित्य

**वैचारिक संगोष्ठी के साथ ही गीतों भरी श्रद्धांजलि दी गई**

सम्मान पाकर मैं धन्य हो गया। उनका सान्निध्य मिलना साकेत साहित्य परिषद के लिए बहुत ही गौरव की बात है। वे एक बेजोड़ संगीतकार है। ओमप्रकाश साहू अंकुर, अध्यक्ष साकेत साहित्य परिषद सुरगी ने कहा कि खुमान साव ने सैकड़ों कलाकारों की प्रतिभा को तराश कर उन्हें लोकप्रियता की बुलंदियों तक पहुंचाया। नाचा के पितामह मंदराजी दाऊ और चंदैनी गोंदा के सर्जक दाऊ रामचंद्र देशमुख के साथ काम कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

सभा को लोक संगीतकार गोविंद साव, डॉ. इकबाल खान अध्यक्ष, वनांचल साहित्य समिति मोहला, केशव राम साहू सेवानिवृत्त प्राचार्य खुर्सीटिकुल, जीवन लाल साव वरिष्ठ नागरिक, मोहित साव वरिष्ठ नागरिक, रोहित कुमार तारम वरिष्ठ लोकगायक एवं साहित्य कार, मंच संचालक मुरलीशरण दास वैष्णव ने संबोधित करते हुए लोक संगीत के क्षेत्र में खुमान साव के योगदान का स्मरण किया। तारम ने अपनी लोकगायकी से एक अलग ही समां बांधा। इस अवसर पर अनिल कसेर उजाला, मनीष साहू मन, गोवर्धन परतेती गंभीर, मुकेश कुमार शुक्ला, सुषमा शुक्ला, जसवंत मंडावी, कन्हैया लाल मेश्राम, डोहर दास साहू ने अपनी गीतों और कविताओं के माध्यम से लोक संगीत सम्राट को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का सरस संचालन मुरलीशरण दास वैष्णव एवं आभार व्यक्त खुमान साव संगीत अकादमी के संस्थापक गोविंद साव ने किया।

# पुलिस ने 105 किलो गांजा के साथ 3 अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार



रायगढ़। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी पर एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन अंतरराज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 105 किलो गांजा, दो लग्जरी कार और चार मोबाइल फोन समेत कुल 44.85 लाख रुपये की अवैध सामग्री जब्त की है। जानकारी के अनुसार, जूटमिल थाना प्रभारी प्रशांत राव आहेर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ओडिशा के कनकतुरा से दो अलग-अलग कारों में भारी मात्रा में गांजा तस्करी की जा रही है। इस सूचना पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए ओडिशा सीमा से लगे बड़माल रेलवे लाइन किनारे बैरिकेडिंग कर दो कारों को रोका। तलाशी के दौरान ग्रे रंग की स्विफ्ट डिजायर (क्रमांक ओर 17 जी 4546) और ब्लैक ग्रैंड विटारा (क्रमांक सीजी 13 बीबी 9200) से 103 पैकेट में कुल 105 किलो गांजा बरामद हुआ।

# हॉल ए राजस्व, तहसील कार्यालय, पक्षकार ही कर रहे प्रकरण की सुनवाई- दीपा रामटेके



राजनांदगांव (दावा)। अधिवक्ता श्रीमती दीपा रामटेके ने जिलाधीश के पास ममता नगर के गार्डन में अवैध कब्जा कर निर्माण की शिकायत सहित प्रकरण दाखिल किया था जिसे तत्कालिक कलेक्टर संजय अग्रवाल ने स्वयं सुनवाई ना करते हुए, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजनांदगंव को भेज दिया, जिसे तहसीलदार राजनांदगांव को भेज दिया, जबकि उक्त प्रकरण में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व व तहसीलदार सहित नगर पालिक निगम को भी पक्षकार बनाया गया है।

**तीन माह में नहीं आया पटवारी प्रतिवेदन, अन्य पक्षकारों को नोटिस भी जारी नहीं**

बकायता तहसीलदार ने ऑफलाईन प्रकरण 19 मार्च को दर्ज किया और आदेश पत्रक में अनावेदक को आहूत करने व हल्का पटवारी से रिपोर्ट का लेख है, तब से 6 सुनवाई पर भी ना तो हल्का पटवारी ने प्रतिवेदन दिया है और ना ही संबंधित अन्य पक्षकारों को प्रकरण में उपस्थित होने का विधिवत नोटिस जारी किया है।

प्रकरण को देखने से लगता है कि इस गंभीर मुद्दे को सभी प्रशासनिक अधिकारी टॉल रहे है, या तो पटवारी की पहुंच वाला है जो तहसीलदार के प्रतिवेदन प्रस्तुत हेतु जारी नोटिस पर भी निर्धारित समय पर प्रतिवेदन नहीं दें रहा है। अब सरकार सहित आला अधिकारी शिविर व कैम्प लगाकर लोगों की समस्याओं का दावा कर रहें वहीं राजस्व प्रकरण के त्वरित निराकरण के लिये तहसीलों में शिविर लगा रहें है, जबकि पूर्व से लंबित प्रकरण वैसे के वैसे ही लंबित पडे है। यह एक प्रशासनिक लापरवाही है, जो भ्रष्टाचार को जन्म देती है, ऐसे अधिकारी, कर्मचारी, पटवारी पर वैधानिक कार्यवाही होनी चाहिये। श्रीमती दीपा रामटेके ने प्रेस को बताया कि वे तहसीलदार राजनांदगॉव सहित हल्का पटवारी की लिखित शिकायत कलेक्टर राजनांदगॉव सहित शासन को आज करेगी, यदि इस प्रकरण में त्वरित सुनवाई नहीं हुई तो वे हाईकोर्ट में प्रकरण लगायेगी।

# एनबीआईएस में उच्च स्तरीय बास्केटबाल एवं बैडमिंटन कोर्ट तैयार



**बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिये तत्पर**

राजनांदगांव (दावा)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल, बोरी विगत नौ वर्षो से शिक्षा के क्षेत्र में नये किर्तिमान स्थापित करती आ रही है। शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी अपने पच्चीस साल के शैक्षिक अनुभव को ध्यान में रखते हुए, हर वह संभव प्रयास कर रहे है जिसमें बच्चों का सर्वांगीण विकास निहित है। शैक्षिक गतिविधि के अलावा शारीरिक व मानसिक रूप से बच्चों को सुदृढ़ बनाने हेतु शाला द्वारा कार्य किया जा रहा है। शारीरिक गतिविधि हेतु शाला में विशेष फिजिकल ट्रेनर की नियुक्ति की गयी है। शाला में विभिन्न प्रकार के खेलों के साथ सर्वसुविधा युक्त बैडमिंटन कोर्ट, टेबल टेनिस कोर्ट, बास्केटबॉल कोर्ट, व्हालीबाल, क्रिकेट पिच (सभी दो,दो) तैयार है। इस वर्ष गर्मी की छुट्टियों में शाला के बच्चों के लिए निःशुल्क स्वीमिंग कक्षाओं का आयोजन किया गया, जिसमें 200 बच्चों ने स्वीमिंग करना सीखा। लगातार दो माह तक स्वीमिंग कक्षाएं चलायीं गयी। स्वीमिंग हमारे संपूर्ण शरीर के लिए लाभदायक व्यायाम है, जो हमें मानसिक रूप से भी स्वस्थ रखती है। क्रिकेट, बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस जैसे खेलों में शाला के बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व कर शाला को गौरवान्वित किया है। इस वर्ष से शाला में फिजिक्स वाला की कक्षाओं का नियमित संचालन किया जा रहा है। जिसमें कक्षा आठवीं से बारहवीं तक के छात्र फाउंडेशन, नीट एवं जे.ई.ई. की तैयारी भिलाई पी.डब्लू के एक्सपर्ट के मार्गदर्शन में ऑफ लाइन कर रहे हैं।

# आजादी के बाद पहली बार पहुंचे जनप्रतिनिधि छिंदराव



**जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने 2 कि.मी. पगडंडी के रास्ते पहुंचे गांव**

छुरिया (दावा)। विकासखंड के ग्राम पंचायत रानामटिया के आश्रित ग्राम छिंदराव के ग्रामीण आजादी के बाद ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों को छोड़ कोई भी जनप्रतिनिधि इस गांव में नहीं पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि विकास के नाम पर सिर्फ एक सोलर पानी टंकी, आंगनबाड़ी,100 मीटर सीसी रोड ही बना है।

छिंदराव के ग्रामीणों ने जनपद पंचायत छुरिया के अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा को अपने गांव आने का जनपद सदस्य श्रीमती जैमून बाई कंवर के माध्यम से निवेदन किया था। निवेदन को स्वीकार कर श्री सिन्हा और जनपद सदस्य जैमुन बाई कंवर ने ग्राम छिंदराव कि ओर निकल पड़े, ग्रामीणों ने पथरा नवागांव के आगे चौक पर इकठ्ठा होकर मौजूद रहे, अध्यक्ष और सदस्य से मुलाकात कर खुश हुए, फिर वहा से दाएं ओर पगडंडी के रास्ते ग्रामीणों के साथ पैदल गांव पहुंचे, ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के दिनों में यदि अचानक किसी की तबियत खराब हो जाए तो उसे चारपाई में लेटाकर सड़क तक लाना पड़ता है तब एंबुलेंस उपलब्ध हो पाता है, इस ग्राम में पंद्रह से बीस आदिवासी परिवार निवासरत है, गांव में आवागमन के साधन नहीं होने से जवान बेटा बेटियों के विवाह करने में भी दिक्कत आने की बात बताई। ग्रामीणों ने सनबोरा जलाशय के निचले हिस्से में रोड निर्माण कराने की बात कही किंतु बांध के निचले हिस्से में वन विभाग की जमीन है मौके से श्री सिन्हा ने खुज्जी रेंजर भंडारी से बात कर वनमार्ग के रूप में व्यवस्थित करने को कहा है।

श्री भंडारी ने उक्त मार्ग को वन मार्ग में परिवर्तित करने के कुछ नियम बताया है, उस पर नियमानुसार आगे की कार्यवाही करने के लिए सरपंच रानामटिया को आवश्यक दस्तावेज तैयार करने को कहा गया है। इस अवसर पर गोपीराम अंधिया सरपंच रानामटिया, भीषम शोरी सरपंच बोईरडीह सहित ग्रामीणजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# रेत माफिया ने चलाई गोली... 3 ग्रामीण घायल : अवैध खनन रोकने को लेकर मोहड़ में विवाद, इलाके में तनाव



राजनांदगांव (दावा)। शहर से लगे ग्रामीण वार्ड क्र. 49 मोहड में रेत चोरी को लेकर देर शाम मामला काफी गरमाया रहा। बताया जा रहा है कि गांव में देशी कट्टा निकल गई और फायर भी कर दिया गया। शहर में पहली बार हुई इस तरह की घटना गांव वाले और भी बौखलाए हुए हैं। रेत चोरी करने वालों के खिलाफ ग्रामवासियों का पारा के चढ़ा हुआ है। बताया जाता है कि गांव के लोगों को शिवनाथ नदी से अवैध रेत उत्खनन की जानकारी मिलते ही रेत चोरी करने वाले लोगों को घेर लिया गया और उन्हें सजा देने के लिए उद्यत हो गए थे इस दौरान जेसीबी के माध्यम से अवैध रेत उत्खनन करने वाले ठेकेदार ने अपने पास रखें कट्टे से गोली चला दी जो लोगों की भीड़ में खड़े गांव के युवक रोशन मंडावी पिता बेनूराम उम्र 22 वर्ष के गले को छूते हुए निकल गई। इससे उसके गले में चोट आई है। उक्त व्यक्ति को उपचार हेतु हास्पीटल ले जाया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को शिवनाथ नदी से अवैध रूप से रेत चोरी करने के लिए छह-सात लोग बाहर से आए हुए थे। जिन्हें गांव वालों द्वारा पकड़ लिया गया। वहीं जेसीबी मशीन भी जब्त कर ली है। घटना की जानकारी मिलते ही बसंतपुर टीआई एमन साहू दल-बल के साथ वहां पहुंच गये और उन लोगों को हिरासत में लिया, लेकिन गांव वालों ने पुलिस की गाड़ी रोक दी। उनका कहना था कि ये रेत चोरी करने वाले गांव में आकर इस प्रकार से हिम्मत की है, इसलिए इन्हें सजा गांव वाले ही देंगे।

### पार्षद संजय रजक पर रेत माफिया के साथ संलिप्तता का लगा आरोप

बुधवार देर शाम मोहड़ वार्ड में हुए उक्त बवाल में गांव वालों का सीधा आरोप है कि वार्ड पार्षद संजय कुमार रजक ने रेत चोरी करने वालों को बुलाया है। इनकी ही शह से रेत माफिया नदी से जेसीबी मशीन के माध्यम से रेत निकाल रहे हैं। पकड़े जाने पर सरगना द्वारा कट्टा निकालकर फायर कर दिया गया। जिससे लोग और भी भड़क गए। ग्रामीणों ने बताया कि रात के अंधेरे में कुछ लोग लगातार रेत चुरा रहे थे। इसके पीछे एक स्थानीय पार्षद और खनिज विभाग का हाथ बताया जा रहा है।

इधर पार्षद संजय का कहना है कि वे वस्तुस्थिति से परिचित होने गांव के वरिष्ठ व्यक्ति लालाराम साहू को मौके पर लेकर गये थे जिनके द्वारा समझाईश दी जा रही थी, लेकिन भीड़ काफी उग्र हो गई। बताया जाता है कि पार्षद सहित रेत चोरी करने वालों को पुलिस ने थाने लाकर बिठा लिया गया है। घटना के चलते गांव में बवाल होने की जानकारी मिलते ही महापौर मधुसूदन यादव भी घटना स्थल पर पहुंचे हुए थे। इसके अलावा एसडीएम, तहसीलदार भी वहां पहुंचे होने की जानकारी मिली है। फिलहाल गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। गांव के व्यक्ति जुम्मन लाल चंद्राकर ने बताया कि रेत माफियां गांव के लोगों को गोली मारकर भाग जाते हैं। ऐसा थोड़ी चलेगा। गांव के लोग कसार गार्डन में घुमाने-फिरने जाते हैं, इस पर उन्हें पता चला। इसी तरह किसान नेता मदन साहू ने बताया कि रेत माफियां द्वारा नदी से रेत निकाल रहे थे। मना करने गए तो गोली चला दी है। गोली चलने से चार लोगों को चोटें आई हैं।

> मोहड़ पहुंचे एडिशनल एसपी राहुल देव शर्मा ने बताया कि घायल लोगों को इलाज के लिए भेजा गया है और मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल गांव में भारी पुलिस बल तैनात है।
>
> **- राहुल देव शर्मा एएसपी**

# राशन दुकानों में बायोमेट्रिक मशीनें बंद, ओटीपी बताने के बाद ही मिलेगा चांवल, भटक रहे हितग्राही

**0 तीन माह का एकमुस्त राशन उठाने में हो रही परेशानी**

**0 वृद्ध-श्रमिक हितग्राहियों के पास फोन नहीं, आधार केंद्रों में भी नंबर लिंक कराने को जुट रही भीड़**



राजनांदगांव (दावा)। शासन की महती योजना तीन माह का चावल एकमुश्त देने की योजना पर पानी फिर रहा है। शहर के राशन दुकानों में लगी बायोमेट्रिक्स मशीनें बंद हो गई हैं। राशन लेने के लिए मोबाइल पर आने वाला वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) ही एकमात्र उपाय रह गया है। बगैर ओटीपी राशन नहीं दिया जा रहा है, लेकिन इस व्यवस्था ने हितग्राहियों को परेशान कर दिया है। बड़ी संख्या में ऐसे राशन कार्डधारी हैं, जिनके पास मोबाइल फोन ही नहीं हैं। इसमें खासकर वृद्धा और श्रमिक वर्ग की महिलाएं शामिल हैं। वहीं कई हितग्राहियों के फोन नंबर आधार पर लिंक नहीं हैं। कुछ के तो मोबाइल नंबर ही बदल गए हैं। ऐसी स्थिति में इन हितग्राहियों को राशन नहीं दिया जा रहा है। दुकान संचालक बायोमेट्रिक्स पद्धति से थंब इंप्रेशन लेने से मनाकर रहे। पक्ष है कि मशीन का सर्वर काम नहीं कर रहा। हितग्राहियों को सीधे तौर पर लौटाया जा रहा। दूसरे किसी विकल्प की जानकारी तक नहीं दे रहे। लगभग सभी दुकानों में लगी बायोमेट्रिक्स मशीनें बंद हो गई हैं। अब राशन लेने ऐसे हितग्राहियों को नई चुनौती का सामना करना पड़ रहा। बताया जा रहा है कि कई हितग्राहियों ने नया मोबाइल खरीदा, जिसका नंबर आधार से लिंक कराने निगम में पहुंचे हैं। अभी तक नंबर लिंक नहीं हुआ है।

पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने दिलाया 10 किलो चांवल

बसंतपुर वार्ड के हितग्राही अरुण सनिक ने बताया कि उनका मोबाइल नंबर बदल गया है। इसलिए ओटीपी नहीं आ रहा। 28 मई को चांवल खत्म हो गया। उन्होंने निजी दुकान से 5 किलो चांवल खरीदा। अब ओटीपी बिना चांवल मिलने से परेशान भटक रहे थे। पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने परिवार के लिए 10 किलो चावल की व्यवस्था कराई है।

### पार्षद-नेताओं से मिन्नतें कर रहे हितग्राही, राहत नहीं

राशन दुकान से लौटाए जा रहे हितग्राही अपनी समस्या को लेकर पार्षद और नेताओं के पास पहुंच रहे। उनसे चांवल दिलाने की मिन्नतें कर रहे। रोजाना पार्षद, पूर्व पार्षद और स्थानीय नेता राशन दुकानों में भी पहुंच रहे लेकिन संचालक उन्हें खाद्य विभाग के आदेश का हवाला देकर लौटा रहे। इसके चलते हितग्राहियों को राहत नहीं मिल रही। स्थिति यह है कि स्थानीय नेता प्रशासन को शिकायत कर व्यवस्था में सुधार करने की मांग कर रहे, फिर भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।

### जून में एक साथ तीन महीने का दिया जाना है राशन

शासन के इस आदेश के बाद अपना मोबाइल नंबर आधार से लिंक कराने के लिए भीड़ उमड़ रही है। नगर निगम, कलेक्ट्रेट और दूसरे जगहों के आधार केंद्रों में रोजाना बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन हो रहे हैं लेकिन यहां भी नंबर लिंक होने में समय लग रहा है। अचानक ऐसे आदेश के बाद आधार केंद्रों में लोगों से तीन से चार गुना भीड़ पहुंचने लगी है। राज्य सरकार ने जून में एक साथ तीन महीने का राशन देने का आदेश दिया है।

### पूर्व पार्षद ने उठाई मांग सरलीकरण करना जरूरी

इधर कांग्रेस के पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने राशन वितरण की व्यवस्था में सरलीकरण की मांग की है। उन्होंने इसके लिए प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। शास्त्री ने बताया कि ग्रामीण और श्रमिक वार्ड के लोगों को अधिक परेशानी हो रही है। वयोवृद्ध हितग्राही राशन के लिए भटक रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में प्रशासन को संवेदनशीलता दिखाने की जरूरत है।

# जिला चिकित्सालय को दो फिट उठाए जाने का काम जारी, ऊपर शिफ्टिंग किए जा रहे वार्ड एवं कक्ष



फिर भी बारिश में अस्पताल परिसर में रहेगी जलमग्न की स्थिति, अस्पताल स्टाफ द्वारा आंदोलन किए जाने की तैयारी

राजनांदगांव (दावा)। शहर का बसंतपुर स्थित जिला चिकित्सालय हर साल बारिश के दिनों में जलमग्न हो जाता है। इससे अस्पताल कक्षों व वार्डो में जहरीले जीव-जंतु तैरने लगते हैं। दीवारों में करंट भी आ जाता है। इससे मरीजों से लेकर उनके परिजनों व डाक्टरों सहित नर्से व अस्पताल स्टॉफ के लोगों को खासी परेशानी झेलनी पड़ती है।

बता दें कि बारिश के दिनों में हर साल जिला चिकित्सालय में पानी भरने की मुख्य वजह इसके सामने में बहने वाला बड़ा नाला है। यह नाला हमेशा कचरा-गंदगी से भरा रहता है। नाले के प्रायः चोक रहने से इसका कचरे-गंदगी से भरा बदबूदार पानी अस्पताल परिसर में पसर जाता है व सीधे अस्पताल में घुस जाता है जिससे लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### दो फीट ऊंचा उठाया जा रहा हास्पीटल

बता दें कि सिविल सर्जन डॉ के के जैन के समय बारिश के दिनों में उक्त परेशानी को देखते हुए लाखों-करोड़ों खर्च कर हास्पीटल को एक फीट ऊपर उठाया गया। समूचे अस्पताल का जीर्णोद्धार कर चकाचक सजाया गया लेकिन उक्त हास्पीटल में लाखों-करोड़ों खर्च करना कोई काम नहीं आया। बारिश के दिनों में अस्पताल में फिर से भर जा रहा है। अब उक्त हास्पीटल को फिर से लाखों-करोड़ों का बजट बना कर दो फीट के करीब उंचा उठाया जा रहा है। ऊंचा उठाए जाने के कार्य के चलते नीचे के वार्डो व डाक्टरों के कक्ष, सोनोग्राफी कक्ष, डीजीटल एक्स-रे कक्ष आदि को ऊपर के माले में शिफ्ट किया जा रहा है।

### नगर निगम का इस ओर ध्यान नहीं

अस्पताल स्टाफ के लोगों का कहना है कि इतना खर्च करने के बाद भी हास्पीटल परिसर में बारिश का पानी भरेगा ही। इससे छुटकारा के लिए न तो अस्पताल प्रबंधन द्वारा व्यवस्था की जा रही है और न तो नगर निगम का इस परेशानी की ओर ध्यान दिया जा रहा है। अस्पताल परिसर कालोनी में रहने वाले डाक्टरों ने बताया कि बारिश के दिनों में उनके घर के सामने नाले का गंदा पानी भरे होंने की वजह से उन्हें हास्पीटल जाने के लिए निकलना मुश्किल हो जाता है। हालांकि हासपीटल को दो- ढाई फीट उंचा उठाए जाने का काम जारी है लेकिन हास्पीटल परिसर में बारिश का पानी भरने की मुख्य वजह के संदर्भ में कोई इंतजाम नहीं किया जा रहा। इससे बारिश में फिर से वही परेशानी भरी स्थिति से उन्हें सामना करना पड़ेगा है। अस्पताल स्टाफ के लोगो का कहना है कि लाखों-करोड़ों खर्च करने के बाद अस्पताल परिसर में बारिश का व नाले का गंदा पानी भरता है तो वे सभी उक्त जलमग्न परिसर में खड़े हो प्रबंधन के खिलाफ आंदोलन करने बाध्य हो जाएंगे।

### नाले के लिए साढ़े तीन करोड़ का प्रावधान

बताते चलें कि पिछले दिनों हुए निगम की सामान्य सभा में बसंतपुर जिला चिकित्सालय के आसपास बहने वाले नालों को चौड़ा व गहरा करने के लिए साढ़े 3 करोड़ का प्रावधान किया गया है। लेकिन इसकी न तो निविदा निकाल पाई है और न बारिश के पूर्व इसके प्राथमिक स्तर का काम चालू हो पाया है। इससे इस बारिश में जिला चिकित्सालय में फिर से जलमग्न की स्थिति निर्मित होने वाली है। वहीं दूसरी ओर इस स्थिति से बचने जिला चिकित्सालय को लाखों करोड़ खर्च कर इसे उंचा उठाए जाने का कार्य किया जा रहा है।

अस्पताल स्टॉफ के लोगों का कहना है कि अस्पताल को ऊंचा उठाने से पहले अस्पताल के आसपास के ड्रेनेज सिस्टम को सही करने की दिशा में ध्यान देने की जरूरत है। नहीं तो बारिश में अस्पताल परिसर में आसपास के नालों का गंदा व बदबूदार पानी भरने पर वे उसी गंदे पानी से खड़े होकर आंदोलन करने बाध्य हों जाएंगे।

**आवश्यकता है**

प्रेस में रात्रिकालीन चौकीदार की आवश्यकता है।
*अनुभवी व्यक्ति ही संपर्क करें।*

-: संपर्क :-
दैनिक दावा कार्यालय
बल्देव बाग, राजनांदगांव
मो.- 93004-14726

# बसंतपुर पुलिस ने म्यूल अकाउंट खाताधारकों किया गिरफ्तार



एक खाता धारक भी पुलिस के हत्थे चढ़ा

राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने म्यूल एकाउंट खाताधारकों को गिरफ्तार किया है। वहीं म्यूल एकाउंट से संबंधित एक अन्य खाता धारक को भी हिरासत में लिया है।

बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि उक्त खाताधारक अपने बैंक खाता को किराये पर देने, कमीशन पर देने और बेचने का काम करते हैं। जिससे सायबर ठग गिरोह के एजेंट कमीशन में लेकर दूर देशों में बैठे सायबर ठग, गेमिग एप्प, गेम्बलिंग एप्प, फर्जी ट्रेडिंग एप्प एवं विभिन्न प्रकार के सायबर ठगी का काम कर करोड़ों रूपये लोगों से ठगते हैं। उन्होंने बताया कि अब म्यूल एकाउट प्रोवाईडर के साथ-साथ खाता धारकों पर भी कार्यवाही की जाएगी।

श्री साहू द्वारा आरोपी का नाम तौहिद खान पिता हफीज खान उम्र 25 साल निवासी तुमडीबोड़ बताया गया है। उन्होंने आगे बताया कि पुलिस मुख्यालय रायपुर का ईमेल आईडी से प्राप्त ईमेल के अवलोकन पर पाया कि एक्सीस बैंक के खाता धारकों के द्वारा छल पूर्वक एवं सायबर अपराध से प्राप्त धोखाधड़ी से प्राप्त कुल धनराशि 7.77,599.00 रूपये को छुपाने एवं उपयोग किया गया है। रिपोर्ट पर अपराध धारा 317(2), 317(4), 317(5), 111, 3(5) बीएनएस का अपराध घटित होने पर प्रथम दृष्टया अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया। प्रकरण के विवेचना के दौरान जानकारी प्राप्त हुआ कि आरोपी तौहिद खान द्वारा खाता से उक्त ठगी रकम उसके खाता में ट्रांसफर हुआ है। सूचना पर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जो जुर्म करना स्वीकार किया गया। आरोपी के विरूद्ध अपराध सबूत पाये जाने से विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में पेश किया गया। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के दौरान पाए गये तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर छत्तीसगढ़ के अलावा विभिन्न राज्यों में सक्रिय म्यूल एकाउंट प्रोव्हाईड करने वाले गिरोह की पतासाजी की जा रही है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक श्री साहू सहित उप निरीक्षक नरेश सार्वा, आरक्षक प्रवीण मेश्राम, कुश बघेल, आशीष मानिकपुरी एवं अन्य स्टाफ की अहम भूमिका रही।

# चौपाटी के पास हुडदंग करने वालों को पुलिस ने धर दबोचा



राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में हो-हल्ला व हुड़दंग करने वाले आरोपियों को धर दबोचा है और उन्हें एसडीएम के समक्ष पेश किया गया है। बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि पुलिस के द्वारा आपराधिक व असमाजिक तत्वों पर कार्यवाही किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार 11 जून को दो अनावेदक प्रवीण पिता गणेश देवांगन उम्र 23 साल व धनंजय पिता पंचराम साहू उम्र 18 साल दोनों निवासी इंदिरा नगर के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओ के तहत् कार्यवाही कर एसडीएम न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

मामले की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया थाने को मोबाईल के माध्यम से सूचना प्राप्त हुआ कि कुछ आसाजिक तत्वों के द्वारा रानीसागर चौपाटी के पास हो हुडदंग करे रहे है। जिसे वहां पर उपस्थित लोगों के द्वारा समझाईश दिया गया। किन्तु वे लोग नहीं मान रहे है। सूचना प्राप्त होते ही उनके स्वयं के नेतृत्व में क्षेत्र में परिशांति कायम रखने हेतु आवश्यक कार्यवाही हेतु टीम को रवाना किया गया। उपरोक्त अनावेदकगणों द्वारा पुलिस को आते देखकर और भी आक्रोशित होकर हो हुल्लड करने लगे। अतः उनके विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओ के तहत् कार्यवाही कर अनावेदकगणो को गिरफ्तार करन्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# महापौर मधुसूदन यादव आज वार्ड नं. 22 एवं 45 में विकास कार्यो के लिए करेंगे भूमिपूजन



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम द्वारा शासन स्वीकृति अनुसार वार्डो में विभिन्न विकास कार्य कराए जाते है। इसी कड़ी में वार्ड नं. 22 व 45 में स्वीकृत कार्य के तहत सीमेंट कांक्रिटींग रोड निर्माण तथा सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 12 जून को महापौर मधुसूदन यादव भूमिपूजन करेंगे। विकास कार्य के तहत वार्ड नं. 45 में विकास कार्य कराने दोपहर 12 बजे अटल आवास के पास सामुदायिक भवन एवं जीवन कालोनी में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए महापौर मधुसूदन यादव द्वारा भूमपूजन किया जाएगा। इसी कड़ी में वार्ड नं. 22 के लिए स्वीकृत कार्यो में सीमेंट कांकिटींग रोड निर्माण तथा अनुपम नगर उद्यान में व नीलगिरी पार्क में शिव मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण के लिए वार्डवासियों की उपस्थिति में दोपहर 12:30 बजे अनुपम वाटिका अनुपम नगर में भूमिपूजन करेंगे।




# छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग के पांचवे दिन का दूसरा मैच राजनांदगांव पैंथर्स ने जीता



संजित देसाई बने प्लेयर ऑफ द मैच

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग (सी.सी.पी.एल.) के द्वितीय संस्करण का आयोजन 6 से 15 जून तक शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय किकेट स्टेडियम नवा रायपुर में किया जा रहा है। आज का दूसरा मैच राजनांदगांव पैंथर्स तथा सरगुजा टायगर्स के मध्य खेला गया। राजनांदगांव पैंथर्स ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय किया। बारीश की वजह से मैच 9-9 ओवरों का खेला गया।

सरगुजा टायगर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 9 ओवरों में 7 विकेट खोकर 119 रन बनाये। सरगुजा टायगर्स की ओर से सानिध्य हुरकत ने 21 गेंदों में 48 रनों की पारी खेली। उनके अतिरिक्त हर्ष यादव ने 22 रन तथा आशुतोष सिंह ने 19 रनों का योगदान दिया। राजनांदगांव पैंथर्स की ओर से ऐश्वर्य मार्या ने 3 विकेट प्राप्त किये। 120 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजनांदगांव पैंथर्स ने केवल 8 ओवरों में 2 विकेट के नुकसान पर 120 रन बनाकर मैच 8 विकेट से जीत लिया। राजनांदगांव पैथर्स की ओर से संजित देसाई ने 28 गेंदों में 68 रनों की नाबाद पारी खेली। कप्तान अजय मंडल ने शानदार 31 रन बनाये। सरगुजा टायगर्स की ओर से स्नेहिल चडडा तथा धनंजय नायक ने 1-1 विकेट लिये।

### राजनांदगांव पैंथर्स की टीम सेमीफाइनल में

राजनांदगांव पैंथर्स की टीम ने अपने लगातार तीन लीग मैच जीतकर सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया है। सेमीफाइनल मैच 14 जून शनिवार को खेला जाएगा। राजनांदगांव पैंथर्स का अगला मुकाबला पिछले सीजन वन की उपविजेता टीम ख्याति प्राप्त शशांक सिंह की कप्तानी वाली टीम बिलासपुर बुल्स से आज रात्रि 7:30 बजे से खेला जाएगा।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com